You Tube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-15 ❒ अंक-20 ❒ मंगलवार, 17 फरवरी 2026 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12



जब कार्यपालिका और लेखा परीक्षा संस्थानों के बीच समन्वय होता है, तब शासन प्रणाली में जवाबदेही की रूपरेखा का प्रभाव और मूल्यवर्धन होता है। लेखा परीक्षा और कार्यपालिका के बीच प्रभावी साझेदारी से सार्वजनिक व्यय की दक्षता बढ़ती है और वांछित परिणामों में सहायता मिलती है। द्रौपदी मुर्मु

स्वयंसेवकों की गुरुदक्षिणा दान नहीं, उनकी भक्ति है : संघ 11

नेहरू प्लेस में 6 मंजिला मल्टी लेवल पार्किंग का उद्घाटन 12

## संक्षेप

### सीबीएसई कक्षा 10वीं की पहली बोर्ड परीक्षा में शामिल होना अनिवार्य

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने सोमवार को स्पष्ट किया कि 10वीं कक्षा के छात्रों के लिए पहली बोर्ड परीक्षा में उपस्थित होना अनिवार्य है। सीबीएसई की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार यदि कोई छात्र किसी कारणवश प्रथम परीक्षा में तीन या उससे अधिक विषयों में शामिल नहीं होता है, तो उसे द्वितीय बोर्ड परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी। ऐसे विद्यार्थियों को ''अनिवार्य पुनरावृति'' श्रेणी में रखा जाएगा और वे अगले वर्ष मुख्य परीक्षा (फरवरी) में ही सम्मिलित हो सकेंगे। उन्होंने बताया कि प्रथम परीक्षा में उत्तीर्ण और पात्र छात्र विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान और भाषाओं में से अधिकतम तीन मुख्य विषयों में अपने प्रदर्शन में सुधार के लिए द्वितीय परीक्षा में बैठ सकते हैं। जिन विद्यार्थियों का परिणाम प्रथम परीक्षा में 'कम्पार्टमेंट' आता है, उन्हें द्वितीय परीक्षा में कम्पार्टमेंट श्रेणी के अंतर्गत बैठने की अनुमति दी जाएगी। उन्होंने कहा कि यह अधिसूचना परीक्षा प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और सुव्यवस्थित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

### दिल्ली की अदालत ने लालू, राबड़ी के खिलाफ औपचारिक रूप से आरोप तय किए

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद और उनकी पत्नी राबड़ी देवी के खिलाफ जमीन के बदले नौकरी 'घोटाले' के सिलसिले में सोमवार को औपचारिक रूप से आरोप तय किए। विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने कहा, आरोपी संख्या 1 (लालू प्रसाद) और आरोपी संख्या 2 (राबड़ी देवी) के खिलाफ आरोप तय किये जाते हैं, हालांकि उन्होंने खुद को निर्दोष बताया है और मुकदमे का सामना करने की बात कही है।

### भदोही व शाहजहांपुर में राज्य विवि खोलने का विधेयक पास

लखनऊ। विधानसभा में सोमवार को भदोही और शाहजहांपुर में राज्य विश्वविद्यालय खोलने का विधेयक पास हुआ। उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने दोनों विधेयक पेश किए। उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2026 तथा उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2026 पास हुए हैं। उन्होंने बताया कि ज्ञानपुर भदोही स्थित काशी नरेश स्नातकोत्तर महाविद्यालय को विश्वविद्यालय के रूप में विकसित किया जाएगा। इससे आसपास के 23 डिग्री कॉलेज संबद्ध होंगे। शाहजहांपुर स्थित मुमुक्षु आश्रम ट्रस्ट की शैक्षिक इकाइयों को उच्चीकृत कर स्वामी सुखदेवानंद विश्वविद्यालय की स्थापना होगी। ट्रस्ट द्वारा एमओयू करके अपनी संपत्तियां विश्वविद्यालय के लिए दी हैं।

# आंगनबाड़ी और आशा वर्करों का मानदेय बढ़ाएंगे : योगी


## विधान परिषद में बोले मुख्यमंत्री, कहा शिक्षामित्रों व अनुदेशकों की भी सरकार को चिंता

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि आंगनबाड़ी और आशा वर्करों का मानदेय बढ़ाया जाएगा। एक करोड़ छह लाख निराश्रित, वृद्धावस्था व दिव्यांगजनों की सामाजिक पेंशन भी बढ़ेगी। मुख्यमंत्री ने ये बातें सोमवार को विधान परिषद में राज्यपाल के अभिभाषण पर पेश हुए धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलते हुए कहीं।

प्रदेश में करीब 1 लाख 89 हजार 836 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हैं और एक लाख 68 हजार आशा वर्कर हैं। मुख्यमंत्री ने करीब एक घंटा 33 मिनट के अपने संबोधन में न केवल अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाई, बल्कि 2017 से पहले की स्थिति से उसकी तुलना भी की। उन्होंने सपा और कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। मुख्यमंत्री के भाषण के बाद बहुमत के आधार पर धन्यवाद प्रस्ताव पारित हो गया। उन्होंने कहा कि राज्यपाल प्रदेश का संवैधानिक प्रमुख होता है। इसके बावजूद राज्यपाल के प्रति विपक्ष द्वारा अभद्र व्यवहार किया गया। सदन में राज्यपाल के प्रति अभद्र और अशिष्ट व्यवहार करने पर विपक्ष को जमकर लताड़ लगाई। उन्होंने कहा कि पिछले नौ वर्ष में प्रदेश ने एक अपनी यात्रा तय की है। यह यात्रा अपराध और अव्यवस्था से अनुशासन, कर्फ्यू से कानून के राज, उपद्रव से उत्सव की यात्रा, समस्या से समाधान और अविश्वास से आत्मविश्वास

- ❒ बोले पांच लाख तक कैशलैस इलाज की दी सुविधा, एक अप्रैल से मिलने लगेगा लाभ
- ❒ तीन नई पीएसी बटालियन के गठन के लिए हो रहा कार्य, स्मार्ट हुई पुलिसिंग
- ❒ राज्यपाल के प्रति अभद्र व्यवहार को लेकर विपक्ष पर किया करारा प्रहार



की यात्रा है। इस यात्रा को देश और दुनिया स्वीकार करती है। वे कहते हैं कि उत्तर प्रदेश में बदलाव आया है। यह अधिकार प्रदेश की 25 करोड़ जनता को पहले ही मिलना चाहिए था लेकिन अपने संकुचित एजेंडे को लेकर चलने वाली सरकारों ने प्रदेश के भविष्य और जनता जनार्दन के साथ खिलवाड़ किया। उनके सामने पहचान का संकट खड़ा किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश को अराजकता, अव्यवस्था, अपराध का एक गढ़ बना दिया। इस दौरान कर्फ्यू यहां की पहचान बन गई थी। वहीं डबल इंजन सरकार की स्पष्ट नीति, साफ नीयत, सुशासन के प्रति प्रतिबद्धता से आज उत्तर प्रदेश ने बॉटलनेक से देश की अर्थव्यवस्था का ब्रेकथ्रॉट बनाने में सफलता प्राप्त की है। शिक्षामित्रों-अनुदेशकों के लिए भी काम कर रही सरकार उन्होंने कहा कि शिक्षामित्रों, अनुदेशकों के लिए भी सरकार काम कर रही है। शिक्षक चाहे बेसिक के हों, माध्यमिक या उच्च शिक्षा के, इसके अलावा शिक्षणेत्तर कर्मचारियों, रसोइयों को भी पांच लाख रुपये तक कैशलेस इलाज की सुविधा प्रदान की गई है। एक अप्रैल से इसका लाभ भी मिलने लगेगा। फियर से फ़ेथ जोन में बदला यूपी मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में सत्ता के संरक्षण में पल रहे गुंडे और माफिया समानांतर सरकार चलाते थे। वन डिस्ट्रिक्ट वन माफिया जैसी स्थिति ने प्रदेश को झकझोर कर रख दिया था। पुलिस का मनोबल टूटा हुआ था। न बेटियां सुरक्षित थीं और न व्यापारी। वहीं वर्ष 2017 के बाद यही उपद्रवग्रस्त उत्तर प्रदेश आज उत्सव प्रदेश में बदल चुका है। अब राज्य में कानून का राज स्थापित हुआ है। विकास की पहली शर्त 'रूल ऑफ लॉ' है और इसी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सरकार ने मजबूती से काम किया। सुदृढ़ कानून-व्यवस्था से उत्तर प्रदेश अब ''फियर जोन'' से ''फ़ेथ जोन'' में परिवर्तित हो गया है। अब यहां भय का नहीं बल्कि आस्था का वातावरण है। कर्फ्यू कल्चर की जगह जीरो टॉलरेंस कल्चर ने नई पहचान दी है। दंगों की जगह अब फ़ेस्टिव और टेंपल टेक्नोलॉजी इकोनॉमी तेजी से विकसित हो रही है। 2017 ● शेष पेज 11 पर

### पहली की सरकारों का विकास परिवारवादी था

मुख्यमंत्री योगी ने पीडीए की चर्चा करते हुए कहा कि पहली की सरकारों का विकास परिवारवादी था। उन्होंने जेपीएनआईसी का उदाहरण देते हुए विपक्ष पर निशाना साधा और कहा कि यह 800 करोड़ खर्च हो गए वह फिर भी अधूरा है। हमने जेपी के जन्मभूमि पर अस्पताल बनवाया।1400 करोड़ खर्च हो गए, फिर भी गोमती रिवर फ्रंट का प्रोजक्ट अधूरा है, यह महज 300 करोड़ का प्रोजेक्ट था। जय प्रकाश नारायण और लोहिया के नाम पर सिर्फ राजनीति करते हैं।

# एयरो इंजनों के विकास के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे : राजनाथ



एजेंसी

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने तेजी से बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य में एयरो इंजन प्रौद्योगिकी में आत्मनिर्भरता को बेहद जरूरी बताते हुए कहा है कि देश में एयरो इंजनों के विकास को प्राथमिकता देने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। श्री सिंह ने सोमवार को बेंगलुरु स्थित रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के गैस टरबाइन अनुसंधान प्रतिष्ठान (जीटीआरई) का दौरा किया और स्वदेशी सैन्य गैस टरबाइन इंजन विकास से सम्बंधित परियोजनाओं की स्थिति की समीक्षा की। उन्हें प्रतिष्ठान की निर्माणाधीन परियोजनाओं, भारतीय उद्योग, शिक्षा जगत और अनुसंधान एवं विकास संस्थानों के साथ हुए संवाद और रक्षा बलों को प्रदान किए जा रहे समर्थन के बारे में जानकारी भी दी गई। उन्होंने विभिन्न स्वदेशी इंजनों और उनके पुर्जों की प्रदर्शनी का भी दौरा किया और कावेरी इंजन के पूर्ण आफ्टरबर्नर परीक्षण को देखा।

रक्षा मंत्री ने वैज्ञानिकों और अधिकारियों से बातचीत करते हुए आत्मनिर्भरता से राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करने के प्रयासों के लिए जीटीआरई की सराहना की और डीआरडीओ को देश की रणनीतिक क्षमता का आधार बताया। उन्होंने तेजी से बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य में एयरो इंजन प्रौद्योगिकी में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के महत्व पर बल दिया और कहा कि देश में एयरो इंजनों के विकास को प्राथमिकता देने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आपूर्ति श्रृंखलाओं में परिवर्तन आ रहा हैं और नए इकोसिस्टम विकसित हो रहे हैं। स्वदेशी महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों वाले राष्ट्र सुरक्षित, संरक्षित और आत्मनिर्भर बने रहेंगे। उन्होंने सरकार की प्रत्येक क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने की प्रतिबद्धता को दोहराया। जीटीआरई के ● शेष पेज 11 पर

# यूपी में 90 लाख मतदाताओं की नोटिस पर हो चुकी सुनवाई

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। यूपी में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत अभी तक कुल 3.26 करोड़ में से 3.23 करोड़ मतदाताओं को नोटिस जारी की जा चुकी है। जिसमें से बीएलओ 1.58 करोड़ मतदाताओं के घर नोटिस पहुंचा चुके हैं और अभी तक 90 लाख वोटरों की नोटिस पर सुनवाई हो चुकी है। नोटिस पर सुनवाई के लिए 13161 अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) कार्यालय की ओर से सोमवार को जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार अभी तक 28 प्रतिशत नोटिसों की सुनवाई की गई है। प्रदेश में 1.04 करोड़ मतदाता ऐसे हैं, जिनका मिलान वर्ष 2003 की मतदाता सूची से नहीं हुआ है।

वहीं 2.22 करोड़ मतदाता तार्किक विसंगति वाले हैं। मतदाताओं की मदद के लिए उनके घर के नजदीक ही सुनवाई केंद्र बनाए जाने, मतदाता की जगह नोटिस पर दस्तावेज लेकर ● शेष पेज 11 पर



### 6 डीएम व 46 ईआरओ का प्रशिक्षण आज

मतदाता सूची के एसआईआर की प्रक्रिया की ट्रेनिंग 6 डीएम व 46 निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (ईआरओ) को मंगलवार को दी जाएगी। राजधानी में उप्र प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमी (उपाम) में प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण में चित्रकूट, बलरामपुर, बस्ती, हाथरस, श्रावस्ती व कौशांबी के डीएम शामिल होंगे। यह वह अधिकारी हैं जिनकी नई तैनाती हुई है। पहले चुनाव आयोग ने जून व सितंबर 2025 में सभी अधिकारियों को ट्रेनिंग दी थी।

# पिछले वर्ष पूरी तरह सक्रिय रही नौसेना: एडमिरल त्रिपाठी

नयी दिल्ली 16 फरवरी (वार्ता) नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने सोमवार को कहा कि भारतीय नौसेना ने पिछले वर्ष उच्च स्तर की संचालन सक्रियता बनाए रखी और वह हिन्द प्रशांत क्षेत्र और उससे आगे महत्वपूर्ण मिशन पर तैनात रही हैं। उन्होंने कहा कि नौसेना प्लेटफॉर्म ने समुद्र में लगभग 11,000 शिप-डे और 50,000 से अधिक उड़ान घंटे पूरे किए जो भारत की बढ़ती पहुंच और महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों पर राष्ट्रीय हितों की रक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। नौसेना प्रमुख ने यहां नेशनल मेरिटाइम फाउंडेशन द्वारा आयोजित 'वाइस एडमिरल के.के. नय्यर स्मृति व्याख्यान-2026' में कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान भारतीय नौसेना की त्वरित तैनाती, आक्रामक गति, क्षेत्र पर समग्र दृष्टि और अन्य सेनाओं के साथ विश्वसनीय स्ट्राइक क्षमता ने पाकिस्तान को घुटने टेकने के लिए बाध्य किया। एडमिरल त्रिपाठी ने कहा कि भारतीय नौसेना की सेवा दो स्तंभों ''गार्डियनशिप, जो वर्तमान को सुरक्षित करती है, और ● शेष पेज 11 पर

# 'हाई कोर्ट को डेमोरलाइज न करें'

## सीएम हिमंता से जुड़े केस पर सीजेआई की सख्त टिप्पणी

एजेंसी

नई दिल्ली। देश के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के खिलाफ कथित हेट स्पीच मामले में दायर याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया।

ये याचिका सीपीएम के नेता एनी राजा और असमिया विद्वान हिरेन गोहैन ने दाखिल की थी। याचिका में मुख्यमंत्री सरमा के खिलाफ कथित हेट स्पीच की घटनाओं को लेकर पुलिस केस दर्ज करने के आदेश देने की मांग की गई थी। याचिका में जिन घटनाओं पर सवाल उठाए गए हैं, उनमें सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी की असम यूनिट द्वारा जारी किया गया एक वीडियो भी शामिल है, जिसमें मुख्यमंत्री हिमंता सरमा मुसलमानों की एक तस्वीर पर गोली चलाते हुए दिख रहे हैं। उससे पहले मिया, यानी बंगाली बोलने वाले मुसलमानों के बारे में कमेंट किए गए थे, जिन्हें बीजेपी ने गैर-कानूनी घुसपैठिए कहा है।

हालांकि, सीजेआई जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल पंचोली की पीठ ने यह कहते हुए याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया कि आप गुवाहाटी हाई कोर्ट क्यों नहीं गए? चीफ जस्टिस ने पिटीशनर्स से पूछा, ''आपने पहले गुवाहाटी हाई कोर्ट का दरवाजा क्यों नहीं खटखटाया? सीजेआई ने कहा कि आजकल हर मामले में, खासकर चुनाव से पहले, सीधे सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाने का एक खतरनाक ट्रेंड बनता जा रहा ● शेष पेज 11 पर

### सबरीमाला मामले में नौ जजों की पीठ गठित



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट की 9-न्यायाधीशों की बेंच 7 अप्रैल से धार्मिक स्थलों पर महिलाओं के भेदभाव के मामलों पर सुनवाई शुरू करेगी। इस मामले में प्रमुख रूप से केरल के सबरीमाला मंदिर से जुड़े मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया है कि सभी पक्ष अपनी लिखित दलीलें 14 मार्च तक जमा करें। केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि वह सबरीमाला फैसले की समीक्षा का समर्थन करते हैं। बेंच में मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली शामिल हैं। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने वरिष्ठ वकील परमेश्वर और शिवम सिंह को एमिकस क्यूरी के रूप में नियुक्त किया है, ताकि न्यायालय को आवश्यक मार्गदर्शन और पक्षों की दलीलों का विश्लेषण प्रदान किया जा सके। कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया है कि सुनवाई 22 अप्रैल तक पूरी की जाएगी। सबरीमाला फैसले की समीक्षा का समर्थन करने वाले पक्षों के लिए कृष्ण कुमार सिंह को नोडल काउंसल नियुक्त किया गया है, जबकि फैसले का विरोध करने वालों के लिए शश्वती परी को नोडल काउंसल बनाया गया।

# न्यायालयों को बम से उड़ाने की धमकी के बाद चला चेकिंग अभियान

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में वाराणसी, लखनऊ आजमगढ़ समेत 18 जिलों के जिला न्यायालयों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इसके बाद जिला और पुलिस प्रशासन ने डॉग स्क्वायड और बम निरोधक दस्ता ने पूरे परिसरों में सघन चेकिंग अभियान चलाया, लेकिन कोई भी आपत्तिजनक या विस्फोटक सामग्री नहीं मिली है। न्यायालयों परिसरों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

सोमवार को धमकी का ईमेल मिलने के बाद लखनऊ की वजीरगंज थाना पुलिस ने बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वायड के साथ पूरे न्यायलय परिसर में चेकिंग अभियान चलाया। कचहरी के प्रत्येक रास्तों पर चेकिंग की गई, लेकिन कोई वस्तु नहीं मिली है। कचहरी परिसर में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गये हैं। इसी तरह वाराणसी में दो दिन पहले जिला जज के आधिकारिक ईमेल पर कचहरी परिसर को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद सोमवार को कचहरी खुलते ही पूरे न्यायालय परिसर में डॉग स्क्वायड एवं बम डिस्पोजल दस्ते ने सघन छानबीन की। न्यायालय परिसर के प्रवेश द्वारों से लेकर विभिन्न भवनों और पार्किंग क्षेत्र तक सुरक्षा एजेंसियों ने बारीकी से जांच की। पुलिस अधिकारियों ने परिसर में मौजूद अधिवक्ताओं, कर्मचारियों और आम नागरिकों से अपील की कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध वस्तु या गतिविधि दिखाई देने पर तत्काल पुलिस को सूचित करें। कैंट थाना प्रभारी ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देश पर पूर्वाह्न 10:30 बजे से एसीपी कैंट के नेतृत्व में सर्च अभियान चलाया गया। आजमगढ़ जिले में भी दीवानी न्यायालय परिसर को बम से उड़ाने की धमकी के बाद पुलिस-प्रशासन ने कैंपस को खाली कराकर सघन तलाशी अभियान चलाया। जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि दीवानी न्यायालय कचहरी को बम से उड़ाने की धमकी ईमेल पर दी गई। एहतियातन तौर पर ● शेष पेज 11 पर

# एआई समिट के नतीजे अवसरों से भरपूर : मोदी

एजेंसी

नई दिल्ली। भारत में सोमवार से दुनिया के सबसे बड़े टेक्नोलॉजी इवेंट में से एक 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' शुरू हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसका औपचारिक उद्घाटन किया। इसके बाद उन्होंने इवेंट में शामिल हुए स्टार्टअप्स के पवेलियंस में जाकर उनके इनोवेशंस की जानकारी ली।

ये इवेंट 20 फरवरी तक नई दिल्ली के भारत मंडपम में चलेगा। समिट के साथ-साथ 'इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो 2026' का भी आयोजन किया जा रहा है। यहां दुनियाभर की कंपनियां अपने लेटेस्ट एआई सॉल्यूशंस को दुनिया के सामने पेश करेंगे। यहां आम लोग देख सकेंगे कि एआई असल जिंदगी में कैसे काम करता है और भविष्य में एआई से खेती, सेहत और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में क्या बदलाव लाने वाला है।

इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार से यहां शुरू हो रहे कृत्रिम बुद्धिमत्ता सम्मेलन 'ए आइ इम्पैक्ट समिट ' में हिस्सा लेने वाले दुनिया भर के



प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए उम्मीद जतायी है कि इस सम्मेलन के नतीजे के प्रगतिशील, नवाचारी और अवसरों से भरपूर भविष्य के निर्माण में सहायक होंगे।

बीस फरवरी तक चलने वाले इस पांच दिन के सम्मेलन से पहले श्री मोदी ने सोशल मीडिया पर अपने सिलसिलेववार पोस्ट में कहा कि इस सम्मेलन की विषय वस्तु 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय', यानी सभी का कल्याण, सभी के लिए खुशी, मानव केन्द्रीत प्रगति के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता का इस्तेमाल करने की हमारी साझा प्रतिबद्धता को दिखाती है।

प्रधानमंत्री ने कहा, ल्लआज से, भारत दिल्ली के भारत मंडपम में एआई इम्पैक्ट समिट होस्ट कर रहा है। मैं इस समिट के लिए दुनिया भर के लीडर्स, इंडस्ट्री के कैप्टन्स, इनोवेटर्स, पॉलिसीमेकर्स, रिसर्चर्स और टेक के शौकीनों का दिल से स्वागत करता हूं। समिट की थीम है सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय, यानी सभी का कल्याण, सभी के लिए खुशी, जो ह्यूमन-सेंट्रिक प्रोग्रेस के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता का इस्तेमाल करने के हमारे साझा कमिटमेंट को दिखाता है। उन्होंने कहा, आज एआई स्वास्थ्य , शिक्षा,कृषि, शासन और उद्यम सहित कई क्षेत्रों को बदल रहा है। एआई इम्पैक्ट समिट एआई के अलग-अलग पहलुओं, जैसे नवाचार, सहयोग, ज़िम्मेदारी से इस्तेमाल और भी बहुत कुछ पर वैश्चिक बातचीत को बेहतर बनाएगा। मुझे विश्वास है कि समिट के नतीजे एक ऐसे भविष्य को बनाने में मदद करेंगे जो प्रोग्रेसिव, इनोवेटिव और मौकों पर आधारित हो। श्री मोदी ने कहा,ल्ल भारत के 1.4 अरब लोगों की बदौलत, हमारा देश एआई बदलाव में सबसे आगे है। डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर से लेकर एक वाइब्रेंट स्टार्टअप इकोसिस्टम और कटिंग-एज रिसर्च तक, ● शेष पेज 11 पर


### भारत में शिखर सम्मेलन एआई के पूर्ण लाभों को प्राप्त करने का 'अहम अवसर': ब्रिटेन के उपप्रधानमंत्री

**लंदन।** ब्रिटेन की सरकार ने कहा है कि सोमवार से भारत में शुरू होने जा रहे 'एआई इम्पैक्ट समिट' में ब्रिटेन का ध्यान इस बात पर रहेगा कि कृत्रिम मेधा (एआई) किस प्रकार विकास को गति दे सकती है, नए रोजगार सृजित कर सकती है, सार्वजनिक सेवाओं में सुधार कर सकती है और किस प्रकार दुनिया भर के लोगों को लाभ पहुंचा सकती है। उपप्रधानमंत्री डेविड लैमी और एआई मंत्री कनिष्क नारायण के नेतृत्व में ब्रिटेन का प्रतिनिधिमंडल इस बात पर प्रकाश डालने के लिए उत्सुक है कि एआई दुनिया के हर कोने में रोजमर्रा की जिंदगी को कैसे बेहतर बना सकता है और एक नवीनीकरण इंजन के रूप में यह किस तरह डॉक्टरों को तेजी से निदान करने, शिक्षकों को व्यक्तिगत शिक्षण प्रदान करने, परिषदों को मिनटों में सेवाएं प्रदान करने और व्यवसायों को अगली पीढ़ी के अच्छे रोजगार सृजित करने में मदद कर सकता है। लैमी ने शिखर सम्मेलन से पहले जारी एक बयान में कहा, '' यह शिखर सम्मेलन यह निर्धारित करने का एक महत्वपूर्ण क्षण है कि ● शेष पेज 11 पर

# कोल जाति को मिले अनुसूचित जनजाति का दर्ज़ा: उज्जवल रमण सिंह

❒ सांसद उज्जवल रमण सिंह नई दिल्ली में केंद्रीय जनजाति कार्य मंत्री मिलें।

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। प्रयागराज सांसद उज्जवल रमण सिंह ने उत्तर प्रदेश में निवास करने वाली 'कोल' आदिवासी जाति के उत्थान के लिए केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओराम से नई दिल्ली में मिलकर एक पत्र दिया जिसमें कोल जाति को उत्तर प्रदेश में भी अनुसूचित जनजाति (ट्ठ) की श्रेणी में शामिल करने की पुरजोर वकालत की है।

यह जानकारी देते हुए सांसद प्रतिनिधि विनय कुशवाहा ने बताया कि सांसद ने पत्र के माध्यम से कोल समाज की दयनीय स्थिति पर प्रकाश डालते हुए कई महत्वपूर्ण तर्क दिए हैं कि जहां ओडिशा, बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में कोल जाति को 'अनुसूचित जनजाति' (ट्ठ) का दर्ज़ा प्राप्त है, वहीं उत्तर प्रदेश में इन्हें अनुसूचित जाति (ट्टए) की श्रेणी में रखा गया है। उन्होंने कहा कि प्रयागराज, मिर्ज़ापुर, वाराणसी, चंदौली, बांदा और चित्रकूट जैसे जिलों में निवास करने वाली लगभग 15 लाख की यह आबादी आज भी विकास की मुख्यधारा से कोसों दूर है। उत्तर प्रदेश में इस समाज की साक्षरता दर मात्र 0.28 प्रतिशत है। शैक्षिक पिछड़ेपन के कारण इस समाज से न तो कोई राजपत्रित अधिकारी है और न ही डॉक्टर, इंजीनियर या वकील। सांसद ने एक भावनात्मक मुद्दा भी उठाया कि यदि यूपी की कोई कोल लड़की एमपी में विवाहित होती है, तो उसके बच्चों को ट्ठ का लाभ मिलता है, लेकिन एमपी की लड़की यूपी आने पर इस लाभ से वंचित रह जाती है।सांसद उज्जवल रमण सिंह ने याद दिलाया कि उत्तर प्रदेश शासन के 'अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान, लखनऊ' ने विस्तृत सर्वेक्षण के बाद पहले ही कोल जाति को ट्ठ में शामिल करने की संस्तुति भारत सरकार को भेजी थी, जो अभी तक लंबित है।सांसद ने केंद्रीय मंत्री जोएल ओराम से आग्रह किया है कि समाज के हित में आवश्यक कार्रवाई करते हुए इन्हें जल्द से जल्द अनुसूचित जनजाति ट्ठ श्रेणी में शामिल किया जाए।

# गुरुकुल किड्स प्ले स्कूल 'बालवाटिका' का विधायक ने किया उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । सरोजनीनगर से भाजपा विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह सोमवार को वृंदावन सेक्टर-6 स्थित Gurukul Kids Play School 'बालवाटिका' के उद्घाटन अवसर पर पहुँच कर फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने नन्हे-मुन्ने बच्चों को प्रेरित किया, प्रोत्साहित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया।

साथ ही डिजिटल शिक्षा की महत्वता बताते हुए स्कूल में स्मार्ट क्लास स्थापित करने की भी बात कही।डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि आज के युग में डिजिटल साक्षरता अनिवार्य हो चुकी है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और आधुनिक तकनीकों के तेजी से बढ़ते प्रभाव के बीच बच्चों को प्रारम्भ से ही तकनीकी रूप से सक्षम बनाना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि बच्चों में सीखने की उत्सुकता, खेल और ज्ञान के प्रति स्वाभाविक रुचि देखकर मन अत्यंत आनंदित होता है। डॉ. सिंह ने कहा कि जैसे एक श्रेष्ठ सैनिक के लिए उच्च गुणवत्ता वाले अस्त्र-शस्त्र आवश्यक होते हैं, वैसे ही भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए बच्चों के पास डिजिटल ज्ञान और स्मार्ट शिक्षण संसाधन होना अनिवार्य है। इसी सोच के तहत उन्होंने विद्यालय में एट्टट के माध्यम से एक अतिरिक्त ट्टद्धथन्प् एद्यथपप स्थापित करने का संकल्प व्यक्त किया, जिससे बच्चे प्रारम्भ से ही डिजिटल शिक्षा का लाभ प्राप्त कर सकें।उन्होंने 'बालवाटिका' में पहले से संचालित Digital Smart Classes तथा इथ्थदफ्प्र आधारित ख्रद्धद्वप्थद्य ख्रथप्द्धप जैसी अभिनव एवं वैज्ञानिक शिक्षण पद्धतियों की सराहना करते हुए कहा कि इथ्थदफ्प्र न केवल गणितीय कौशल को सुदृढ़ करता है, बल्कि बच्चों की cognitive capacity, memory power @ê¬Ì retention ability को भी प्रभावी रूप से विकसित करता है। यह एक प्राचीन, किंतु आज के समय में अत्यंत प्रासंगिक अभ्यास है।डॉ. राजेश्वर सिंह ने शिक्षा में नवाचार और गुणवत्ता के प्रति समर्पण हेतु विद्यालय के चेयरमैन वीरेंद्र प्रताप सिंह का विशेष आभार व्यक्त किया तथा Gurukul Kids Play School परिवार, प्रबंधन एवं समस्त स्टाफ को उनके समर्पण, नवाचार और अथक प्रयासों के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास नन्हे कर्णधारों के उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करते हैं। इस अवसर पर रामेन्द्र श्रीवास्तव, पार्षद संजीव अवस्थी, मनोज रावत, दिनेश पाण्डेय, प्रधानाचार्य बिना रायन, सौरभ अवस्थी, बूथ अध्यक्ष केशव मिश्रा, सुनील सिंह, के. एन. सिंह सहित समस्त अध्यापकगण, छात्रगण एवं अभिभावकगण उपस्थित रहे।

## ज्वैलरी शॉप चोरी का सफल खुलासा, 4 शातिर गिरफ्तार

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना कैंट क्षेत्र अंतर्गत ज्वैलरी की दुकान में हुई बड़ी चोरी की घटना का पुलिस ने सफल अनावरण कर दिया है। थाना कैंट पुलिस, एसओजी नगर और सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए 04 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई 450 ग्राम पीली धातु (सोना), 1.8 किलो सफ़ेद धातु (चांदी) तथा घटना में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिलें बरामद की गई हैं। पुलिस के अनुसार अभियुक्त चोरी से पहले ज्वैलरी दुकानों की रेकी करते थे और एक व्यक्ति बाहर खड़े होकर निगरानी करता था। चोरी के सामान को बेचकर आरोपी अपना खर्च और शौक पूरा करते थे। गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ बीएनएस की गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## ज्वैलरी चोरी मामले में डीसीपी नगर ने दिया बयान

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।**। ज्वैलरी चोरी के मामले में 04 अभियुक्तों की गिरफ्तारी और माल बरामदगी को लेकर पुलिस उपायुक्त नगर ने कहा कि यह कार्रवाई टीमवर्क और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर की गई है। डीसीपी नगर ने बताया कि अपराधियों की गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जा रही थी और सटीक सूचना मिलने पर उन्हें गिरफ्तार किया गया।उन्होंने कहा कि शहर में चोरी, लूट और संगठित अपराध पर प्रभावी नियंत्रण के लिए पुलिस पूरी तरह सतर्क है और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## प्रयागराज में खनन माफियाओं के हौसले बुलंद, बड़े खुलासे की तैयारी

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिले में अवैध खनन को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक खनन माफिया खुलेआम नदियों में अवैध खनन करा रहे हैं, जबकि खनन विभाग और पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल उठ रहे हैं। बताया जा रहा है कि बहुत जल्द थाना क्षेत्रवार और एरिया-वार अवैध खनन से जुड़े पूरे नेटवर्क का खुलासा किया जाएगा। स्थानीय लोगों का आरोप है कि शिकायतों के बावजूद कार्रवाई नहीं होती, जिससे माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। यह मामला आने वाले दिनों में प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती बन सकता है।

## प्रयागराज कमिश्नरेट में थाना प्रभारियों का फ़ेरबदल तय, नैनी इंस्पेक्टर हटेंगे!

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिले में कमिश्नरेट पुलिस में जल्द ही बड़े प्रशासनिक बदलाव के संकेत मिल रहे हैं। सूत्रों के अनुसार कई थाना प्रभारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया जाएगा। लंबे समय से खराब कार्यप्रणाली और लापरवाही के आरोप झेल रहे नैनी थाना प्रभारी को हटाया जाना लगभग तय माना जा रहा है। बताया जा रहा है कि यमुनानगर जोन के कुछ अन्य थानों में भी नए चेहरों को जिम्मेदारी दी जाएगी। इस फ़ेरबदल का उद्देश्य कानून-व्यवस्था को मजबूत करना और जनता में पुलिस के प्रति विश्वास बहाल करना है। हालांकि, पुलिस प्रशासन की ओर से अभी आधिकारिक आदेश जारी नहीं हुआ है।

## सिविल लाइंस में 11 सड़कों पर बनेगी अधिकृत पार्किंग, अप्रैल से मिलेगी राहत

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** शहर के सिविल लाइंस क्षेत्र में लगातार बढ़ती पार्किंग समस्या को देखते हुए नगर निगम ने बड़ा कदम उठाया है। सड़कों पर आड़े-तिरछे खड़े वाहनों के कारण लगने वाले जाम से राहगीरों और व्यापारियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। अब निगम ने 11 सड़कों को अधिकृत पार्किंग स्थल के रूप में चिह्नित किया है, जहां सड़क किनारे ही वाहन खड़े किए जा सकेंगे।नई व्यवस्था के तहत दोपहिया वाहनों (बाइक, स्कूटी आदि) के लिए न्यूनतम पार्किंग शुल्क 7 रुपये तथा कार, जीप और अन्य चारपहिया वाहनों के लिए 15 रुपये निर्धारित किया गया है। भारी वाहनों के लिए अलग शुल्क तय किया जाएगा। इन पार्किंग स्थलों का संचालन टेंडर प्रक्रिया के माध्यम से निजी संस्थाओं को सौंपा जाएगा। टेंडर 25 फरवरी को खोला जाएगा।अपर नगर आयुक्त अरविंद राय के अनुसार अप्रैल तक व्यवस्थित पार्किंग सुविधा शुरू कर दी जाएगी। नई पार्किंग नीति के तहत पार्किंग स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे और आसपास महिलाओं व पुरुषों के लिए अलग-अलग शौचालय की व्यवस्था भी की जाएगी।निर्धारित क्षेत्र के बाहर वाहन खड़ा करने पर जुर्माना लगाया जाएगा। विशेष रूप से सिविल लाइंस स्थित नवाब यूसुफ रोड और इलाहाबाद हाईकोर्ट के सामने नो-पार्किंग जोन सख्ती से लागू रहेगा। यहां नियम तोड़ने वालों के खिलाफ पुलिस और नगर निगम की संयुक्त कार्रवाई की जाएगी।

## झूंसी में युवक की कुल्हाड़ी से हत्या, शव सड़क किनारे मिला

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिले के झूंसी थाना क्षेत्र अंतर्गत चमनगंज चौकी के बजहा गांव में युवक की हत्या से इलाके में सनसनी फैल गई। 24 वर्षीय कुलदीप बिंद की कुल्हाड़ी से वार कर हत्या कर दी गई।सूत्रों के अनुसार घर के भीतर किसी बात को लेकर विवाद हुआ, जिसके बाद आरोपियों ने कुलदीप पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। गंभीर चोटों के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। आरोप है कि हत्या के बाद शव को सड़क किनारे फेंक दिया गया, जिससे सुबह ग्रामीणों में हड़कंप मच गया।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आरोपी घटना के बाद से फरार हैं, जिनकी तलाश में दबिश दी जा रही है।घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है। पुलिस ने क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ा दी है और मामले की जांच जारी है।

## सुनसान घर में लाखों की लूट, एफआईआर में अज्ञात,बाद में नामजद होने के बावजूद पुलिस खामोश

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** लालापुर थाना क्षेत्र के बेला मुंडी गांव में सुनसान पड़े एक मकान में हुई बड़ी लूट का मामला अब पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर रहा है। एफआईआर में जहां शुरू में आरोपियों को अज्ञात दर्शाया गया, वहीं बाद में पीड़ित पक्ष ने पुलिस को स्पष्ट रूप से राकेश पटेल का नाम बताया, जिस पर कई लोगों के साथ मिलकर लूट को अंजाम देने का आरोप है। इसके बावजूद पुलिस अब तक न तो खुलासा कर सकी है और न ही किसी गिरफ्तारी की सूचना सामने आई है।एफआईआर के अनुसार, 9/10 जनवरी 2026 की रात पीड़ित परिवार प्रयागराज शहर में रह रहा था और गांव स्थित मकान बंद पड़ा था। इसी का फायदा उठाकर चोरों ने घर के दरवाजा का ताला तोड़ दिया और घर में रखे 2 अलमारी का ताला तोड़ कर उसमें रखे करीब 5 लाख रुपये से अधिक के सोने-चांदी के जेवरात, नकदी और अन्य कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। घटना की जानकारी होने पर 11 जनवरी 2026 को लालनपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई।पीड़ित का कहना है कि जांच के दौरान उन्होंने पुलिस को बताया कि इस वारदात में राकेश पटेल की भूमिका है, जिसने कई अन्य लोगों को साथ लेकर लूट को अंजाम दिया। आरोप है कि इसके बावजूद पुलिस ने न तो नामजद आरोपी से पूछताछ की और न ही कोई ठोस कार्रवाई की।स्थानीय लोगों और पीड़ित परिवार का आरोप है कि वे लगातार थाने के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन हर बार सिर्फ ़्रजांच जारी हैझ्र कहकर टाल दिया जाता है। सवाल यह है कि जब आरोपी का नाम सामने आ चुका है, तो पुलिस कार्रवाई से पीछे क्यों हट रही है?यह मामला न सिर्फ पीड़ित परिवार के लिए चिंता का विषय है, बल्कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था और पुलिस की निष्क्रियता को लेकर भी गंभीर सवाल खड़े करता है। अब देखना होगा कि पुलिस कब तक इस मामले में ठोस कदम उठाती है और पीड़ित को न्याय दिलाती है।

# बजट पर चौपाल कार्यक्रम में शामिल हुए उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। कैंट विधानसभा के चारबाग स्थित होटल में आयोजित बजट पर चौपाल कार्यक्रम में केंद्रीय बजट 2026 को एक दूरदर्शी एवं जन कल्याणकारी है ये कहना है उप मुख्यमंत्री का बजट पर चौपाल कार्यक्रम मे बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे उप मुख्यमंत्री का महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी सहित उपस्थित लोगों ने पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया।

बजट पर चर्चा करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि यह बजट 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।उन्होंने कहा कि बजट में पूंजीगत व्यय और बुनियादी ढांचे पर विशेष जोर दिया गया है, जिससे सड़क, रेल, लॉजिस्टिक नेटवर्क, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और ऊर्जा क्षेत्र को गति मिलेगी। इससे विनिर्माण क्षेत्र को मजबूती मिलेगी और बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन होगा।उपमुख्यमंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश को इस बजट में विशेष प्राथमिकता मिली है तथा राज्य में दो प्रमुख इंफ्रास्ट्रक्चर कॉरिडोर को स्वीकृति प्रदान की गई है, जिससे कनेक्टिविटी एवं आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि कुल बजट ?9,12,696.35 करोड़ (12.9% वृद्धि) में सड़क एवं पुल के लिए ?34,468 करोड़,ऊर्जा क्षेत्र: ?65,926 करोड़सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण: ?18,290 करोड़,स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण: ?37,956 करोड़,चिकित्सा शिक्षा: ?14,997 करोड़,नए मेडिकल कॉलेज (14): ?1,023 करोड़,ग्रामीण विकास: ?25,500 करोड़,पीएम आवास योजना (ग्रामीण): ?6,102 करोड़,शिक्षा क्षेत्र: कुल बजट का 12.4% स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना: ?2,374 करोड़,महिला एवं बाल विकास: ?18,620 करोड़एमएसएमई क्षेत्र: ?3,822 करोड़,पर्यटन विकास: ?500 करोड़अयोध्या विकास: ?150 करोड़ और अन्य धार्मिक स्थलों के विकास के लिए भी सौ सौ करोड़ दिए हैं।उन्होंने कहा कि यह बजट समावेशी है, जो किसानों, युवाओं, महिलाओं और गरीबों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के साथ विकसित भारत के संकल्प को सशक्त करेगा। इसके लिए मैं प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री का आभार व्यक्त करता हूं।मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि कार्यक्रम में अशोक तिवारी, मानसिंह, राकेश श्रीवास्तव, लखविंदर सिंह, योगेंद्र पटेल, मंडल अध्यक्ष राजन वर्मा, मानस बाहरी महेंद्र राजपूत पार्षद सुधीर मिश्रा बबलू,राजू गांधी, पीयूष दीवान, संतोष धुनक, राजेंद्र सिंह बग्गा लकी सहित बड़ी संख्या में व्यापारी, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन का पीएम को संबोधित सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । राजधानी में सोमवार को राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के बैनर तले सैकड़ों किसानों ने जिला कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन किया। भारत-अमेरिका के बीच व्यापार समझौते में कृषि और दुग्ध उत्पादों को शामिल किए जाने की आशंका को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

प्रतिनिधिमंडल ने सिटी मजिस्ट्रेट के माध्यम से प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपकर कृषि एवं दुग्ध उत्पादों को व्यापार समझौते से बाहर रखने की मांग की। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष प्रताप बहादुर ने कहा कि यदि व्यापार समझौते में कृषि और डेयरी सेक्टर को शामिल किया गया तो इसका सीधा असर देश के छोटे और सीमांत किसानों पर पड़ेगा।उन्होंने कहा कि भारत में लगभग 87 प्रतिशत किसान सीमांत श्रेणी में आते हैं। उनकी आजीविका खेती व पशुपालन पर निर्भर है। ऐसे में विदेशी उत्पादों की एंट्री से उनकी आय प्रभावित हो सकती है।ज्ञापन में कहा गया है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और वहां की कृषि सचिव ब्रुक रोलिंस के हालिया बयानों से यह संकेत मिलता है कि प्रस्तावित समझौते से अमेरिकी किसानों को लाभ पहुंच सकता है।किसान नेताओं ने कहा कि देश के कई हिस्सों में दूध पहले से ही कम कीमत पर बिक रहा है। ऐसे में विदेशी उत्पादों की आमद से बाजार दर और गिर सकती है, जिससे पशुपालकों को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। उन्होंने इसे ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए गंभीर खतरा बताया।संगठन ने प्रधानमंत्री से मांग की है कि प्रस्तावित इंडो-अमेरिका व्यापार समझौते में कृषि और पशुपालन क्षेत्र को शामिल न किया जाए। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों की अनदेखी हुई तो देशभर में व्यापक आंदोलन छेड़ा जाएगा। इस दौरान प्रमुख रूप से संगठन के जिला प्रभारी रितेश सिंह चौहान, जिला अध्यक्ष प्रमोद यादव,महामंत्री दिनेश यादव अधिवक्ता नरेंद्र सिंह के साथ बड़ी संख्या में किसान शामिल रहे।

# सीएचसी कोरांव में फल वितरण कर सांसद का मनाया गया जन्म दिन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव प्रयागराज। प्रयागराज के लोकप्रिय सांसद कुँवर उज्ज्वल रमण सिंह का जन्मोत्सव सरकारी अस्पताल और प्राइवेट अस्पतालों में फल मिष्ठान वितरण कर मनाया गया। सांसद के करीबी चर्चित समाजसेवी सपा नेता प्रमोद मिश्र पयासी के नेतृत्व में यह आयोजन किया गया।इस अवसर पर लोगों ने सांसद जी को जन्मोत्सव की बधाइयां दी और उनके दीर्घायु की कामना की। लोगों ने प्रभु से प्रार्थना की कि सांसद जी इसी तरह जनता की सेवा करते रहें और निरन्तर सांसद के रूप में हम सभी का प्रतिनिधि करते रहें।पयासी ने कहा कि सांसद जी लगातर जमीनी जनहित के मुद्दों को उठाते हैं, जिससे क्षेत्र में उनकी प्रशंसा हो रही है। इस अवसर पर दिनेश पटेल, मंगला कोल, सूरज यादव, विनोद पंडित, रामानुज यादव, शहादत अली, महताब खान, नौशाद अंसारी, प्रियाशु विश्वकर्मा आदि लोग सम्मिलित हुए और फल मिष्ठान वितरण कर जन्मोत्सव की बधाई शुभकामनायें दी।

## बाइक और ई रिक्शा की आमने-सामने टक्कर, दो घायल

रायबरेली। क्षेत्र के कुबना मोड़ के पास महराजगंज की तरह आ रहे ई रिक्शा में पीछे से आ रही तेज रफ्तार अनियंत्रित मोटरसाइकिल की टक्कर हो गई। टक्कर के बाद दोनों मोटरसाइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गए, चिकित्सकों ने दोनों को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

सोमवार शाम करीब साढ़े पांच बजे एक ही मोटरसाइकिल से हलोर की तरफ से दरियागंज निवासी नन्हे पुत्र रामहेत 24 वर्ष व आशीष पुत्र छोटेलाल उम 14 वर्ष आ रहे थे। बताया जा रहा है कि दो किसी से भेंट करने के लिये घर से निकले थे। इससे पहले बाइक सवार कुछ समझ पाते कि सामने से अचानक एक ई रिक्शा आ गया जिससे कुबना गांव के मोड़ के पास उनकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर सामने से जा रहे ई रिक्शा में टकरा गई। टक्कर के बाद दोनों बाइक सवार सड़क किनारे खेत में जा गिरे। घटना के बाद आसपास के लोग मौके पर जमा हो गया। मौक पर जुटे लोगों ने दोनों घायलों को सीएचसी पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

# लखनऊ विकास प्राधिकरण में 'कार्रवाई' या सिर्फ खानापूर्ति

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । लखनऊ विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन विभाग की कार्यप्रणाली एक बार फिर चर्चा में है। कागज़ों पर सख्ती और ज़मीनी स्तर पर कथित ढिलाई को लेकर शहर के विभिन्न क्षेत्रों से सवाल उठ रहे हैं। अवैध निर्माणों के खिलाफ कार्रवाई के दावे किए जा रहे हैं, लेकिन कई स्थानों पर निर्माण कार्य जारी रहने की शिकायतें सामने आ रही हैं।

सूत्रों और स्थानीय नागरिकों के अनुसार सभी ज़ोन में अलग अलग इलाकों में बिना स्वीकृत नक्शे के निर्माण, स्वीकृत मानचित्र के विपरीत निर्माण तथा आवासीय क्षेत्रों में व्यावसायिक गतिविधियों के मामले सामने आए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि शिकायतें दर्ज कराई जाती हैं और कई मामलों में नोटिस भी जारी होते हैं, लेकिन आगे की कार्रवाई की स्थिति स्पष्ट नहीं हो पाती। विभागीय स्तर पर अवर अभियंताओं और सहायक अभियंताओं के तबादले समय-समय पर किए जाते हैं, फिर भी नागरिकों का आरोप है कि अवैध निर्माण पर प्रभावी रोक नहीं लग पा रही। अब बड़ा सवाल यह है की क्या प्रवर्तन विभाग की कार्रवाई नोटिस जारी करने तक सीमित रह जाती है? जिन क्षेत्रों में लगातार निर्माण की शिकायतें हैं, वहां जिम्मेदारी किसकी तय होगी? उच्च अधिकारियों द्वारा सख्ती के निर्देशों का ज़मीनी असर क्यों नहीं दिखता? क्या विभाग स्तर पर जवाबदेही तय करने की कोई पारदर्शी व्यवस्था है? शहर के जानकारों का मानना है कि यदि किसी क्षेत्र में नियमों के उल्लंघन की पुनरावृत्ति हो रही है, तो संबंधित मामलों की निष्पक्ष जांच और जवाबदेही तय होना आवश्यक है। यदि वास्तव में अवैध निर्माण पर रोक लगानी है, तो कार्रवाई की पारदर्शिता और परिणाम जनता के सामने स्पष्ट रूप से आने चाहिए। अब देखना यह होगा कि प्राधिकरण इस पर क्या ठोस कदम उठाता है।

# पीडियाट्रिक कार्डियोलॉजी में नई दिशा

❒ प्रयागराज में सफल डिवाइस क्लोजर, 7 वर्षीय देवांश को मिला नया जीवन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। बाल हृदय चिकित्सा के क्षेत्र में प्रयागराज ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की है। मुठ्ठीगंज निवासी 7 वर्षीय देवांश साहू के हृदय में मौजूद 14 मिमी के जन्मजात छेद (एएसडी) को अत्याधुनिक मिनिमली इनवेसिव डिवाइस क्लोजर तकनीक से सफलतापूर्वक बंद किया गया। यह प्रक्रिया बिना ओपन हार्ट सर्जरी के की गई, जो शहर में किसी बाल रोगी में पहली बार संपन्न हुई।परिजनों के अनुसार, देवांश की शारीरिक वृद्धि सामान्य रूप से नहीं हो पा रही थी। वह खेलकूद या शारीरिक गतिविधि के दौरान जल्दी थक जाता था और उसे बार-बार निमोनिया की शिकायत भी हो रही थी। जांच में हृदय में 14 मिमी का छेद पाया गया, जिसके बाद विशेषज्ञ टीम ने डिवाइस क्लोजर का निर्णय लिया। *कार्डियोलॉजिस्ट की टीम में डॉ. वैभव श्रीवास्तव, डॉ. ऋषिका पटेल, डॉ. विमल निषाद* शामिल रहे, जबकि *एनेस्थीसियोलॉजिस्ट के रूप में डॉ. अनिल कुमार सिंह* ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।अब तक एसआरएन अस्पताल में वयस्कों में जन्मजात हृदय रोग की समस्याओं का समाधान किया जाता रहा है, लेकिन पहली बार किसी बाल रोगी में इस प्रकार की इंटरवेंशनल डिवाइस क्लोजर प्रक्रिया सफलतापूर्वक की गई है।समय पर उपचार बेहद जरूरीडॉ. ऋषिका पटेल ने बताया कि शंट लीज़न जैसे एएसडी (इट्टक), वीएसडी (ठ्ट्टक) और पीडीए (घ्क्ड्ट) का समय पर उपचार अत्यंत आवश्यक है। यदि इनका इलाज समय पर न किया जाए तो हार्ट फ़ेल्योर और सायनोसिस (नीलिमा) जैसी गंभीर जटिलताएं हो सकती हैं। सायनोसिस की स्थिति में शरीर में ऑक्सीजन की कमी के कारण त्वचा और होंठ नीले पड़ने लगते हैं।उन्होंने बताया कि ऐसे बच्चों में शारीरिक गतिविधि के दौरान जल्दी थकान महसूस होती है, व्यायाम के समय सांस लेने में तकलीफ हो सकती है तथा साथियों की तुलना में उनका शारीरिक विकास भी धीमा रह सकता है।मंडल के बच्चों को मिलेगा लाभसंस्थान के प्राचार्य *डॉ. वी. के. पांडेय* ने इस उपलब्धि को पीडियाट्रिक कार्डियोलॉजी की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं दूरगामी कदम बताया। उन्होंने कहा कि अब प्रयागराज मंडल के अनेक बच्चों को जटिल हृदय रोग के उपचार के लिए महानगरों का रुख नहीं करना पड़ेगा।चिकित्सकों के अनुसार, प्रक्रिया के बाद देवांश की स्थिति स्थिर है और वह शीघ्र ही सामान्य जीवन की ओर लौट सकेगा। यह उपलब्धि शहर में बाल हृदय रोग उपचार के क्षेत्र में नई संभावनाओं के द्वार खोलती है।

# होली पर विशेष ट्रेनों का संचालन, यात्रियों को मिलेगी अतिरिक्त सुविधा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। होली पर्व पर यात्रियों की बढ़ती भीड़ को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन ने विशेष ट्रेनों के संचालन की घोषणा की है। गाड़ी सं. 09031/09032 उधना-हसनपुर रोडऽउधना साप्ताहिक अनारक्षित विशेष गाड़ी 15 फरवरी से 30 मार्च 2026 तक निर्धारित तिथियों में कुल 14 फ़ेरे लगाएगी। यह गाड़ी उधना से प्रत्येक रविवार तथा हसनपुर रोड से प्रत्येक सोमवार को संचालित होगी। ट्रेन में 20 सामान्य, 1 एसएलआरडी और 1 एसएलआर सहित कुल 22 डिब्बे होंगे। मार्ग में नंदूरबार, भुसावल, इटारसी, जबलपुर, कटनी, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर और समस्तीपुर सहित प्रमुख स्टेशनों पर ठहराव रहेगा।इसके अलावा गाड़ी सं. 03009/03010 डानकुनी-आनंद विहार टर्मिनल-डानकुनी विशेष गाड़ी का संचालन 28 फरवरी से 8 मार्च 2026 के बीच किया जाएगा। 03009 प्रत्येक शनिवार डानकुनी से तथा 03010 प्रत्येक रविवार आनंद विहार टर्मिनल से कुल 2-2 फ़ेरे लगाएगी। इस ट्रेन में 4 एसी तृतीय, 10 स्लीपर, 6 सामान्य और 2 एसएलआरडी कोच रहेंगे। रेल प्रशासन ने यात्रियों से यात्रा से पूर्व समय-सारिणी की पुष्टि कर वैध टिकट के साथ यात्रा करने की अपील की है।

# बस्तौली में खाली कराई करोड़ों की सरकारी भूमि

❒ नगर निगम को प्राप्त शिकायतों और जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई का निर्णय लिया गया




**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ । नगर निगम लखनऊ द्वारा सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत सोमवार को एक बड़ी कार्यवाही को अंजाम दिया गया। नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देशन में तथा अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव के निर्देशानुसार ग्राम बस्तौली, तहसील सदर, जिला लखनऊ स्थित शासकीय भूमि पर अवैध कब्जे को हटाया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बस्तौली की गाटा संख्या-99, क्षेत्रफल 0.177 हेक्टेयर भूमि, राजस्व अभिलेखों में कब्रिस्तान के रूप में दर्ज है तथा यह नगर निगम के अधीन शासकीय भूमि है। आरोप है कि कुछ व्यक्तियों द्वारा इस भूमि पर अवैध रूप से बाउंड्रीवाल निर्माण, प्लॉटिंग तथा व्यावसायिक उपयोग का प्रयास किया जा रहा था। इससे न केवल सरकारी संपत्ति को क्षति पहुंचने की आशंका थी, बल्कि सार्वजनिक उपयोग की भूमि के स्वरूप में भी परिवर्तन किया जा रहा था। इस संबंध में नगर निगम को प्राप्त शिकायतों और जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई का निर्णय लिया गया। सहायक नगर आयुक्त एवं प्रभारी अधिकारी (सम्पत्ति) रामेश्वर प्रसाद तथा तहसीलदार नगर निगम लखनऊ अरविन्द पाण्डेय द्वारा संयुक्त रूप से टीम का गठन किया गया। टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध निर्माण को चिह्नित किया और जेसीबी मशीन की सहायता से बाउंड्रीवाल व अन्य अवैध ढांचों को ध्वस्त कर दिया।पूरी कार्रवाई का नेतृत्व नायब तहसीलदार नगर निगम राजेन्द्र कुमार ने किया। अभियान के दौरान नगर निगम के लेखपाल विनोद कुमार वर्मा, कविता तिवारी और संजू मौर्या उपस्थित रहे।

कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु थाना गाजीपुर से पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया था। इसके अतिरिक्त नगर निगम प्रवर्तन दल (ईटीएफ) की टीम भी मौके पर मौजूद रही, जिससे कार्रवाई को व्यवस्थित और सुरक्षित ढंग से संपन्न कराया जा सका। नगर निगम के अधिकारियों के अनुसार इस अभियान के तहत लगभग 0.100 हेक्टेयर बेशकीमती भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराया गया है। मुक्त कराई गई भूमि का अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 7 करोड़ रुपये बताया गया है।

### ग्राम अमौसी में भी नगर निगम खाली कराई करीब 2 करोड़ रुपये की सरकारी भूमि

लखनऊ । नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देशानुसार सरकारी भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराए जाने के अभियान के तहत सोमवार को नगर निगम, लखनऊ द्वारा बड़ी कार्रवाई की गई। अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव द्वारा गठित विशेष टीम ने ग्राम-अमौसी, तहसील सरोजनी नगर, जिला लखनऊ स्थित नगर निगम में निहित भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराया। यह कार्रवाई पूर्व निर्धारित योजना के तहत राजस्व एवं पुलिस विभाग के समन्वय से शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। नगर निगम के अनुसार ग्राम-अमौसी की खसरा संख्या 3133 (0.121 हे0 नवीन परती), 1947 (0.139 हे0 बंजर) एवं 1639 (0.519 हे0 खलिहान) से संबंधित कुल 0.408 हेक्टेयर भूमि पर अस्थायी रूप से अवैध कब्जा किया गया था। उक्त भूमि नगर निगम में निहित है, जिसे विधिवत कार्रवाई करते हुए अतिक्रमणमुक्त कराया गया। कार्रवाई के दौरान जेसीबी मशीन की सहायता से अवैध निर्माण एवं अस्थायी ढांचे हटाए गए। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने राजस्व अभिलेखों का मिलान कर सीमांकन सुनिश्चित किया और कब्जाधारियों को पूर्व में नोटिस जारी किए जाने के बाद यह कार्रवाई अमल में लाई गई। सहायक नगर आयुक्त/प्रभारी अधिकारी (सम्पत्ति) रामेश्वर प्रसाद एवं तहसीलदार नगर निगम लखनऊ अरविन्द पाण्डेय द्वारा उपलब्ध कराई गई टीम ने कार्रवाई को अंजाम दिया। नायब तहसीलदार रत्नेश कुमार के निर्देशन में नगर निगम के लेखपाल अजीत तिवारी ने राजस्व अभिलेखों के आधार पर भूमि की पहचान सुनिश्चित की। थानाध्यक्ष सरोजनी नगर द्वारा उपलब्ध कराए गए पुलिस बल की उपस्थिति में पूरी कार्रवाई शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार अतिक्रमणमुक्त कराई गई 0.408 हेक्टेयर भूमि का अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 2 करोड़ रुपये आंका गया है। इस भूमि के मुक्त होने से नगर निगम की संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित हुई है तथा भविष्य में इस भूमि का उपयोग जनहितकारी कार्यों के लिए किया जा सकेगा। नगर आयुक्त श्री गौरव कुमार ने स्पष्ट किया है कि सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे।

## लखनऊ में ट्रैफिक जाम से राहत को लेकर मल्टी लेवल पार्किंग निर्माण की माँग सदन मे गूँजी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ । सदस्य विधान परिषद मुकेश शर्मा ने विधान परिषद सदन में राजधानी लखनऊ के प्रमुख मार्गों पर बढ़ते ट्रैफिक जाम का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। उन्होंने जाम की समस्या के स्थायी समाधान के रूप में मल्टी लेवल पार्किंग स्थलों के निर्माण की आवश्यकता पर बल दिया।सदन में अपने वक्तव्य के दौरान उन्होंने ने कहा कि राजधानी में तीव्र गति से हो रहे विकास के कारण निवासियों और साथ-साथ वाहनों की संख्या में भी लगातार वृद्धि हो रही है। वर्तमान में पर्याप्त एवं व्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था के अभाव में प्रमुख मार्गों और व्यावसायिक क्षेत्रों में आए दिन जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही है, जिससे आमजन को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की राजधानी होने के कारण भविष्य में भी वाहनों की संख्या में वृद्धि स्वाभाविक है। अतः समय रहते ठोस योजना बनाकर प्रमुख बाजारों एवं घनी आबादी वाले क्षेत्रों में उपलब्ध रिक्त स्थलों में नए पार्किंग स्थलों, विशेषकर मल्टी लेवल पार्किंग, का निर्माण कराया जाना आवश्यक है।जनहित के इस महत्वपूर्ण विषय पर सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हुए शर्मा ने राजधानी के प्रमुख बाजारों में चरणबद्ध तरीके से मल्टी लेवल पार्किंग निर्माण की माँग की, ताकि शहर की ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू हो सके।

### आज सेक्टर एन एलडीए कॉलोनी के ओवरहेड टैंक की होगी सफाई

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जलकल विभाग, जोनऽ8 द्वारा क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था को सुचारु एवं स्वच्छ बनाए रखने के उद्देश्य से ओवरहेड टैंकों की निर्धारित तिथियों पर सफाई कराई जा रही है। इसी क्रम में 17 फरवरी 2026 की शाम को सेक्टरऽएन एलडीए कॉलोनी स्थित ओवरहेड टैंक की सफाई का कार्य किया जाएगा। जलकल विभाग द्वारा जारी कार्यक्रम के तहत विभिन्न कॉलोनियों के ओवरहेड टैंकों की क्रमवार सफाई सुनिश्चित की जा रही है। 17 फरवरी को प्रस्तावित सफाई कार्य के दौरान संबंधित क्षेत्र में जलापूर्ति आंशिक रूप से प्रभावित रह सकती है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि सफाई कार्य पूर्ण होने के पश्चात अगले दिन प्रातःकाल से जलापूर्ति पुनः सामान्य कर दी जाएगी। जलकल विभाग ने सेक्टरऽएन एलडीए कॉलोनी के निवासियों से अनुरोध किया है कि वे सफाई कार्य को ध्यान में रखते हुए आवश्यकतानुसार पेयजल का पूर्व भंडारण कर लें, जिससे असुविधा से बचा जा सके। विभाग का कहना है कि यह कार्य जनहित में किया जा रहा है ताकि नागरिकों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया जा सके। प्रभारी अधिशासी अभियंता, जोनऽ8 ने बताया कि शहर की जलापूर्ति व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए नियमित अंतराल पर टैंकों की सफाई कराई जा रही है। उन्होंने नागरिकों से सहयोग की अपील की है।

### दहेज के लिए 10 लाख की मांग, गर्भवती महिला से मारपीट पति समेत ससुरालियों पर एफआईआर दर्ज

**नगराम, लखनऊ, कैनविज टाइम्स सवांददाता।** थाना नगराम क्षेत्र में दहेज उत्पीड़न का एक गंभीर मामला सामने आया है। नगराम क्षेत्र की सताई खेड़ा निवासिनी पीड़िता रोली पाल ने अपने पति समेत ससुराल पक्ष पर दहेज की मांग को लेकर लगातार मानसिक व शारीरिक प्रताड़ना, मारपीट, गाली–गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है।पीड़िता के अनुसार शादी के बाद कुछ समय तक सब कुछ सामान्य रहा, लेकिन गर्भवती होने के बाद सास, जेठ व जेठानी के उकसावे पर पति का व्यवहार अचानक बदल गया। आरोप है कि पति दहेज में 10 लाख रुपये लाने का दबाव बनाने लगा और मांग पूरी न होने पर मारपीट शुरू कर दी।महिला का कहना है कि प्रताड़ना से परेशान होकर वह मायके चली गई थी। बाद में समझौते के बाद ससुराल लौटने पर भी उत्पीड़न और मारपीट का सिलसिला नहीं रुका। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि नवजात बच्चे के इलाज के दौरान ससुराल पक्ष ने कोई जिम्मेदारी नहीं निभाई और लगातार धमकियां दी जाती रहीं। पुलिस ने मेडिएशन फ़ेल होने के बाद तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### महिला ने छेड़छाड़ व मारपीट की कोशिश का लगाया आरोप, नामजद तहरीर दी

**लखनऊ,कैनविज टाइम्स सवांददाता।** कोतवाली गोसाईंगंज क्षेत्र के सलेमपुर गंगागंज निवासी महक रावत पत्नी अर्जुन रावत ने पड़ोसी युवक पर छेड़छाड़ व मारपीट की कोशिश का आरोप लगाते हुए थाने में नामजद तहरीर दी है ,पीड़िता के अनुसार, साहिल पुत्र आलम निवासी बरुआ, अमेठी (लखनऊ) काफी समय से उसका पीछा कर परेशान कर रहा था। आरोप है कि बीते दिनों जब वह घर पर अकेली थी, तभी आरोपी जबरन घर में घुस आया और उसके साथ छेड़छाड़ व अभद्रता करने लगा। शोर मचाने पर उसके पति व ननद मौके पर पहुंचे, जिस पर आरोपी ने उनके साथ भी हाथापाई की और जान से मारने की धमकी देते है फरार हो गया,महिला का कहना है कि आरोपी से उसे और उसके परिवार को जान का खतरा है। पीड़िता ने पुलिस से आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है,पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत, अज्ञात चालक पर मुकदमा दर्ज

नगोहां, लखनऊ, **कैनविज टाइम्स सवांददाता।** थाना निगोहां क्षेत्र में बीते गुरुवार को सुदौली मोड़ के पास हुए सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान देशराज के रूप में हुई है। परिजनों की तहरीर पर सोमवार को अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया।परिजनों के अनुसार पीछे से आ रहे वाहन यूपी 32आरटी 0595 ने तेज रफ्तार व लापरवाही से टक्कर मार दी थी। घायल युवक को पहले सीएचसी बछरावां और फिर केजीएमयू लखनऊ रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस वाहन नंबर के आधार पर चालक की तलाश में जुटी है।

## लखनऊ व्यापार मण्डल के परिक्षेत्र में 9 संगठनों का एक साथ हुआ भव्य शपथ ग्रहण समारोह

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ । लखनऊ व्यापार मण्डल के परिक्षेत्र में 9 संगठनों का गठन कर शपथ ग्रहण समारोह सोमवार को सीतापुर रोड स्थित खदरा चुंगी पर सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक नीरज बोरा तथा नगर महापौर सुषमा खर्कवाल रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता लखनऊ व्यापार मण्डल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र ने की। इस मौके पर मुख्य अतिथि द्वारा नव निर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर मुख्य अतिथि बृजेश पाठक ने ख़दरा व्यापार मंडल के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों एवं समस्त व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहा कि व्यापार मंडल समाज और अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार व्यापारियों की सुरक्षा, सम्मान एवं सुविधाओं के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है तथा व्यापारियों की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु प्रशासन को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने नवगठित व्यापार मंडल की सराहना करते हुए कहा कि संगठित व्यापारी समाज क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने व्यापारियों से आपसी एकता, अनुशासन एवं सहयोग बनाए रखने का आह्वान किया, जिससे क्षेत्र में व्यापारिक वातावरण और अधिक सुदृढ़ एवं सुरक्षित बन सके। वहीं इस मौके पर उन्होंने आश्वासन दिया कि सरकार व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए हर संभव कदम उठाएगी तथा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर शासन एवं प्रशासन सदैव उनके साथ खड़ा रहेगा। विशिष्ट अतिथि विधायक नीरज बोरा ने व्यापारियों से एकजुट होकर क्षेत्र के विकास में सहयोग करने का आह्वान किया तथा विश्वास दिलाया कि उनके हर उचित कार्य में पूर्ण सहयोग प्रदान किया जाएगा। महापौर सुषमा खर्कवाल ने ख़दरा व्यापार मंडल की नवगठित 9 इकाइयों के पदाधिकारियों एवं समस्त व्यापारियों को शुभकामनाएं दीं। लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र ने अपने संबोधन में कहा कि व्यापार मंडल सदैव व्यापारियों के हितों की रक्षा एवं उनकी समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध रहा है। उन्होंने ख़दरा व्यापार मंडल की नवगठित 9 इकाइयों के गठन पर सभी पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि संगठित व्यापारी समाज ही अपनी आवाज को मजबूती से शासन एवं प्रशासन तक पहुँचा सकता है। उन्होंने कहा कि व्यापारियों की सुरक्षा, सम्मान एवं सुविधाओं को सुनिश्चित करना व्यापार मंडल की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इसके लिए संगठन निरंतर प्रयासरत रहेगा।

## इंडियन रेडक्रास सोसाइटी ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल, राहत सामग्री का वितरण



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ । पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में जरूरतमंद एवं निर्बल आय वर्ग के लोगों के लिए राहत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत महिलाओं और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को निशुल्क कंबल, तारपोलिन और किचन सेट वितरित किए गए।यह वितरण कार्यक्रम इंडियन रेडक्रास सोसाइटी उत्तर प्रदेश राज्य शाखा राजनवाब अली रोड द्वारा आयोजित किया गया। बढ़ती ठंड को देखते हुए बड़ी संख्या में लोगों को राहत सामग्री प्रदान की गई, जिससे जरूरतमंद परिवारों को काफी राहत मिली।कार्यक्रम में रेडक्रॉस के सचिव रामानंद कटियार, रजनीश दोबियाल और डॉ. दिनेश चंद्र गुप्ता सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही भाजपा की नगर अध्यक्ष सीता नेगी, नगर महामंत्री अर्चना साहू एवं पश्चिम मंडल अध्यक्ष पुष्पा सिंह भी अपने कार्यकर्ताओं के साथ मौजूद रहीं।आयोजकों ने बताया कि समाज के कमजोर वर्गों की सहायता के लिए आगे भी ऐसे कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे सराहनीय कदम।

## विद्यालय में नहीं होती है शौचालयों कि सफाई, बाहर जाते हैं बच्चे

## खेल कूद के मैदान में महिलाएं डालती हैं गोबर, बनाती हैं कंडे

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




लखनऊ । विकास खंड गोसाईगंज की ग्राम पंचायत काजी खेड़ा में हर काम विचित्रता दिखाई पड़ी। यहां के खेल कूद के मैदान महिलाओं ने कब्जा कर रखा है। वे यहां गोबर डालती है और कंडे बनाती है। इस स्थान के सामने ही बना हुआ आरबीसीसेंटर भी यूजलेस है।इस कमरे में ताला भी नहीं लगा है। यहीं पर कूड़ा निस्तारण केन्द्र में भी ताला लगा हुआ दिखाई दिया।

काजीखेड़ा गांव के जूनियर हाईस्कूल स्कूल की स्थिति भी अच्छी नहीं दिखाई पड़ी।काजीखेड़ा गांव में खेल - कूद के मैदान में हर जगह गोबर के कंडे ही नजर आते हैं। लगता है कि यह स्थान इसी काम के लिए बनाया गया है। इसी लिए उस स्थान पर पूरी तरह से कब्जा कर लिया गया है। महिलाएं वहां उपले (कंडे) बनाती हैं। ऐसी स्थिति में गांव के बच्चे युवक कहां खेलेंगे और कहां बैठ कर मनोरंज करेंगे? यह सवाल उठना स्वाभाविक रूप से उठ रहा है।गांव के लोगो के अनुसार इस मामले पर ग्राम प्रधान ने मौन धारण कर रखा है। वह कुछ कहना नहीं चाहते हैं।काजीखेड़ा गांव के क्रीडा स्थल के ठीक सामने बने हुए जूनियर हाईस्कूल विद्यालय में सामान्य व दिव्यांग बच्चों के लिए बने हुए की सफाई नहीं की जाती है। सभी बच्चों को मल - मूत्र निस्तारण के लिए बाहर जाना पड़ता हैं। इस बात को विद्यालय की शिक्षिकाओं द्वारा भी स्वीकार किया गया।इस विद्यायल के अंदर एक सोखता गड्ढा बना हुआ ढक्कन न होने के कारण बच्चों के लिए खतरा बना हुआ। मिली जानकारी के अनुसार इसी गद्दे में बच्चों के कई बार गिरने की बात भी कही जा रही है। के मामले को सफाई कर्मी राजेश कुमार उर्फ परदेशी ने भी शौचालयों के बंद होने की बात कही गई। उसने कहा कि विकलांग शौचालय की चाबी उसे कभी नहीं दी गई इस लिए वह उसकी सफाई नहीं कर पाया।विद्यायल परिसर में सफाईगांव की इन सभी समस्याओं के संबंध जब गांव की महिला प्रधान कंचन से बात करने के लिए मोबाइल फोन पर संपर्क किया गया तो दूसरी ओर से प्रधान के पति विजय शंकर की ओर से पूछे गए सभी प्रश्नों के उत्तर मे कहा गया कि ऐसा कुछ भी नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि कंडे है तो उन्हें हटवा दिया जाएगा। प्रधान के पति के अनुसार विद्यायल में बना शौचालय रिजेक्ट हो गया है।दूसरा बना हुआ है। उन्होंने कहा कि यदि खेल कूद के मैदान में कंडे है तो उन्हें हटवा दिया जाएगा। अंत में प्रधान के पति विजय शंकर ने कहा अधिक जानकारी चाहिए तो मेरे बेटे से संपर्क कर लो?एडीओ पंचायत कमल किशोर शुक्ला की ओर से मामले की जांच के बाद कार्यवाही की बात कही गई।

## फर्जी आधार व कूटरचित दस्तावेजों से मृतक की जमीन का बैनामा करने वाले तीन गिरफ्तार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

मोहनलालगंज, लखनऊ। फर्जी आधार कार्ड और कूटरचित दस्तावेजों के जरिए एक मृत व्यक्ति की भूमि का बैनामा कर धोखाधड़ी करने के मामले में मोहनलालगंज पुलिस ने तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने सभी आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है।

एसीपी मोहनलालगंज विकास कुमार पांडे ने बताया कि 31 जनवरी को गोसाईगंज थाना क्षेत्र के उमेदखेड़ा निवासी फूलमती ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर शिकायत दर्ज कराई थी। फूलमती के अनुसार उनके ससुर स्वर्गीय महावीर की खुजौली स्थित भूमि का बैनामा धोखाधड़ी से कर दिया गया है। आरोप लगाया गया कि परिवार के ही जेठ के पोते सुनील कुमार ने फर्जी आधार कार्ड और कूटरचित दस्तावेज तैयार कर 18 सितंबर 2025 को यह बैनामा कराया।शिकायत के आधार पर मोहनलालगंज थाने में मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस को अहम साक्ष्य मिले, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि सुनील कुमार ने अपने साथियों प्रकाश और रामलाल के साथ मिलकर इस धोखाधड़ी को अंजाम दिया।पुलिस के अनुसार, सुनील कुमार ने पूछताछ में स्वीकार किया कि उसने आर्थिक लालच में आकर मृतक महावीर के नाम से फर्जी आधार कार्ड तैयार कराया। इसके बाद स्वयं को मृतक बताकर भूमि का बैनामा कराया और बिक्री से प्राप्त धनराशि आपस में बांट ली, जिसे बाद में खर्च कर दिया गया।सोमवार सुबह करीब 9:50 बजे पुलिस टीम ने तीनों अभियुक्तों–सुनील कुमार, प्रकाश और रामलाल–को गोसाईगंज थाना क्षेत्र के उम्मेदखेड़ा मार्ग से गिरफ्तार किया। तीनों अभियुक्त उमेदखेड़ा, परेहटा, गोसाईगंज के निवासी बताए गए हैं।एसीपी ने बताया कि मामले में विधिक कार्रवाई पूरी करते हुए तीनों को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। पुलिस अब इस बात की भी जांच कर रही है कि इस गिरोह ने इसी तरह की अन्य वारदातों को अंजाम तो नहीं दिया है।

## नगर निगम का सिंगल यूज प्लास्टिक और गंदगी के विरुद्ध सख्त अभियान

❒ दो जोनों में विशेष कार्रवाई, 27,500 रुपये जुर्माना वसूला, प्रतिबंधित पॉलीथीन जब्त

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ । शहर में स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने तथा सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूर्ण प्रतिबंध सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर सोमवार को नगर निगम की टीमों ने विभिन्न जोनों में व्यापक अभियान चलाया। इस दौरान गंदगी फैलाने वालों, प्रतिबंधित पॉलीथीन का उपयोग एवं भंडारण करने वालों तथा बिना लाइसेंस तंबाकू उत्पाद बेचने वाले दुकानदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई।

जोन 3 के जोनल सेनेटरी अधिकारी मनोज यादव के नेतृत्व में सीतापुर रोड क्षेत्र में सघन अभियान चलाया गया। बाजार क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध 07 चालान काटे गए, जिनसे 4,300 रुपये की वसूली की गई।वहीं प्रतिबंधित पॉलीथीन पाए जाने पर 03 चालान जारी कर 2,000 रुपये का जुर्माना वसूला गया। बिना लाइसेंस तंबाकू एवं तंबाकू उत्पाद बेचने वाले दुकानदारों को लाइसेंस बनवाने के लिए जागरूक किया गया। नियमों का उल्लंघन करने वाली 05 दुकानों पर 21,200 रुपये का स्पॉट फाइन लगाया गया।इस प्रकार कुल 15 चालानों के माध्यम से 27,500 रुपये की धनराशि वसूल कर नगर निगम कोष में जमा कराई गई। अभियान में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक प्रमोद कुमार गौतम, सुमित मिश्रा, पुष्कर सिंह पटेल, श्रीमती अंकाक्षा गोस्वामी, प्रवर्तन दल-296 के कार्मिक तथा क्षेत्रीय सुपरवाइजर की संयुक्त टीम उपस्थित रही। इसी तरह से जोन-08 सेक्टर-जी एवं सेक्टर-बी, बरगवां रोड के आसपास क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। गंदगी फैलाने पर संबंधित दुकानों एवं प्रतिष्ठानों से 2,000 रुपये का अर्थदंड मौके पर वसूला गया। इसके अतिरिक्त प्रतिबंधित पॉलिथीन, प्लास्टिक एवं थर्माकोल के विक्रय और भंडारण पर 5,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया। लगभग 12 दुकानों की जांच के दौरान करीब 01 किलोग्राम पॉलीथीन जब्त की गई। जोनल सेनेटरी अधिकारी जोन-08 जितेंद्र गांधी के नेतृत्व में चले इस अभियान में मो. नईम, मीरा राव, वीरभद्र सिंह सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कभी कैनाल मजिस्ट्रेट की अदालत, आज शराबियों–जुआरियों का अड्डा

❒ बीकेटी में ब्रिटिश कालीन नहर कोठियां बदहाल, विभागीय लापरवाही पर बड़े सवाल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बख्शी का तालाब,लखनऊ। अंग्रेजी हुकूमत के समय जल प्रबंधन की सख्त और व्यवस्थित व्यवस्था का प्रतीक रहीं नहर कोठियां आज बदहाली की मार झेल रही हैं। कभी जहां कैनाल मजिस्ट्रेट बैठकर नहर कटान, अवैध सिंचाई और बकाया वसूली जैसे मामलों की सुनवाई करते थे, वहीं अब झाड़ियां, टूटी दीवारें और असामाजिक तत्वों की आवाजाही दिखाई देती है।

सीतापुर जिले के सीतापुर स्थित शारदा नगर प्रखंड से निकली नहर, जो बख्शी का तालाब विकास खंड की खेती की जीवनरेखा रही है, अंग्रेजों द्वारा सुनियोजित ढंग से विकसित की गई थी। नहर के किनारे अधिकारियों और कर्मचारियों के ठहराव तथा प्रशासनिक कार्यवाही के लिए विभिन्न स्थानों पर कोठियां बनाई गई थीं।सरौरा जंक्शन के बाद दौलतपुर और बेहटा कुर्सी में निर्मित नहर कोठियां अब वर्षों से खाली पड़ी हैं। दौलतपुर नहर कोठी करीब ढाई दशक से परित्यक्त है। लगभग 1.7 हेक्टेयर में फैले परिसर में मुख्य भवनों के साथ आम का बगीचा भी है, लेकिन देखरेख के अभाव में भवन खंडहर में तब्दील हो रहे हैं।दीवारों का प्लास्टर झड़ चुका है, छतें दरक रही हैं और परिसर में झाड़ियों का जंगल उग आया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सुनसान पड़ी सरकारी संपत्ति पर अराजकतत्वों का जमावड़ा रहता है, जहां शराबखोरी और जुआ जैसी गतिविधियां खुलेआम होती हैं।एक ओर सरकार ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण के बड़े दावे करती है, दूसरी ओर सिंचाई विभाग की यह संपत्ति उपेक्षा का शिकार है। सवाल यह है कि करोड़ों की जमीन और ऐतिहासिक महत्व की इन इमारतों की सुरक्षा व संरक्षण की जिम्मेदारी आखिर किसकी है? यदि समय रहते प्रशासन नहीं चेता, तो जल प्रबंधन के इतिहास की ये गवाही देती इमारतें पूरी तरह जमींदोज हो सकती हैं। यह सिर्फ एक भवन की बदहाली नहीं, बल्कि सरकारी संपत्ति और ऐतिहासिक विरासत की अनदेखी का बड़ा उदाहरण है।

# जेम्स ऑफ भारत थीम पर किड्जी स्कूल का वार्षिकोत्सव सम्पन्न

❒ कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अरविंद कुमार एडीएम वित्त एवं राजस्व ने दीप प्रज्वलन से किया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर । शहर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान किड्जी एलीमेंट्री स्कूल (प्ले ग्रुप से कक्षा 5 तक) द्वारा आयोजित वार्षिकोत्सव इस वर्ष जेम्स ऑफ भारत थीम पर अत्यंत भव्यता, सांस्कृतिक गरिमा एवं राष्ट्रभक्ति के उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अरविंद कुमार एडीएम वित्त एवं राजस्व ने दीप प्रज्वलन से किया। कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना से हुई। इसके बाद विद्यार्थियों ने छत्रपति शिवाजी महाराज के अद्वितीय शौर्य और पराक्रम पर आधारित ओजस्वी नृत्य-नाटिका प्रस्तुत की। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर विशेष प्रस्तुति दी गई, जिसमें संगठन की राष्ट्रनिर्माण यात्रा को प्रभावशाली रूप से दर्शाया गया। इसके साथ ही बच्चों ने देशभक्ति गीत गाए और ऐतिहासिक काकोरी कांड पर आधारित नाट्य मंचन किया। इसके अलावा तमाम महापुरुषों के वीरत्व को अत्यंत प्रभावशाली ढंग से मंचित किया गया और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।मुख्य अतिथि अरविंद कुमार ने विद्यालय की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों के व्यक्तित्व विकास, सांस्कृतिक जागरूकता एवं राष्ट्रप्रेम को सुदृढ़ करने में अत्यंत सहायक होते हैं। जब छोटी आयु में बच्चों को अपने राष्ट्रनायकों के आदर्शों से जोड़ा जाता है, तो वे भविष्य में जिम्मेदार नागरिक बनते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में ममता पांडेय, रुचि श्रीवास्तव, शिवांगी, प्रगति सैनी, निहारिका सिंह, काजल सक्सेना, निहारिका पाल, मोहित कुमार, नंदनी अग्रवाल, स्नेह कौशल, अमन कुमार, शिफा नाज, शीतल सिंह, उपासना वर्मा, गीतांजलि मिश्रा, बुशरा खान, श्वेता रस्तोगी, सुनीता सिन्हा, श्वेता बसी, प्रियंका सक्सेना, कनिष्का गुप्ता, शताक्षी, एराम नाज, निम्शा, आरती, वाणी, मिनल, कायनात, रिया, अंशिका मिश्रा, छवि, अंजलि एवं रितु सक्सेना का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में आरएसएस के महानगर संघ संचालक रमेश सक्सेना, सीओ सदर प्रयांक जैन, संस्थापक ट्रस्टी मंजू गुप्ता, प्रबंध ट्रस्टी अभिनव ओमर, सेंटर हेड रोशनी गुप्ता, वाइस प्रिंसिपल शिव्या श्रीवास्तव एवं हेमलता कमारा आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में ममता पांडेय, रुचि श्रीवास्तव, शिवांगी, प्रगति सैनी, निहारिका सिंह, काजल सक्सेना, निहारिका, मोहित, नंदनी अग्रवाल, स्नेह कौशल, शिफा नाज, शीतल सिंह, उपासना वर्मा, गीतांजलि, बुशरा खान, श्वेता रस्तोगी, सुनीता सिन्हा, श्वेता बसी, प्रियंका सक्सेना, कनिष्का आरती, वाणी, रिया, अंशिका मिश्रा, छवि, अंजलि एवं रितु सक्सेना का विशेष योगदान रहा।

# छत्रपति शिवाजी महाराज कर्मयोगी सम्मान से जनपद की तीन विभूतियां होंगी सम्मानित, जनपद में हर्ष की लहर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ यह सम्मान छत्रपति शिवाजी महाराज की 396 वीं जयंती के अवसर पर मालवीय सभागार लखनऊ विश्वविद्यालय में आयोजित समारोह में प्रदान किया जायेगा

बिसवां , सीतापुर। राष्ट्रीय कवि संगम के राष्ट्रीय मंत्री साहित्य भूषण कमलेश मौर्य मृदु सहित जनपद की तीन विभूतियों को छत्रपति शिवाजी महाराज कर्मयोगी सम्मान प्रदान किये जाने के निर्णय से जनपद में हर्ष की लहर दौड़ गई। यह सम्मान कला साहित्य के क्षेत्र में कमलेश मौर्य मृदु को , गो सेवा के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व क्षेत्र कार्यवाह रामकुमार वर्मा को मरणोपरांत तथा सामाजिक कार्यकर्ता के नाते भाजपा के जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला को प्रदान किया जाएगा।

यह सम्मान छत्रपति शिवाजी महाराज की 396 वीं जयंती के अवसर पर मालवीय सभागार लखनऊ विश्वविद्यालय में आयोजित समारोह में प्रदान किया जायेगा जिसके मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी व विशिष्ट अतिथि रमापति राम त्रिपाठी पूर्व सांसद एवं प्रदेश अध्यक्ष भाजपा व यूपी योग एसोशिएशन के अध्यक्ष नीरज सिंह होंगे। मुख्य वक्ता संघ के पूर्वी उत्तर प्रदेश के क्षेत्र संपर्क प्रमुख मनोज जी होंगे। आगामी 20 फरवरी को आयोजित इस समारोह की अध्यक्षता लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफ़ेसर जयप्रकाश सैनी करेंगे। इस समारोह का आयोजन डा . संजय शुक्ला के संयोजन में कर्मचारी सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा परिषद लखनऊ विश्वविद्यालय के तत्वावधान में किया जा रहा है। जनपद की साहित्यिक सामाजिक संस्थाओं की ओर से पुरस्कृत विभूतियों को बधाई देते हुए हर्ष प्रकट किया गया। बधाई देने वालों में पूर्व सांसद व पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा, क्षेत्रीय विधायक निर्मल वर्मा, सदस्य विधान परिषद पवनसिंह चौहान, पूर्व विधायक महेंद्र सिंह यादव, राष्ट्रीय कवि संगम के जिलाध्यक्ष कवि आनंद खत्री आनंद, संस्कार भारती के जिलाध्यक्ष अंबरीष श्रीवास्तव, रसिक काव्यमंच के संस्थापक रामकुमार रसिक, बिसवां लायर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष आनंद मेहरोत्रा, पूर्व अध्यक्ष बी एन गुप्ता, कालाकुंज भारती मासिक पत्रिका के संपादक पद्मकांत शर्मा प्रभात के नाम उल्लेखनीय हैं।

## किसान नेता ने उपजिलाधिकारी को किसानों के समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

लहरपुर, सीतापुर। राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के द्वारा सोमवार को नगर के लहरपुर गेट से पैदल मार्च कर नारेबाजी करते हुए उप अधिकारी को दिया गया ज्ञापन। राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के युवा मंडल अध्यक्ष अजीत कुमार वर्मा के नेतृत्व में उप जिलाधिकारी आकांक्षा गौतम को प्रधानमंत्री भारत सरकार को संबोधित एक ज्ञापन भारत अमेरिका के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौता में कृषि व दुग्ध उत्पादों को बाहर बाहर रखे जाने व एक ज्ञापन जिला अधिकारी को संबोधित गरीब एवं भूमिहीन महिलाओं को कृषि योग्य भूमि पट्टा व आवासीय पट्टा देने के लिए दिया गया।

# हरियाली का हत्यारा बना वन रक्षक!

❒ परमिट 5 पेड़ों का, कत्लेआम 15 का कैमरे में कैद जड़ें तक गायब

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सकरन, सीतापुर । वन विभाग जिसकी जिम्मेदारी जंगल और हरियाली की हिफाज़त है, उसी विभाग का एक वन रक्षक आज हरियाली का सबसे बड़ा दुश्मन बन बैठा है। रेंज बिसवां अंतर्गत आने वाले ग्राम बारासिंघा, गनेशी पुरवा व पचदेवरा में वन रक्षक अकील अहमद की कथित मिलीभगत से प्रतिबंधित प्रजाति के पेड़ों पर खुलेआम आरा चलाया गया।

सूत्रों के मुताबिक, सिर्फ 5 पेड़ों के कटान का परमिट जारी हुआ था, लेकिन मौके पर 10 पेड़ काट डाले गए, इतना ही नहीं, अतिरिक्त 5 पेड़ों की जड़ें तक खुदवा कर गायब कर दी गईं ताकि सबूत मिटाया जा सके। चौंकाने वाली बात यह है कि जड़ों को उखाड़ने की पूरी करतूत कैमरे में कैद है, बावजूद इसके वन विभाग की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

## कैमरे में कैद सबूत, फिर भी खामोशी

स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि कटान के बाद जब मामला उजागर हुआ, तो उसे रफा-दफा करने की कोशिशें शुरू हो गईं। जड़ें हटाकर जमीन समतल कर दी गई, ताकि यह साबित ही न हो सके कि वहां कभी पेड़ थे। यह सीधा-सीधा वन अधिनियम और पर्यावरण संरक्षण कानूनों का मज़ाक है।

## प्रतिबंधित प्रजातियों पर चला आरा

ग्रामीणों का कहना है कि जिन पेड़ों को काटा गया, वे प्रतिबंधित प्रजाति की श्रेणी में आते हैं, जिनका कटान बिना उच्च स्तरीय अनुमति के अपराध है। इसके बावजूद वन रक्षक की मौजूदगी और सहमति से यह अवैध कटान हुआ।

## पांच बड़े सवाल

5 पेड़ों के परमिट पर 15 पेड़ों का कटान कैसे? , जड़ें गायब कराने का आदेश किसने दिया? कैमरे में कैद सबूत होने के बाद भी कार्रवाई क्यों नहीं? ,क्या उच्च अधिकारी भी इस खेल में शामिल हैं?

मामले को लेकर जब वन क्षेत्राधिकारी बिसवां से वार्ता की गई तो उन्होंने बताया कि स्टाफ को भेजकर मौके की जांच करवाता हूं दोषी पाए जाने पर कार्यवाही की जाएगी।

## स्मैक पाउडर के साथ 02 तस्कर चढ़े पुलिस के हत्थे

शाहजहांपुर। थाना कटरा पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर हुलासनगला पुल पार बाईं ओर सर्विस रोड से दो मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से पुलिस टीम ने 82 ग्राम स्मैक पाउडर बरामद किया। पकड़े गए अभियुक्त थाना निगोही के मोहल्ला रामबाग निवासी अजान उर्फ मुन्नान पुत्र असलम और अब्दुल रजा पुत्र मोसीन खान हैं। पुलिस पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि वो लोग बरामद स्मैक पाउडर निगोही के रहने वाले सतेन्द्र से लेकर आए हैं और लाईखेड़ा गांव में रहने वाले छोटे को देने जा रहे थे। बताया कि वो लोग मादक पदार्थ की तस्करी करते हैं और उसी से अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया है और पूछताछ में आए तथ्यों के आधार पर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में कटरा थाना के प्रभारी निरीक्षक अवधेश कुमार सिंह के साथ उपनिरीक्षक सागर मानव, हेड कांस्टेवल अंकुर कुमार, कांस्टेवल अंकित नेहरा, योगेन्द्र कुमार और प्रवीण कुमार मौजूद रहे।

# अमन पब्लिक स्कूल में धूम धाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव

कैनविज टाइम्स संवाददाता



खैराबाद । विकास खण्ड खैराबाद की ग्राम पंचायत परसेहरा कलां के नेवादा में 10 वां वार्षिकोत्सव आयोजित किया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राकेश राठौर (गुरु जी) राज्य नगर विकास मंत्री की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।सर्व प्रथम मां सरस्वती जी की प्रतिमा का माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया। अपने सम्बोधन में उन्होंने बच्चों व उपस्थित अभिभावकों को जागरूक किया कि प्रत्येक दशा में अपने बच्चों को शिक्षा अवश्य दिखाएं।

मेरे लिए यह बहुत ही सौभाग्य की बात है कि आप लोगों ने मुझे चुना और विधानसभा तक पहुंचाने का काम किया। योगी सरकार में राज्य नगर विकास मंत्री का दर्ज़ा प्राप्त हुआ।मेरा हमेशा प्रयास रहेगा कि अपने गांव , जिला व राज्य का विकास करूं । मुझसे जो भी हो सकेगा विद्यालय के विकास के लिए सरकार से मांग करूंगा । विद्यालय के बच्चों द्वारा आयोजित विभिन्न प्रकार के प्रहसन नाटक व गीत प्रस्तुत किए गए जो उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विशिष्ट अतिथि मा0अचिन मेहरोत्रा पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा, सागर गुप्ता प्रतिनिधि शिवम गुप्ता, आमिर रिजवी प्रबंधक स्टडी प्वाइंट इण्टर कालेज खैराबाद, ब्लाक प्रमुख अजय विश्वकर्मा, युवा मोर्चा महामंत्री अनूप विश्वकर्मा, स्काउट गाइड लीडर मंगली प्रसाद, विद्यालय संरक्षक अशोक कुमार प्रजापति राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता, उत्तर प्रदेश पेंशनर्स कल्याण संस्था सीतापुर अध्यक्ष विश्वनाथ दीक्षित, मीडिया प्रभारी राम नाथ वर्मा, सरस्वती ज्ञान मंदिर कचनार प्रधानाचार्य धर्मपाल, संचालक श्री सिराजुद्दीन ग्राम प्रधान इशरत अली एन सी सी आफीसर नीतू सिंह, शिवम अग्रवाल डिग्री कॉलेज अमर जीत लोधी एवं खेल शिक्षक सूरज कुमार, मुख्य संचालक व डी सी ग्राफिक्स करीम नगर खैराबाद डी सी वर्मा,अमन पब्लिक स्कूल प्रधानाचार्य अजय राजपूत, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रमुख पूनम देवी, अर्चित श्रीवास्तव, कु0रोहणी, कौशलेंद्र यादव,कु0कहकशा, विद्यालय संरक्षक व कोटेदार मोहन लाल, विद्यालय का समस्त स्टाफ के अतिरिक्त सैकड़ों बच्चों के माता-पिता व अभिभावकों के अलावा सैकड़ों बच्चे उपस्थित थे।

# लखीमपुर खीरी कचहरी में सघन चेकिंग अभियान, बम धमकी के बाद सुरक्षा कड़ी

❒ यूपी की कई अदालतों को फोन कॉल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। लखीमपुर खीरी के कचहरी परिसर में सोमवार को सुरक्षा के मद्देनज़र सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। यूपी की कई अदालतों को फोन कॉल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर है। इसी क्रम में कचहरी परिसर और आसपास के इलाकों में पुलिस व पीएसी की संयुक्त टीम ने व्यापक तलाशी अभियान चलाकर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

बताया गया है कि सुबह से ही कचहरी परिसर में आने-जाने वाले लोगों की कड़ी जांच की गई। संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई और उनके बैग व सामान की तलाशी ली गई। परिसर में खड़ी दोपहिया और चारपहिया वाहनों की भी चेकिंग की गई। पुलिस टीम ने वकीलों, वादकारियों और आम नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए सतर्क रहने को कहा।अधिकारियों के अनुसार हाल ही में यूपी की कई कोर्ट को फोन कॉल के जरिए बम धमाके की धमकी मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह सतर्क हैं। किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए कचहरी परिसर में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। पीएसी जवानों के साथ डॉग स्क्वॉड और बम निरोधक दस्ता भी अलर्ट रखा गया है।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा के दृष्टिगत यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। कचहरी परिसर में बिना पहचान पत्र के प्रवेश पर निगरानी रखी जा रही है और हर संदिग्ध गतिविधि पर पैनी नजर है। अधिकारियों ने कहा कि फिलहाल स्थिति सामान्य है, लेकिन एहतियात के तौर पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गई है ताकि किसी भी तरह की अफवाह या खतरे को समय रहते रोका जा सके।प्रशासन ने आम लोगों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध वस्तु या व्यक्ति की जानकारी तुरंत पुलिस को दें और अफवाहों पर ध्यान न दें।

# होली व ईद को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए थाना रोजा में हुई पीस कमेटी की बैठक

❒ त्यौहारों को आपसी सौहार्द, भाईचारे एवं शांति पूर्ण वातावरण में मनाने की अपील

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। होली व ईद को सकुशल सम्पन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी सदर प्रयांक जैन की अध्यक्षता में थाना रोजा परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों, धर्मगुरुओं, जनप्रतिनिधियों एवं ग्राम प्रधानों आदि से त्यौहारों को आपसी सौहार्द, भाईचारे एवं शांति पूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की गई।क्षेत्राधिकारी सदर प्रयांक जैन ने कहा कि किसी भी प्रकार की नई परंपरा शुरू ना की जाए और पहले से चली आ रही परंपराओं का पालन प्रशासन की निर्धारित गाइडलाइन के अनुरूप किया जाए। कहा कि सोशल मीडिया पर भ्रामक अथवा आपत्तिजनक पोस्ट साझा न की जाए और किसी भी प्रकार की अफवाह की सूचना तत्काल पुलिस को दी जाए। जनपदीय पुलिस द्वारा त्यौहारों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के समुचित प्रबंध किए जाएंगे तथा अराजक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। अपील की है कि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल डायल 112 पर सूचना दें तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग प्रदान करें। बैठक में सभी ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

## न्यायालय की लिफ्ट में फंसा युवक, एक घंटे बाद सुरक्षित निकाला गया

**लखीमपुर खीरी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जनपद के न्यायालय परिसर में सोमवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब एक युवक अचानक कोर्ट की लिफ्ट में फंस गया। घटना की जानकारी मिलते ही न्यायालय परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और सुरक्षा कर्मियों व कर्मचारियों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी।करीब एक घंटे तक युवक लिफ्ट के अंदर फंसा रहा। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति का जायजा लिया और फायर ब्रिगेड टीम को भी बुलाया गया। संयुक्त प्रयासों के बाद पुलिस और फायरकर्मियों ने लिफ्ट का दरवाजा खोलकर युवक को सुरक्षित बाहर निकाला। बाहर आने पर युवक घबराया हुआ था, जिसे प्राथमिक रूप से संभाला गया।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, लिफ्ट अचानक तकनीकी खराबी के कारण बीच में रुक गई थी, जिससे युवक अंदर ही फंस गया। काफी देर तक लिफ्ट नहीं खुलने पर शोर मचने से लोगों को घटना की जानकारी हुई। इसके बाद प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया।बताया जा रहा है कि युवक को किसी तरह की गंभीर चोट नहीं आई है। हालांकि, घटना के बाद न्यायालय परिसर में सुरक्षा और लिफ्ट की तकनीकी व्यवस्था को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। अधिकारियों ने लिफ्ट की तकनीकी जांच कराने और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के निर्देश दिए हैं।पुलिस ने बताया कि सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची और फायर ब्रिगेड की मदद से लिफ्ट खोलकर युवक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। फिलहाल युवक पूरी तरह सुरक्षित है और स्थिति सामान्य है।

## वीरेश हत्याकांड के पांच आरोपी गिरफ्तार, जमीनी विवाद में की गई थी वीरेश की गोली मारकर हत्या

**शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना गढ़िया रंगीन क्षेत्र के खमरिया गांव निवासी 50 वर्षीय वीरेश की रविवार दोपहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। वीरेश अपने भतीजे के साथ कार से मंदिर में जलाभिषेक करने जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में आरोपियों ने कार से उनकी कार में टक्कर मार दी। इसके बाद वीरेश की गोली मारकर हत्या कर दी। वाहनों की टक्कर में पांच लोग घायल हुए थे। इस मामलें में वीरेश के बड़े भाई और भतीजों समेत 07 पर हत्या आदि धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गांव खमरिया निवासी मृतक के बड़े भाई आरोपी अवधेश सिंह, उसके पुत्र संजीत सिंह, प्रदीप सिंह, विपिन सिंह, सुरजीत सिंह और नरेश पुत्र चंद्रपाल सिंह तथा चन्दन पुत्र दिनेश नट के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने आज मुखबिर की सूचना पर अलग-अलग स्थानों से हत्यारोपी अवधेश सिंह, संजीत सिंह, विपिन सिंह, प्रदीप सिंह और नरेश को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सभी अभियुक्तों को विधिक कार्रवाई करते हुए कोर्ट में पेश किया। जहां से सभी अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया है। पुलिस अन्य फरार आरोपियों की तलाश में है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना गढ़िया रंगीन के प्रभारी निरीक्षक हरकेश सिंह के साथ उपनिरीक्षक रमेश चन्द्र तोमर, डालचन्द्र और विवेक कुमार आदि मौजूद रहे।

## लखनऊ नगर निगम का सघन अतिक्रमण विरोधी अभियान, जोन-7 और जोन-8 में बड़ी कार्रवाई

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगर निगम ने शहर में लगातार बढ़ रहे अवैध अतिक्रमण और उससे उत्पन्न यातायात बाधाओं को गंभीरता से लेते हुए सोमवार को व्यापक एवं बहुस्तरीय अभियान चलाया। यह कार्रवाई नगर आयुक्त श्री गौरव कुमार के निर्देश पर की गई। अभियान का उद्देश्य प्रमुख सड़कों, नालियों, सार्वजनिक स्थलों एवं फुटपाथों को अतिक्रमण मुक्त कर आम नागरिकों को सुरक्षित और सुगम यातायात उपलब्ध कराना है।जोन-7 में जोनल अधिकारी श्री रामेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में विशेष अभियान संचालित किया गया। इस दौरान कंचना बिहारी मार्ग से बसेरा मोड़ तक तथा सेक्टर-25 से खुर्रम नगर मोड़ तक सड़क की दोनों पट्टियों और नाली/नालों पर किए गए अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान 2 ठेलिया, 1 घरेलू सिलेंडर, 2 तराजू, 2 प्लास्टिक टेबल, 2 कुर्सियां एवं टट्टर-बांस-बल्लियां जब्त की गईं। साथ ही 4 काउंटर, 3 ठेले, 3 ठेलियां और 2 गुमटियां मौके से हटाई गईं। यह कार्रवाई अधीक्षक श्री विनय मौर्य, ईटीएफ टीम तथा 296 टीम की उपस्थिति में संपन्न हुई।इसी क्रम में जोन-8 में भी अतिक्रमण और अवैध होर्डिंग, बैनर एवं पोस्टरों के खिलाफ सख्त कदम उठाए गए। जोनल अधिकारी श्री विकास सिंह के नेतृत्व में 296 टीम की मौजूदगी में मेदांता हॉस्पिटल के आसपास अवैध रूप से लगाई गई गुमटियों को हटवाया गया। कार्रवाई के दौरान 1 बाटी-चोखा गाड़ी, 1 गन्ने की मशीन, 1 सिलेंडर और अन्य सामान जब्त किया गया। संबंधित व्यक्तियों को भविष्य में पुनः अतिक्रमण न करने की सख्त चेतावनी दी गई।

# अवैध शस्त्र फैक्ट्री पर छापेमारी, एक गिरफ्तार

❒ भारी मात्रा में अवैध शस्त्र, कारतूस व शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर । थाना निगोही पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम मिलकिया के बाहर कच्चे रास्ते पर बने खंडहर के मकान में संचालित अवैध शस्त्र फैक्ट्री पर छापेमारी की और मकान के बरामदे शस्त्र बनाते हुए निगोही क्षेत्र के गांव भटपुरा मिश्र निवासी संतोष पुत्र रामलाल को गिरफ्तार किया।

पुलिस ने मौके से 05 अवैध तमंचा, 02 जिन्दा व 05 खोखा कारतूस, 03 तमंचे की नाल और भारी मात्रा में शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद किए। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए अभियुक्त संतोष ने बताया कि वो अपने भाई सोनू उर्फ सोनपाल और सुखपाल के साथ मिलकर देशी तमंचे बनाता है। उसका भाई सुखपाल जनपद संभल और मुरादाबाद में उन देशी तमंचों को सप्लाई करता है। आज भी वो तीनों भाई मिलकर तमंचे बना रहे थे। कुछ देर पहले उसका भाई सोनू उर्फ सोनपाल और सुखपाल तमंचा बनाने का सामान लेने गए हैं। बताया कि तैयार किए गए तमंचों को वो आगामी पंचायत चुनाव में बेचने की तैयारी कर रहे थे। पुलिस ने पकड़े गए अभियुक्त के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है। पुलिस प्रकाश में आए अभियुक्त सोनू उर्फ सोनपाल और सुखपाल की तलाश में है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना निगोही के एसएसआई अमित कुमार के साथ एसआई पंकज कुमार और ऋषिपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# 39वीं मंडलीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। दो दिवसीय 39वीं मंडलीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ स्वर्ण जयंती स्टेडियम में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ फीता काटकर एवं मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन से हुआ।

नन्हे-मुन्ने बच्चों ने स्काउट बैंड की मधुर धुनों के साथ अतिथियों का स्वागत किया। ग्रामीण क्षेत्र के प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना, योग एवं रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। प्रथम दिवस जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने प्राथमिक स्तर बालिका वर्ग की 50 मीटर दौड़ को हरी झंडी दिखाकर प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया और कहा कि प्रतियोगिता में जो लगातार प्रयास करते हैं, वही सच्चे विजेता बनते हैं। सभी प्रतिभागियों को खेल भावना के साथ अपने विजय लक्ष्य को प्राप्त करने का हर संभव प्रयास करना चाहिए। भाजपा महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता ने कहा कि ग्रामीण अंचलों में छुपी प्रतिभाओं को निखारने का सशक्त माध्यम ऐसी प्रतियोगिताएं हैं। कार्यक्रम की आयोजक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिव्या गुप्ता ने बताया कि बरेली मंडल के पीलीभीत, बरेली, बदायूं एवं शाहजहांपुर से लगभग एक हजार छात्र-छात्राएं प्रतिभाग कर रहे हैं। पिछले तीन दिनों से शिक्षक एवं व्यायाम शिक्षक व्यवस्थाओं में पूर्ण समर्पण के साथ जुटे हैं, ताकि किसी भी प्रतिभागी को असुविधा न हो। प्रतियोगिता का संचालन प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री देवेश बाजपेई द्वारा किया गया। इस अवसर पर पीलीभीत बीएसए रोशनी सिंह, बरेली बीएसए प्रतिनिधि बीईओ शेरगढ़ मुकेश कुमार, बीएसए बदायूं, बीईओ मुख्यालय सुरेन्द्र मौर्या, बीईओ भावलखेड़ा विनय मिश्रा, जलालाबाद बीईओ शाहीन, शिक्षक संघ के प्रतिनिधियों में रविन्द्र पाल प्रजापति, राजकुमार तिवारी, धर्मेंद्र शर्मा, अंकुर त्रिपाठी, मैथिल, श्रेयस, उपेन्द्र गुप्ता, अनीस अहमद, संदीप मिश्रा, यशपाल सिंह, नितिन मिश्रा, ऋषिकांत पाण्डेय, रत्नाकर दीक्षित, वेद वर्मा, रामपूत पाल, विनीत गंगवार, भुवनेश गुप्ता, सचिन मिश्रा, दिनेश गंगवार, विश्राम सिंह, मंगरे लाल, अजय कुमार, अरविंद त्रिपाठी, देवेन्द्र सिंह, सचिन अवस्थी, पुनीत मिश्रा, विनायक मिश्रा, नागेन्द्र राज पाठक, राजकुमार, ब्रजेश कुमार, जुबैर आलम, सीमा सिंह, बबिता, शैली चैधरी, नीतू आर्या, रजनी बाला, गीता आदि मौजूद रहे। स्काउट बैंड एवं व्यवस्थाओं में स्काउट मास्टर दपिन्दर कौर एवं गाइड निकहत परवीन का विशेष सहयोग रहा।

# उत्तर प्रदेश बना फार्मा और स्वास्थ्य क्षेत्र में निवेश नवाचार और विश्वास का नया वैश्विक केंद्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। आज उत्तर प्रदेश अपनी पहचान 'ट्रस्ट, ट्रांसफॉर्मेशन और टाइमली डिलीवरी' के रोल मॉडल के रूप में स्थापित कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत' के संकल्प को धरातल पर उतारने और प्रदेश को फार्मा सेक्टर में अग्रणी मैन्युफैक्चरिंग और इनोवेशन हब बनाने के लिए राज्य सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। वर्तमान में उत्तर प्रदेश के पास न केवल देश का सबसे बड़ा कंज्यूमर मार्केट है, बल्कि फार्मा सेक्टर के लिए जरूरी विश्वस्तरीय इन्फ्रास्ट्रक्चर और कुशल वर्कफोर्स भी प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है। राज्य सरकार अपने प्रत्येक निवेशक को 'ट्रिपल एस' अर्थात 'सेफ्टी, स्टेबिलिटी और स्पीड' की गारंटी प्रदान कर रही है, जो औद्योगिक विकास के लिए अनिवार्य शर्त है।

फार्मा और हेल्थकेयर के क्षेत्र में मौजूद असीमित संभावनाओं को देखते हुए राज्य के विभिन्न जनपदों में क्लस्टर आधारित विकास किया जा रहा है। प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध ललितपुर जनपद में प्रदेश के पहले फार्मा पार्क के लिए भूमि अधिग्रहण का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हो चुका है। वहीं, जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के निकट लगभग 350 एकड़ क्षेत्र में मेडिकल डिवाइस पार्क का निर्माण युद्धस्तर पर जारी है। इस पार्क की सफलता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अब तक 100 से अधिक फार्मा कंपनियां इससे जुड़ चुकी हैं। निवेशकों की सुविधा के लिए यहाँ यू.एस.एफ.डी.ए. (नैथ्व।) टेस्टिंग लैब स्थापित करने का कार्य भी प्रारंभ कर दिया गया है। ललितपुर के फार्मा पार्क को हब एंड स्पोक मॉडल के रूप में विकसित किया जा रहा है, जिसमें आर. एंड डी. (त्-क) की अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में भी प्रदेश लंबी छलांग लगा रहा है। लखनऊ में एक वर्ल्ड क्लास फार्मा इंस्टीट्यूट के निर्माण की दिशा में कदम बढ़ाए गए हैं, जबकि गौतमबुद्धनगर, बरेली और पूर्वी उत्तर प्रदेश में भी नए फार्मा पार्क विकसित करने की योजना पर कार्य हो रहा है। नवाचार को बढ़ावा देने के लिए आई.आई.टी. कानपुर के सहयोग से 1,200 करोड़ रुपये की लागत से 'मेड-टेक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' विकसित किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, एस.जी.पी.जी.आई. को दूसरे सेंटर के रूप में तैयार किया जा रहा है। लखनऊ पहले से ही सी.डी.आर.आई. और एन.बी.आर.आई. जैसी राष्ट्रीय स्तर की चार केंद्रीय प्रयोगशालाओं का केंद्र है, जो अनुसंधान के क्षेत्र में प्रदेश की स्थिति को मजबूत करती हैं। नीतिगत मोर्चे पर उत्तर प्रदेश अब पॉलिसी पैरालिसिस के दौर से बाहर निकल चुका है। प्रदेश में वर्तमान में 34 सेक्टोरियल पॉलिसीज प्रभावी हैं, जो निवेशकों को स्पष्टता और सुरक्षा प्रदान करती हैं। निवेश की प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए सिंगल विंडो प्लेटफॉर्म के माध्यम से सुविधाएं दी जा रही हैं और पॉलिसी के दायरे में रहकर समयबद्ध तरीके से इंसेंटिव वितरण सुनिश्चित किया जा रहा है। फार्मास्यूटिकल और मेडिकल डिवाइस नीति के तहत सब्सिडी, स्टांप ड्यूटी में छूट और निर्यात प्रोत्साहन की बेहतरीन व्यवस्था है। साथ ही, एफ.डी.आई. और फॉर्च्यून-500 पॉलिसी के माध्यम से वैश्विक निवेश को आमंत्रित करने के बड़े अवसर सृजित किए गए हैं।

विशेष बात यह है कि उत्तर प्रदेश का यह विकास केवल औद्योगिक नहीं बल्कि संतुलित और पर्यावरण के अनुकूल भी है। पिछले 9 वर्षों में भौतिक विकास के साथ-साथ प्रदेश ने अपने फॉरेस्ट कवर में भी उल्लेखनीय वृद्धि की है। बेहतर कनेक्टिविटी और जवाबदेह प्रशासन के दम पर उत्तर प्रदेश आज फार्मा निवेश का पसंदीदा गंतव्य बन चुका है। केंद्र की दूरदर्शी नीतियों और राज्य सरकार के जमीनी प्रयासों के समन्वय से उत्तर प्रदेश अब फार्मा और बायोफार्मा मैन्युफैक्चरिंग के वैश्विक केंद्र के रूप में भारत की वैश्विक नेतृत्व क्षमता को नई शक्ति प्रदान कर रहा है।

## होली रमज़ान साथ, सौहार्द का संदेश

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। बदायूं में इस वर्ष होली और रमज़ान का दुर्लभ संयोग देखने को मिलेगा। रमज़ान 17 या 18 फरवरी से शुरू होने की संभावना है,जबकि होली 4 मार्च को मनाई जाएगी। लगातार तीसरे साल दोनों पर्व साथ पड़ रहे हैं, जिससे आपसी भाईचारे और सांस्कृतिक सौहार्द का संदेश मजबूत हो रहा है। करीब 30 वर्ष बाद रमज़ान फरवरी में शुरू हो रहा है, जिससे ठंडे मौसम में रोज़ों को लेकर खासा उत्साह है।

## समाधान दिवस का आयोजन, शिकायतों के निष्पक्ष निस्तारण के निर्देश

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। बदायूं में अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) डॉ. हृदेश कठेरिया ने थाना दिवस/समाधान दिवस के अवसर पर थाना वजीरगंज में पहुंचकर फरियादियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने प्राप्त शिकायतों के विधिक एवं समयबद्ध निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही जन शिकायतों की निष्पक्ष जांच कर त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने पर जोर दिया। थाना दिवस/समाधान दिवस रजिस्टर का भी निरीक्षण कर उसे अद्यावधिक रखने के निर्देश दिए गए। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) द्वारा थाना बिसौली में आगामी त्योहारों के मद्देनज़र क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों के साथ पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आपसी सौहार्द एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई।

## कछला गंगा स्नान आई किशोरी को प्रेमी संग फरार, दो युवकों पर रिपोर्ट दर्ज

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। बजीरगंज थाना क्षेत्र की एक किशोरी अपने परिजनों संग कछला गंगा स्नान को आई। जो वहीं से गायब हो गई।किशोरी के पिता ने बजीरगंज थाने के गांव वगरैन निवासी अर्जुन पुत्र बल्लू व संभल जिले के बहजोई थाने के गांव अतरासी निवासी राहुल प्रजापति पुत्र प्रेम के खिलाफ बेटी को बहला-फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है इंस्पेक्टर प्रवीण कुमार ने जांच सबइंस्पेक्टर दिनेश सिंह को सोंपी है।

## सिद्व बाबा इंटर कालेज शरह बरौलिया में बोर्ड परीक्षा की तैयारी पूर्ण

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। 18 फरवरी से शुरू हो रही माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज द्वारा संचालित परीक्षाओं की बिसौली क्षेत्र के सिद्व बाबा इंटर कालेज शरह बरौलिया में परीक्षा की तैयारी पूर्ण हो गयी। केंद्र व्यवस्थापक राजकुमार शर्मा के अनुसार विभाग से प्राप्त प्रश्नपत्रों को वाह्य केंद्र व्यवस्थापक महावीर प्रसाद व स्टेटिक मजिस्ट्रेट डॉ रत्न लाल सिंह पशुधन विकास अधिकारी की उपस्थिति में सीसीटीवी की निगरानी में स्ट्रांग रूम में सील्ड कर रख दिए गए।स्ट्रांग रूम में लगे सीसीटीबी कैमरे

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत बालिकाओं को दिया गया प्रशिक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सम्भल । जिलाधिकारी के दिशानिर्देशों के क्रम में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत आयोजित आत्म रक्षा प्रशिक्षण के अंतर्गत आज दिनांक 16.2.2026 को शहीद गिरीश चंद कंपोजिट विद्यालय में बालिकाओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया गया जिससे कि वह विपरीत परिस्थितियों में विरोधी का डटकर मुकाबला कर सकें, प्रशिक्षक सुरेश कुमार व सृष्टि ने छात्राओं को फ्रंट किक, बेसिक किक, नकल पंच आदि की ट्रेनिंग दी, सुरेश कुमार ने बताया कि सभी छात्राएं मार्शल आर्ट सीखने में काफी रुचि ले रही हैं तथा अधिकतम संख्या में उपस्थित हैं।जिला प्रोबेशन अधिकारी चन्द्र भूषण ने बताया कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत जिले के जूनियर हाई स्कूल व कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में बेटियों को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया जा रहा है द्य छात्राओं को प्रशिक्षण के साथ-साथ सरकार द्वारा महिलाओं और बालिकाओं के हितार्थ चलाई जा रही योजनाओं यथा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन, छात्रवृति , मुख्यमंत्री बाल सेवा आदि चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया गया, जिससे बालिकाओं/महिलाओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं की जानकारी और पात्र महिलाओं/बालिकाओं को योजनाओं का लाभ मिल सके ।

## ए पी एस इंटरनेशनल स्कूल उझानी में कक्षा 10 के विद्यार्थियों के लिए 'स्पेशल ब्लैसिंग डे' मनाया

बदायूँ। उझानी में कक्षा 10 के विद्यार्थियों के लिए 'स्पेशल ब्लैसिंग डे' मनाया गया। शनिवार को ए0 पी0 एस0 इंटरनेशनल स्कूल, उझानी में, सी0 बी0 एस0 ई0 बोर्ड परीक्षा 2025-26 में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों के लिए 'स्पेशल ब्लैसिंग डे' का आयोजन किया गया। इस दिवस के आयोजन का उद्देश्य, परीक्षा पूर्व परीक्षार्थियों में आत्मविश्वास तथा सकारात्मक ऊर्जा बढ़ाना था। उपप्रधानाचार्या श्रीमती मीनाक्षी शर्मा ने विद्यार्थियों को परीक्षा से संबंधित जानकारी दी तथा इन दिनों स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने को कहा।प्रधानाचार्य श्री रविंद्र भट्ट ने प्रश्न हल करने तथा उत्तर पुस्तिका प्रविष्टि के संदर्भ में बताया। आपने माइंडसेट की बात की तथा मोबाइल से दूरी बनाए रखने को कहा। कक्षा 10 के सभी विषयों के शिक्षक, शिक्षिकाओं ने प्रश्न पत्र से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। विद्यालय के प्रबंधन तंत्र ने सभी विद्यार्थियों को परीक्षा में सफलता पाने व उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएँ दीं। विद्यालय के प्राचार्य, प्रधानाचार्य, उप प्रधानाचार्या व शिक्षक व शिक्षिकाओं ने परीक्षा में सफलता के लिए शुभकामनाएँ दीं। विद्यार्थियों तथा शिक्षक, शिक्षिकाओं के लिए जल-पान की व्यवस्था की गई।

# महाविद्यालय में तीन दिवसीय क्रीड़ा समरोह का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। राजकीय महिला महा विद्यालय बदायूं में दिनांक 14/02/26 को तीन दिवसीय दशम क्रीड़ा समारोह का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्या डॉ वंदना द्वारा बैडमिंटन, शतरंज ,कैरम आदि खेलों का फीता काटकर किया गया। प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में बच्चों को बताया की वर्तमान परिप्रेक्ष्य में खेलोगे कूदोगे बनोगे नवाब की सार्थकता है। क्रीड़ा प्रभारी डॉ सतीश कुमार ने क्रीडा प्रारंभ होने से पूर्व छात्राओं को शपथ दिलाया एवं खेल के सारे नियम बताएं प्रथम दिन कैरम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 90 छात्राओं ने प्रतिभाग किया जिसके संयोजक एवं निर्णायक डॉ बृजेश कुमार एवं कुमारी सरिता गौतम रहीं। कैरम प्रतियोगिता में अलीशा बी, बी.ए चतुर्थ सेमेस्टर प्रथम स्थान , द्वितीय स्थान पर प्रतिक्षा मिश्रा बी ए द्वितीय सेमेस्टर एवं तृतीय स्थान सना बीएस सी द्वितीय सेमेस्टर नें प्राप्त किया। शतरंज प्रतियोगिता के अंतर्गत लगभग 20 छात्राओं ने प्रतिभा किया जिसके संयोजक एवं निर्णायक डॉ ऋषभ भारद्वाज तथा श्रीमती अर्चना पांडेय रहे। शतरंज में प्रथम स्थान शाहीन सैफी बी.ए षष्ठ सेमेस्टर, द्वितीय स्थान गौरवी साहू बीएस. सी चतुर्थ सेमेस्टर एवं तृतीय स्थान हंसमुखी बी.ए षष्ठ सेमेस्टर रहीं। बैडमिंटन के क्वार्टर फाइनल में लगभग 160 लड़कियों ने प्रतिभाग किया कार्यक्रम में महाविद्यालय परिवार के श्री रोहित कुमार, श्रीमती अफसाना खातून एवं श्री राजीव पाली आदि समस्त महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

## बदायूं मेडिकल कॉलेज में हैपेटाइटिस उ ।ए उपचार केंद्र का शुभारंभ


कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। बदायूं के राजकीय मेडिकल कॉलेज, बदायूं में हेपेटाइटिस बी एवं सी उपचार केंद्र का विधिवत शुभारंभ किया गया। उद्घाटन के मौके पर प्राचार्य प्रो.अरुण कुमार ने कहा कि यह पहल जनस्वास्थ्य के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम है और संक्रमण की रोकथाम में सहायक सिद्ध होगी व जिले और आसपास के मरीजों को क्क्ष्ध्थप्द्धप्द्धप उ और ए की जांच, निःशुल्क उपचार, परामर्श और नियमित फॉलोअप की सुविधा एक ही स्थान पर मिलेगी। उप प्राचार्य डॉ नेहा सिंह ने कहा कि उपचार केंद्र आमजन विशेषकर गरीबों के उपचार के लिए किसी संजीवनी से कम साबित नहीं होगा। प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ विपिन ने बताया कि यह केंद्र लीवर रोगियों के लिए वरदान सिद्ध होगा। पूर्व में जांच के नमूने लखनऊ भेजे जाते थे, जिनकी रिपोर्ट आने में लगभग एक माह का समय लग जाता था। अब जांच यहीं उपलब्ध होगी और अगले ही दिन परिणाम मिल सकेगा, जिससे उपचार शीघ्र प्रारंभ कर मरीजों के बेहतर स्वास्थ्य की दिशा में प्रभावी कदम उठाया जा सकेगा। उपचार केंद्र प्रभारी/नोडल अधिकारी नीतेश पति तिवारी ने कहा इस केंद्र के शुरू होने से पहले जांच के नमूने लखनऊ भेजे जाते थे, जिससे रिपोर्ट आने में लगभग एक माह का समय लगता था। अब अगले ही दिन रिपोर्ट उपलब्ध होगी, जिससे मरीजों का इलाज समय पर शुरू किया जा सकेगा। उद्घाटन कार्यक्रम का हवन पूजन विधिविधान पूर्वक आचार्य संजीव कुमार शर्मा ने संपन्न करवाया।

# वाराणसी में 17 से 19 फरवरी तक होगा अंतरराष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन

एजेंसी

वाराणसी। उत्तर प्रदेश के वाराणसी जनपद में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के पालि एवं बौद्ध अध्ययन विभाग की ओर से 17 से 19 फरवरी 2026 तक तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। यह सम्मेलन केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान, उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग और तोयो विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होगा। इसका मुख्य उद्देश्य पालि साहित्य, बौद्ध दर्शन, त्रिपिटक अध्ययन, अलग-अलग बौद्ध परंपराओं की तुलना, बौद्ध संस्कृति और विरासत, पांडुलिपि विज्ञान और आज के समय में बौद्ध विचारों की अहमियत जैसे विषयों पर गंभीर चर्चा करना है। तीन दिनों में कुल 80 चुने हुए शोध-पत्र प्रस्तुत किए जाएंगे।



काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजीत चतुर्वेदी ने सोमवार को बताया कि अंतरराष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन कार्यक्रम में म्यांमार, कोरिया, श्रीलंका, नेपाल, कंबोडिया, जापान, थाईलैंड और वियतनाम समेत कई देशों के विद्वान, शोधकर्ता, प्रोफ़ेसर और विषय विशेषज्ञ शामिल होंगे। कार्यक्रम में तकनीकी सत्रों में पालि त्रिपिटक, अट्ठकथा परंपरा, बौद्ध तर्कशास्त्र, थेरवाद और महायान दर्शन, तुलनात्मक बौद्ध अध्ययन और अंतरराष्ट्रीय बौद्ध संवाद जैसे विषयों पर शोध-पत्र पढ़े जाएंगे। 17 फरवरी 2026 को होने वाले उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि प्रो. सिद्धार्थ सिंह, कुलपति, नव नालंदा महाविहार होंगे। सत्र की अध्यक्षता प्रो. रवींद्र पंथ, अंतरराष्ट्रीय बौद्ध कनफ़ेडरेशन करेंगे। संरक्षिका के रूप में सुषमा घिल्दियाल मौजूद रहेंगी। विशिष्ट अतिथि के तौर पर प्रो. केंजी ताकाहाशी, तोयो विश्वविद्यालय, टोक्यो (जापान) अपने विचार साझा करेंगे।

कुलपति ने कहा कि 19 फरवरी 2026 को आयोजित समापन सत्र की अध्यक्षता प्रो. उमा शंकर व्यास, पूर्व निदेशक, नव नालंदा महाविहार करेंगे। मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. राजेश रंजन, कुलपति, केन्द्रीय बौद्ध अध्ययन संस्थान शामिल होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. तोमोयोकी यामाहाता, होक्काइदो विश्वविद्यालय और डॉ. के. सिरी सुमेध थेरो, अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान के सदस्य मौजूद रहेंगे। समापन सत्र में सम्मेलन की सिफारिशें (संस्तुतियां) पेश की जाएंगी। साथ ही भविष्य में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बौद्ध शोध सहयोग को और मजबूत करने की योजना भी घोषित की जाएगी।

## टेबल टेनिस में सुहालिया और अर्पित कैरम में सोनाली बनी चैम्पियन

बदायूँ। राजकीय महाविद्यालय बदायूं में चल रहे दो दिवसीय इंडोर क्रीड़ा प्रतियोगिता के अन्तिम दिन टेबल टेनिस और कैरम की प्रतियोगिता कराई गई। छात्र वर्ग की टेबल टेनिस प्रतियोगिता में अर्पित ने प्रथम स्थान प्राप्त कर चैम्पियन बने। छात्रा वर्ग में सुहालिया खान ने टेबल टेनिस की चैंपियनशिप अपने नाम किया। छात्रों में दूसरा स्थान आजिंक्य को मिला । तीसरे स्थान पर विशाल पाराशरी रहे। छात्राओं में दूसरा स्थान प्रतीक्षा और तीसरा स्थान अस्मिता सागर को प्राप्त हुआ। कैरम प्रतियोगिता में बीएससी पंचम सेमेस्टर की छात्रा सोनाली विजेता तथा एमए तृतीय सेमेस्टर की छात्रा अलीशा उप विजेता बनी। भावना सागर को तीसरा स्थान मिला। निर्णायक की भूमिका डॉ सारिका शर्मा, डॉ गौरव कुमार सिंह एवं डॉ जुनैद आलम ने निभाई। स्कोरर की भूमिका में डॉ अनिल कुमार, डॉ सचिन राघव एवं डॉ संजय कुमार रहे। सभी प्रतियोगिताएं क्रीड़ा प्रभारी डॉ हुकुम सिंह की देखरेख में सम्पन्न हुआ। विजेता खिलाड़ियों को प्राचार्य डॉ अनिल कुमार गणित ने मेडल पहना कर एवं प्रमाणपत्र प्रदान किया ।

## बोर्ड परीक्षा की तैयारी हुई पूर्ण

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। बिसौली क्षेत्र के सिद्व बाबा इंटर कालेज शरह बरौलिया में 18 फरवरी से शुरू हो रही उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाओं की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कॉलेज प्रबंधन ने परीक्षाओं को शांतिपूर्ण और नकल विहीन ढंग से संपन्न कराने के लिए विस्तृत रणनीति तैयार की है। विद्यालय में स्ट्रांग रूम बनकर तैयार है, साथ ही परीक्षार्थियों के बैठने के लिए कमरों में सिटिंग प्लान कार्य भी पूरा कर लिया गया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजकुमार शर्मा ने बताया शासन और प्रशासन के सभी निर्देशों का पालन करते हुए नकल विहीन परीक्षा संपन्न कराई जाएगी। वहीं परीक्षा प्रभारी विपलव भारती ने जानकारी दी कि आज सभी कक्ष निरीक्षकों की एक बैठक ली जाएगी। इस बैठक में शासन तथा जिला प्रशासन से प्राप्त निर्देशों की जानकारी दी जाएगी। इस परीक्षा केंद्र पर हाईस्कूल के 411 और इंटरमीडिएट के 325 परीक्षार्थी अपनी परीक्षाएं देंगे।

आंतरिक सचल दल प्रभारी नीरज चौहान के नेतृत्व में रामौतार मौर्य,प्रवीण मिश्रा,प्रमोद मिश्रा द्वारा परीक्षार्थियों को प्रति दिन तलाशी ली जाएगी।

## वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा 'फ्लोरा आइडेंटिफिकेशन' अभियान आयोजित

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता ।बदायूँ के राजकीय महाविद्यालय में वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा 'फ्लोरा आइडेंटिफिकेशन' अभियान आयोजित किया गया। डॉ. प्रियंका सिंह के निर्देशन में छात्र-छात्राओं ने परिसर के पेड़-पौधों की पहचान कर उनका वैज्ञानिक वर्गीकरण और डिजिटल दस्तावेजीकरण किया। प्रभारी प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार ने इसे पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया।

## झोपड़ी में आग, 55 किलो पाइप सहित अन्य सामान जल कर राख

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता ।उसावां थाना क्षेत्र में अज्ञात व्यक्ति ने लगाई झोपड़ी में आग 55 किलो पाइप सहित अन्य सामान जल कर हुआ राख।
दातागंज/उसावां: कस्बे के बर्ड नम्बर 10 निवासी सोनू सिंह की झोपड़ी में अज्ञात व्यक्ति द्वारा आग लगाने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि वह अपने खेत में झोपड़ी डालकर रह रहा था। जिसमें 55 किलो सिंचाई पाइप तथा जंगली जानवरों से फसल की सुरक्षा के लिए झटका मशीन और बड़ा बैट्रा रखा था। पीड़ित कल शाम को जब बाजार गया था तभी किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा झोपड़ी में आग लगा दी गई। पीड़ित सूचना पाकर जब खेत में पहुंचा तब तक सारा सामान जलकर राख हो चुका था। पीड़ित ने आज थाने पहुंचकर पुलिस को शिकायती पत्र दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक वीरपाल सिंह ने उक्त मामले की जांच कर उचित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।

## उझानी में बढ़ रहे रक्तचाप और शुगर के मरीज : सीएमएस

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता ।मौसम में बदलाव और सर्दी कम होने के बावजूद रक्तचाप (ब्लड प्रेशर) और शुगर (डायबिटीज) के मरीजों की संख्या में कमी नहीं आ रही है। जिला अस्पताल में रोजाना बड़ी संख्या में मरीज जांच के लिए पहुंच रहे हैं। चिकित्सकों के अनुसार अनियमित दिनचर्या, असंतुलित खान-पान, जंक फूड का अधिक सेवन और शारीरिक गतिविधियों की कमी के कारण ऐसे मरीजों की संख्या बढ़ रही है। अस्पताल में प्रतिदिन करीब 40 से अधिक लोग शुगर व रक्तचाप की जांच कराने पहुंच रहे हैं। जिला पुरुष चिकित्सालय अधीक्षक डॉ. अमित कुमार ने कैन्विज टाइम्स के रिपोर्टर को दूरभाष पर बताया कि सर्दी कम होने के बाद भी इन बीमारियों में कमी नहीं आई है। अधिक नमक, तली-भुनी चीजें और व्यायाम की कमी उच्च रक्तचाप और शुगर की समस्या को बढ़ा रही हैं। उन्होंने लोगों से नियमित स्वास्थ्य जांच, संतुलित आहार और सक्रिय जीवनशैली अपनाने की अपील की। ध्यान रखने योग्य बातें: ज्यादा तेल-मसाले और चिकनाई वाला भोजन कम करें। रोज सुबह हल्का व्यायाम या टहलना करें। नमक का सेवन सीमित रखें। धूम्रपान, तंबाकू और नशे से दूर रहें। तबीयत खराब होने पर तुरंत डॉक्टर से परामर्श लें।

## बदायूं में ट्रक की टक्कर से स्कूटी सवार घायल, चालक फरार

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता । शहर के अंदर बदायूं-बरेली हाईवे पर तेज रफ्तार ट्रक ने स्कूटी सवार युवक को पीछे से टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। घटना का लाइव सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। हादसे में गंभीर रूप से घायल भाजपा मंडल उपाध्यक्ष मुकेश मिश्रा को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। यह दुर्घटना थाना सिविल लाइंस थाना, बदायूं क्षेत्र में हुई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है और फरार ट्रक चालक की तलाश की जा रही है।

## जीवन प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने हेतु पेंशनरों को निर्देश जारी

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता ।वरिष्ठ कोषाधिकारी विकास चौधरी ने कोषागार बदायूँ से पेंशन प्राप्त कर रहे समस्त पेंशनर / पारिवारिक पेंशनर जिनकी पेंशन जीवित प्रमाण-पत्र समयान्तर्गत न देने के कारण वाधित हो गयी हो अथवा जिनके जीवित प्रमाण पत्र की समयसीमा समाप्त हो गयी हो, को जानकारी देते हुए बताया है कि वह अपना जीवित प्रमाण पत्र कोषागार कार्यालय में किसी भी कार्यदिवस में स्वयं उपस्थित होकर अथवा ऑनलाइन जीवन प्रमाण पत्र की बेबसाइट www.jeevanpramaan.gov.in पर अपलोड कर कोषागार बदायूँ में भेज सकते हैं। उन्होंने बताया कि इसके अलावा स्मार्टफोन के प्ले स्टोर में इनस्टॉल करें तथा पुनः प्ले स्टोर से ही इनस्टॉल कर व्यमद करें तथा अपना जीवित प्रमाण-पत्र कोषागार बदायूँ में प्रेषित कर सकते हैं. साथ ही ऐसे पेंशनर / पारिवारिक पेंशनर जिनकी मृत्यु हो चुकी हो, जिसकी सूचना कोषागार बदायूँ को नहीं दी गयी हो, की सूचना तत्काल कोषागार बदायूँ में देने का कष्ट करें। ताकि सम्बन्धित पेंशनर / पारिवारिक पेंशनर की पेंशन बन्द करते हुये अधिक भुगतानित धनराशि को बैंक से वापस मंगाकर शासकीय खाते में जमा की जा सके।

## प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ लडूंगा चुनाव: अलंकार अग्निहोत्री

देवरिया ।समान न्याय संघर्ष समिति ने सोमवार को महारानी चंडिका छात्रावास परिसर में एक महा पंचायत का आयोजन किया। इस दौरान सामाजिक न्याय, शिक्षा व्यवस्था, आरक्षण नीति और संवैधानिक अधिकारों जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। महापंचायत में निलंबित पीसीएस अधिकारी अलंकार अग्निहोत्री भी शामिल हुए। उन्होंने वर्ष 2029 में होने वाली लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ चुनाव लड़ने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा का नहीं, बल्कि व्यवस्था परिवर्तन और समान न्याय की लड़ाई का हिस्सा है। उन्होंने दावा किया कि देश में शिक्षा, रोजगार और सामाजिक न्याय से जुड़े मुद्दों पर व्यापक संवाद और जनजागरण की आवश्यकता है। इस दौरान उन्होंने यूजीसी की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि वर्तमान नीतियां छात्रों और शिक्षण संस्थानों के हितों के अनुरूप नहीं हैं। उन्होंने शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता, समान अवसर और शैक्षणिक स्वायत्तता सुनिश्चित करने की मांग की। अलंकार अग्निहोत्री ने उपस्थित लोगों से इस संघर्ष में सहभागी बनने और आंदोलन को जनआंदोलन का स्वरूप देने का आह्वान किया। अन्य वक्ताओं ने भी समिति के उद्देश्यों को विस्तार से बताते हुए कहा कि आने वाले समय में चरणबद्ध तरीके से आंदोलन चलाया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने सामाजिक न्याय, समान अधिकार और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए एकजुट होकर संघर्ष करने का संकल्प लिया ।

## महाशिवरात्रि पर बदायूं में रूट डायवर्ट, उझानीऽकछला मार्ग बंद

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। बदायूं में महाशिवरात्रि के अवसर पर प्रशासन ने यातायात व्यवस्था में अस्थायी बदलाव किए हैं। उझानीऽकछला मार्ग पर वाहनों की आवाजाही शनिवार सुबह 8 बजे से 15 फरवरी की शाम 6 बजे तक पूरी तरह बंद रहेगी। प्रशासन के अनुसार इस अवधि में हल्के और भारी वाहनों को उझानी बाइपास से मुजरियाऽसहसवान रोड की ओर डायवर्ट किया जाएगा।बदायूंऽमथुरा मार्ग पर आवागमन करने वाले वाहन गुन्नौरऽअलीगढ़ होकर गुजरेंगे, जबकि एटा और कासगंज की ओर जाने वाले वाहनों को कादरचौकऽकादरगंज मार्ग से भेजा जाएगा। प्रतिबंध के दौरान कोई भी वाहन उझानीऽकछला मार्ग से नहीं गुजरेगा। महाशिवरात्रि पर्व पर कछला गंगा घाट पर बड़ी संख्या में कांवड़ियों के पहुंचने की संभावना है। कांवड़िया कछला घाट से जल भरकर उझानी, बदायूं शहर और बिनावर होते हुए बरेली, पीलीभीत, लखीमपुर खीरी सहित अन्य जिलों की ओर प्रस्थान करेंगे। प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि निर्धारित वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें और यात्रा से पूर्व रूट की जानकारी अवश्य प्राप्त कर लें।

## गन्ना आपूर्ति करें किसान, पंजीकरण के बाद ही मिलेगा बीज

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। बदायूं के जिला गन्ना अधिकारी ने किसानों से पेराई योग्य गन्ना शीघ्र चीनी मिलों को उपलब्ध कराने की अपील की है। यदु शुगर मिल बंद होने के बाद क्रय केंद्रों को चीनी मिल रूपापुर, द्वारिकेश शुगर मिल फरीदपुर, चीनी मिल रजपुरा और वीनस शुगर मिल मझावली से संबद्ध किया गया है।

# जीवनदीप चिकित्सालय में प्रसूता की इलाज के दौरान मौत

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोंडा। जिले के नगर कोतवाली क्षेत्र स्थित जीव नदीप चिकित्सालय पर इलाज में लापरवाही का गंभीर आरोप लगा है।पयागपुर निवासी ती स वर्षीय पूजा सिंह की ऑपरेशन से डिलीवरी के पांच दिन बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने अस्पताल के डॉक्टर और कर्मचारि यों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवा ई की मांग की है। पूजा सिंह की मौत से पहले, इसी अस्पताल में दस फरवरी को उनकी डिली वरी हुई थी, जिसमें नवजात बच्चे की भी मौत हो गई थी।बच्चे की मौत के बाद पूजा सिंह की हालत बिगड़ गई थी, जिसके चलते पति सर्वेश सिंह ने उन्हें पांच दिनों से जीवनदीप चिकित्सा लय में उपचार चल रहा था। उपचार क़े दौरान पूजा सिंह की मौत हों थी.परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर इलाज में घोर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। सूचना मिलने पर गोंडा नगर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है।मृतका के देवर रामसिं ह ने बताया कि उनकी भाभी का इलाज इसी अस्पताल में चल रहा था।6 फरवरी को तबीय त खराब होने पर उन्हें भर्ती कराया गया।डॉक्ट रों ने जांच के बाद सामान्य स्थिति बताकर घर भेज दिया था।इसके बाद दस फरवरी तक सुब ह-शाम नियमित जांच और इंजेक्शन के लिए अस्पताल लाया जाता रहा। दस फरवरी को तबीयत बिगड़ने पर उन्हें रात में दोबारा भर्ती कराया गया।डिलीवरी के लिए ऑपरेशन किया गया,जिसमें डॉक्टरों ने बच्चे की मौत की जान कारी दी।बच्चे की मौत के बाद भी भाभी को अस्पताल में भर्ती रखा गया और बताया गया कि सब कुछ सामान्य है।पांच दिनों तक लगा तार इलाज चलता रहा, लेकिन आज अचानक उनकी हालत गंभीर हो गई और उनकी मौत हो गई।रामसिंह ने आरोप लगाया कि यह सब डॉ क्टरों की लापरवाही के कारण हुआ है। उन्होंने इस मामले में दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवा ई की मांग की है।वहीं जीवनदीप चिकित्सालय की डॉक्टर सुवर्णा कुमार ने बताया कि डॉक्टरों की कोई लापरवाही नहीं है उनकी तबीयत ज्या दा खराब थी और इसी के कारण उनकी मौत हो गई है।परिजन जो भी आरोप लगा रहे हैं पू री तरीके से निराधार है किसी भी अस्पताल द्वारा कोई भी लापरवाही नहीं की जाती है कि उसके यहां किसी मरीज की मौत हो जाए।आ गे परिजन आरोप लगाने के लिए स्वतंत्र हैं मेरा उसमें कुछ नहीं कहना है।

# केजीएन पब्लिक स्कूल में बच्चों के ब्रेन वॉश का आरोप, बीएसए ने दिए जांच के आदेश

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोंडा। जिले के कौड़िया बाजार थाना क्षेत्र में स्थिति केजीएन पब्लिक स्कूल सेहरिया चौराहा पर 'लव जिहाद' फैलाने और बच्चों के ब्रेन वॉश करने के लगे आरोपों को लेकर अब कार्रवाई की मांग तेज हो गई है।यह विद्यालय ना माध्य मिक मान्यता के इन आरोपों के बाद गोंडा के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह ने मामले की विस्तृत जांच के आदेश दिए हैं।प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि इस वि द्यालय को केवल कक्षा पांचवीं तक की मान्य ता प्राप्त थी लेकिन यहां पर हाईस्कूल तक के बच्चों को शिक्षा दी जा रही थी। बच्चों को यह बताया जा रहा था कि विद्यालय को हाईस्कूल तक की मान्यता प्राप्त है।जिला विद्यालय नि रीक्षक ने भी पुष्टि की है कि उनके विभाग से इस विद्यालय को माध्यमिक शिक्षा के लिए को ई मान्यता नहीं दी गई है।आरोपों के अनुसार विद्यालय में धार्मिक शिक्षाएं भी दी जाती थीं।




### शिक्षक पर छात्रा को परेशान करने का आरोप

नियमों का उल्लंघन करते हुए रविवार को भी विद्यालय खुला था और वहां कोचिंग चल रही थी। इसी कोचिंग में आरोपी परवेज खान भी पढ़ रहा था,जिस पर एक हिंदू छात्रा को इंस्टा ग्राम पर मैसेज भेजकर परेशान करने का आ रोप है जब छात्रा के भाई ने परवेज को छेड़ छाड़ और अश्लील मैसेज भेजने से रोका तो उसके साथ मारपीट की गई थी।पीड़ित छात्रा के पिता और स्थानीय हिंदू संगठनों ने विद्यालय के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।उन का आरोप है कि यहां मौलवी को बुलाकर ब च्चों का ब्रेनवॉश भी किया जा रहा था।इन आ रोपों के बाद अब हिंदू संगठन के लोगों में भी नाराजगी है उन्होंने भी कार्यवाही को लेकर के मांग उठाई है।पीड़ित छात्रा के भाई ने बताया कि जब उसने 'लव जिहाद' फैलाने की बात क ही तो विद्यालय में तैनात सलाउद्दीन हाफिज ने कथित तौर पर कहा, ''हां, हम लव जिहाद फै लाएंगे। बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कहा- जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।पुलिस ने चार लोगों को पूरे मामले में हिरासत में भी लेकर जांच शु रू कर दी है उनसे पूछताछ की जा रही है।

# यूपी बोर्ड परीक्षा: जिले 38,374 छात्र होंगे शामिल 72 परीक्षा केंद्रों पर हुई सख्त निगरानी की व्यवस्था

**एजेंसी**



उरई। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाएं 18 फरवरी से पूरे प्रदेश में एक साथ शुरू होने जा रही हैं। परीक्षा को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। अगर बात करें जिला जालौन की तो इस बार जिले से कुल 38,374 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। इनमें हाई स्कूल के 19,070 तथा इंटरमीडिएट के 19,304 विद्यार्थी शामिल हैं। जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडे ने बताया कि परीक्षाएं दो पारियों में आयोजित की जाएंगी, पहली पारी सुबह 8 बजे से 11:15 बजे तक और दूसरी पारी दोपहर 2 बजे से 5:15 बजे तक होगी। 72 परीक्षा केंद्रों पर निगरानी होगी। जिले में परीक्षा के लिए 72 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इनमें से 6 केंद्रों को संवेदनशील श्रेणी में रखा गया है, जहां विशेष निगरानी रखी जाएगी। परीक्षा की सुचिता बनाए रखने के लिए प्रशासन ने कड़े कदम उठाए हैं। परीक्षा व्यवस्था की निगरानी के लिए 15 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 5 जोनल मजिस्ट्रेट, 6 सचल दल और 3 मंडलीय सचल दल गठित किए गए हैं। ये टीमें परीक्षा अवधि के दौरान नियमित निरीक्षण करेंगी और किसी भी गड़बड़ी की स्थिति में तुरंत कार्रवाई करेंगी। सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए ताकि परीक्षा की प्रत्येक गतिविधि पर नजर रखी जा सके। परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र पर आधा घंटा पहले पहुंचने का निर्देश दिया गया है। प्रवेश से पूर्व उनकी सुरक्षा और पहचान संबंधी चेकिंग की जाएगी। इसके बाद ही उन्हें परीक्षा कक्ष में प्रवेश मिलेगा। परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्रों के आसपास स्थित फोटोकॉपी और इंटरनेट कैफ़े को बंद रखने के आदेश प्रशासन ने जारी किए हैं। इसका उद्देश्य किसी भी प्रकार की नकल या जानकारी के आदान-प्रदान को रोकना है। जिलाधिकारी ने कहा है कि परीक्षा को पूरी सुचिता, पारदर्शिता और शांति के साथ संपन्न कराया जाएगा। किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनुचित गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# चंद्रग्रहण के कारण चार मार्च को मनाया जाएगा होली का मुख्य पर्व : दाऊ जी

**बहराइच होली समिति कार्यक्रम को अंतिम रूप देने में जुटी**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बहराइच। होलिकोत्सव पर्व के मद्देनजर तैयारियां अंतिम चरणों में है।जिला प्रशासन व बहराइच होली समिति (रजि.) के समन्वय से होली पर्व को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने के लिए बैठकों का दौर जारी है।होलिकोत्सव महोत्सव के लिए बहराइच होली समिति के पदाधिकारियों,सदस्यों व कार्यकर्ताओं की एक बैठक समिति के अध्यक्ष दीपक प्रकाश सोनी दाऊ जी के चौक बाजार स्थित प्रतिष्ठान पर समपन्न हुई।बैठक में होली पर्व की तैयारियों के लिए व्यूह रचना बनाई गई।होलिकोत्सव रविवार 01 मार्च से 05 मार्च तक मनाया जाएगा।अध्यक्ष दीपक प्रकाश सोनी दाऊ जी ने बताया कि सोमवार दो मार्च को होलिका दहन मुहूर्त के अनुसार सम्पन्न होगा।मंगलवार 03 मार्च को चंद्रग्रहण होने के कारण होली का मुख्य पर्व 04 मार्च दिन बुधवार को मनाया जाएगा।होली पर्व के दिन सायंकाल 05 बजे से होली मिलन व रंगारंग कार्यक्रम एवं उपाधि वितरण घंटाघर प्रांगण में आयोजित किया जाएगा।वही दिनांक 05 मार्च को प्रातः 11 बजे से होली मिलन व प्रसाद वितरण कार्यक्रम त्रिमुहानी घाट स्थित हनुमान मंदिर तथा रात्रि को 8.30 बजे से घंटाघर प्रांगण में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा।बैठक में महामंत्री सुमित खन्ना,आनंद सभासद,लाल शर्मा,राघवेंद्र प्रताप सिंह,मनीष रस्तोगी,मनोज मिर्ची,मीडिया प्रभारी सचिन श्रीवास्तव,हेमा निगम, अनुराग रस्तोगी, कन्हैया सोनी, नितिन रूपानी, अनुज पांडेय,कल्याण सिंह, चौधरी पूरन सिंह, सुधाकर मिश्रा,राजेश रस्तोगी, देवेन्द्र मिश्रा,सत्येंद्र रस्तोगी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# पुलिस ने यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष समेत कई नेताओं को किया हाउस अरेस्ट

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



अमेठी,मनरेगा योजना का नाम बदलने के विरोध में सत्रह फरवरी को लखनऊ में प्रस्तावित विधानसभा घेराव से पहले अमेठी में युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष समेत दर्जनों नेताओं को उनके आवास पर हाउस अरेस्ट कर लिया गया। सुबह से ही उनके घर के बाहर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है जिससे क्षेत्र में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। बताते चलें कि कांग्रेस पार्टी द्वारा लखनऊ में विधानसभा घेराव के मददेनजर प्रशासन ने एहतियातन यह कदम उठाया है।पुलिस की मौजूदगी के बीच कांग्रेस नेताओं को उनके ही घर में नजरबंद रखा गया है। यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष शुभम सिंह ने कहा कि अमेठी में रात के अंधेरे से ही कांग्रेस नेताओं, कार्यकर्ताओं को हाउस अरेस्ट किया जा रहा है।विधानसभा घेराव से घबराकर योगी सरकार द्वारा लोकतंत्र का गला घोंटा जा रहा है। यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष शुभम सिंह ने अपने घर से एक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया, जिसमें उन्होंने कहा कि सरकार जनता की आवाज दबाने का काम कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह लोकतांत्रिक अधिकारों पर सीधा हमला है और जनता की आवाज उठाने वालों को रोकना सरकार की घबराहट को दर्शाता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इसके बावजूद युवा कांग्रेस लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिये हर स्तर पर संघर्ष जारी रखेगी। थाना इन्हौना पुलिस द्वारा तिलोई विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ नेता राकेश मिश्रा को भी हाउस अरेस्ट किया गया है। कांग्रेस नेता राकेश मिश्रा ने कहा कि सरकार विपक्ष की आवाज दबाने का प्रयास कर रही है लेकिन कांग्रेस कार्यकर्ता दबने वाले नही हैं।अमेठी पुलिस प्रशासन की ओर से इस मामले में अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। हालांकि, राजनीतिक गलियारों में इस कार्रवाई को लेकर चर्चाएं तेज हैं।

### जमीन विवाद में दो सगे भाइयों ने कलेक्ट्रेट परिसर में आत्मदाह का किया प्रयास

कानपुर। कानपुर कलेक्ट्रेट परिसर में सोमवार को जमीन के विवाद में दो सगे भाइयों ने अपने ऊपर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आत्मदाह का प्रयास किया। तभी वहां मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने उनके हाथों से माचिस और बोतल छीन ली, जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।
मूलरूप से मैथा कानपुर देहात के रहने वाले पदम सिंह और मोती सिंह नौबस्ता के आवास विकास में रहते हैं। सोमवार दोनों अपनी पत्नियों बच्चों और बूढ़ी मां के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे। जब तक कोई कुछ समझ पाता तब तक दोनों भाइयों ने अपने ऊपर ज्वलनशील पदार्थ डाल लिया। उन्हें ऐसा करता देख वहां पर मौजूद लोगों में चीख पुकार मच गई। शोर सुनकर मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने तत्परता दिखाते दोनों के हाथों से माचिस और बोतल छीन ली।
इसके बाद दोनों भाइयों को पकड़ कर सुरक्षाकर्मियों ने जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह के सामने पेश किया। पूछताछ में दोनों भाइयों ने बताया कि नौबस्ता में उनकी नौ बीघा जमीन पर पट्टेदारों और रिश्तेदारों ने जबरन कब्जा कर रखा हैं।

### राजर्षि पुस्तकालय कार्यकारिणी की बैठक 17 फरवरी को

बहराइच। राजर्षि पुस्तकालय बहराइच के संयुक्त सचिव अरविन्द कुमार मिश्र ने बताया कि 17 फरवरी 2026 को अपरान्ह 04:00 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में राजर्षि पुस्तकालय बहराइच के अध्यक्ष/जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में पुस्तकालय कार्यकारिणी की बैठक आहूत की गई है। श्री मिश्र ने सभी सम्बन्धित से ससमय बैठक में प्रतिभाग करने की अपेक्षा की है।

### जनपद में धारा 163 के अन्तर्गत निषेधाज्ञा लागू

बहराइच। वर्तमान समय में राज्य सरकार द्वारा जारी गाइड लाइन्स का अनुपालन कराते हुए महाशिवरात्रि, रमजान शरीफ, होली, ईद-उल-फित्र (ईद), राम नवमी, महावीर जयंती आदि आगामी त्योहारों/कार्यक्रमों व बोर्ड परीक्षा, पुलिस भर्ती एवं अन्य आयोजित परीक्षाओं को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के मद्देनज़र जनपद बहराइच के समस्त सीमा क्षेत्र में विधि व्यवस्था एवं लोक परिशान्ति सहित लोक व्यवस्था व जनसुरक्षा कायम रखने के उद्देश्य से अपर जिला मजिस्टेझ्ट अमित कुमार द्वारा भा.ना.सु.संहिता 2023 की धारा-163 के अन्तर्गत निषेधाज्ञा लागू कर दी गयी है। अपर जिला मजिस्टेझ्ट श्री कुमार द्वारा जारी आदेश के समस्त 28 प्रस्तर 13 फरवरी 2026 से 10 अप्रैल 2026 तक जनपद बहराइच के सम्पूर्ण सीमा क्षेत्र में निवास करने वाले तथा जनपद की सीमा में प्रवेश करने वाले समस्त व्यक्तियों पर प्रभावी रहेगा। इन आदेशों का अथवा इनके किसी भी अंश का उल्लंघन भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के अन्तर्गत दण्डनीय होगा।

### बच्चों के आधार लिंक्ड बैंक खाते में आयेगी मिशन वात्सल्य योजना की धनराशि

बहराइच। जिला प्रोबेशन अधिकारी विनोद राय ने बताया कि महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित मिशन वात्सल्य योजना के अन्तर्गत इंस्टि्यूशनल केयर (स्पान्सरशिप योजना) का लाभ प्राप्त करने हेतु भुगतान प्रणाली में परिवर्तन हो गया है। नवीन व्यवस्था के तहत एस.एन.ए. स्पर्श के माध्यम से बच्चों के व्यक्तिगत खाते में योजना अन्तर्गत धनराशि का भुगतान किया जाना है। डीपीओ श्री राय ने मिशन वात्सल्य योजना के अन्तर्गत इंस्टि्यूशनल केयर (स्पान्सरशिप योजना) का लाभ प्राप्त कर रहे सभी लाभार्थियों से अपेक्षा की है कि बच्चों का व्यक्तिगत आधार लिंक खाते का विवरण तीन दिवस के अन्दर कलेक्ट्रेट भवन स्थित जिला प्राबेशन अधिकारी, बहराइच के कार्यालय के कक्ष संख्या 19 या 28 में उपलब्ध करा दें ताकि निबार्ध रूप से बच्चों के खाते में धनराशि को प्रेषण किया जा सके। उन्होंने बताया कि बच्चों के व्यक्तिगत खाता का विवरण उपलब्ध न होने की दशा में भुगतान किया जाना संभव नहीं होगा।

**साइबर टीम ने पीड़ित के खाते में वापस कराए 70 हजार रुपये**

मीरजापुर। गलती से अनजान खाते में भेजी गई रकम को वापस दिलाकर अहरौरा थाना की साइबर टीम ने सराहनीय पहल की है। पीड़ित के खाते से ट्रांसफर हुए एक लाख चार हजार रुपये में से 70 हजार 729 रुपये वापस कराए हैं।
सोनपुर निवासी अनिल कुमार पांडेय ने 24 जनवरी को थाना अहरौरा की साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनसे ऑनलाइन लेनदेन के दौरान गलती से बड़ी रकम अज्ञात व्यक्ति के खाते में चली गई। शिकायत एनसीआरपी पोर्टल पर दर्ज कर जांच शुरू की गई। साइबर टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित बैंकिंग चैनलों से समन्वय कर 70,729 रुपये पीड़ित के खाते में वापस कराए। रकम वापस मिलने पर सोमवार को अनिल कुमार पांडेय ने थाने पहुंचकर पुलिस टीम का आभार जताया। इस दौरान उन्हें साइबर जागरूकता के तहत ऑनलाइन ठगी से बचाव के उपाय भी बताए गए। कार्रवाई में थानाध्यक्ष अजय मिश्र, हेड कांस्टेबल नरेंद्र सिंह, कांस्टेबल पवन गुप्ता व महिला कांस्टेबल महिमा उपाध्याय की अहम भूमिका रही। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी भी साइबर ठगी की सूचना तत्काल 1930 हेल्पलाइन या नजदीकी थाने में दें।

# पुलिस ने कबाड़ व्यवसायी के अपहरणकर्ताओं को भेजा जेल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



अमेठी। थाना मुसाफिरखाना पुलिस व स्वाट टीम ने रंगदारी और अपहरण की घटना का खुलासा किया है और घटना से संबन्धित चार लाख पचास हजार रुपये नगद तीन मोबाइल फोन, आधार कार्ड, पैन कार्ड, घटना में प्रयुक्त कार, एक तमंचा व एक कारतूस के साथ दो अन्तर्जनपदीय शातिर अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। थाना क्षेत्र के गांव बिसारा पूरब निवासी रमन कुमार अग्रहरि पुत्र राम चंद्र द्वारा बीती तेरह फरवरी को स्थानीय थाने पर लिखित तहरीर दी गयी कि दस फरवरी को सुबह करीब साढ़े आठ बजे अपने बेटे को धरौली स्कूल से वापस छोड़कर आते समय रास्ते में शुक्ला पेट्रोल पम्प के पास चार अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा उन्हें रोककर एक सफ़ेद कार में जबरदस्ती बैठाकर ले गये व जान से मारने की धमकी देकर आठ लाख रुपये लेकर छोड़ दिये।उक्त सूचना पर पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर लिया गया।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में सोमवार को थाना मुसाफिरखाना के प्रभारी निरीक्षक विवेक सिंह व स्वाट टीम प्रभारी अनूप सिंह द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर मुकदमा उपरोक्त में प्रकाश में आये बिना नम्बर प्लेट स्विफ्ट डिजायर कार सवार अनुज प्रताप सिंह उर्फ मुरारी सिंह पुत्र धर्मेन्द्र सिंह उर्फ मुन्ना सिंह निवासी नगरा पूरे बदली थाना छावनी जनपद बस्ती व घनश्याम पाण्डेय पुत्र जटाशंकर पाण्डेय निवासी कलानी कला थाना छावनी जनपद बस्ती को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में घनश्याम पाण्डेय के कब्जे से पांच हजार रुपये, एक आधार कार्ड, एक पैन कार्ड तथा अनुज प्रताप सिंह उर्फ मुरारी सिंह के कब्जे से चार लाख पैंतालिस हजार रुपये नगद,तीन अदद मोबाइल फोन,एक तमंचा,एक जिन्दा कारतूस,एक आधार कार्ड व एक पैन कार्ड व तलाशी से कार की डिग्गी से एक कूटरचित नम्बर प्लेट बरामद हुआ है।बरामदगी के सम्बंध में पूंछतांछ करने पर गिरफ्तार युवकों ने बताया कि वह अपने पांच अन्य साथियों के साथ मिलकर दस फरवरी को रमन अग्रहरि को डरा धमकाकर बरामद इसी कार से आकर वादी की बोलेरो कार में बैठ गये थे तथा उनसे रुपये लेकर छोड़ दिये थे। अभियुक्तगण घटना के समय कार में कूटरचित नम्बर प्लेट लगा लेते हैं। इस सम्बंध में थाना मुसाफिरखाना के प्रभारी निरीक्षक विवेक कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये दोनों युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।पुलिस अधीक्षक ने उक्त सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीम को पन्द्रह हजार रुपये नगद पुरस्कार देने की घोषणा की है।

# बेनी चौधरी मोहल्ले में सड़क निर्माण का लोकार्पण 28 लोकार्पण अभियान को मिल रही है लगातार गति

## वार्डवासियों ने किया चेयरमैन आस्था अग्रवाल का किया भव्य स्वागत छतों से बरसाए फूल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।शहर में विकास कार्यों को गति देने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद पीलीभीत द्वारा चलाए जा रहे 28 दिन, 28 लोकार्पण अभियान के अंतर्गत वार्ड 18 के मोहल्ला बेनी चौधरी में नई सड़क निर्माण कार्य का लोकार्पण किया गया। पालिका अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल द्वारा फीता काटकर एवं शिलापट का अनावरण कर सड़क का शुभारंभ किया गया।पालिका द्वारा कराए गए इस निर्माण कार्य के अंतर्गत सलीम के मकान से गुड्डू के मकान तक तथा नदीम के मकान से कल्लू के मकान तक सड़क का निर्माण कराया गया है। सड़क निर्माण पूर्ण होने से क्षेत्र के



लोगों को आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी और लंबे समय से चली आ रही समस्या का समाधान हो गया है।लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रवासियों ने सड़क निर्माण कार्य के लिए पालिका अध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नई सड़क बनने से मोहल्ले में जलभराव और कीचड़ की समस्या से राहत मिलेगी तथा क्षेत्र के विकास को नई दिशा मिलेगी।कार्यक्रम में सभासद निजाकत अली कादरी, अवतार सिंह मोनू, निर्मल सिंह टीटू, विपिन राजू फौजी, साकेत सक्सेना, वतनदीप मिश्रा, राशिद हुसैन, इकबाल हजरत, अनस अंसारी, मोहम्मद शरीफ, इमरान अंसारी, विकास बाबू, विपिन मिश्रा, पंकज राजपूत, कमलेश वर्मा, नरेंद्र तिवारी, साबिर, सलीम, जाहिद खान, याकूब, इशहाक अहमद सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर आठ करोड़ की ठगी करने वाली गैंग का पर्दाफाश, मास्टरमाइंड गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।रेलवे में नौकरी दिलवाने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का पीलीभीत पुलिस ने भंडाफोड़ किया है पुलिस ने गिरोह के मास्टरमाइंड को गिरफ्तार किया है देशभर में साइबर ठगी और नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी के मामले सामने आ रहे मामलों के बीच पीलीभीत पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है. पुलिस ने नौकरी दिलाने नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है, पुलिस ने गिरोह के मास्टरमाइंड को पकड़ने में सफलता प्राप्त की सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर करोड़ों की ठगी करने वाले को पुलिस ने गुजरात के भरूच से पकड़ा पकड़े गए इस मास्टरमाइंड ने अपने परिवार और साथियों के साथ मिलकर लगभग 60 लोगों को शिकार बनाया और उनसे करीब 8 करोड़ रुपये की ठगी की इस बड़े फर्जीवाड़े का खुलासा तब हुआ जब अमरिया थाना क्षेत्र के भूडा निवासी राजकुमार ने 16 सितंबर 2025 को धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गठित टीम ने कार्रवाई करते हुए पहले ही इस गिरोह के पांच सदस्यों–कमलेश कुमार, मोहम्मद मोहसिन, शोएब, रामा यादव और रेखा मिश्रा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था अब पुलिस ने इस पूरे खेल के मुख्य सूत्रधार शिवशंकर मिश्रा को गुजरात के अंकलेश्वर से गिरफ्तार किया है पूछताछ में सामने आया कि शिवशंकर मिश्रा साल 2021 से यह गोरखधंधा चला रहा था। ठगी को अंजाम देने के लिए वह अपनी बेटी आयुषी मिश्रा के रेलवे में नियुक्ति से जुड़े फर्जी दस्तावेज लोगों को दिखाता था, जिससे बेरोजगार युवक झांसे में आ जाते थे। आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने अपनी पत्नी, बेटे और बेटी के बैंक खातों में ठगी के करीब 1.50 करोड़ रुपये जमा करवाए थे हैरानी की बात यह है कि जब पीड़ित युवक नौकरी न मिलने पर दबाव बनाते थे, तो यह गिरोह आरके सिंह नाम के एक कथित बड़े रेल अधिकारी के जरिए पीड़ितों के खातों में 13,000 से 45,000 रुपये तक 'सैलरी' के रूप में भेज देता था। इससे युवकों को लगता था कि उनकी नौकरी पक्की हो गई है विवेचना के दौरान 23 अन्य पीड़ितों ने भी सामने आकर 2.98 करोड़ रुपये की ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस अब तक इस मामले में 2 लाख रुपये नकद बरामद कर चुकी है और अभियुक्तों के 14 अलग-अलग बैंक खातों को सीज (होल्ड) करवा दिया गया है। पुलिस अब गिरोह के अन्य कड़ियों और कथित अधिकारी आरके सिंह की तलाश में जुटी है।

## क्रिकेटर श्रवण कुमार व सूचना आयुक्त का हुआ भव्य स्वागत

कादीपुर/सुलतानपुर। हाल ही में आईएसपीएल 3 में खेलने के बाद पहली बार घर लौटे युवा क्रिकेटर श्रवण कुमार मिश्र के सम्मान में ग्राम मोहम्मदाबाद में भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया। क्षेत्रीय लोगों ने माल्यार्पण कर खिलाड़ी का उत्साहवर्धन किया और उनकी उपलब्धि पर खुशी जताई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे राज्य सूचना आयुक्त वीरेन्द्र सिंह 'वत्स' का भी अधिवक्ता संतोष मिश्र व उनके मित्रों तथा क्षेत्रीय नागरिकों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अंचल से निकलकर राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेना पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है और इससे युवाओं को नई प्रेरणा मिलती है। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता ओंकार मिश्र, महंत शुक्ला, कादीपुर डायग्नोस्टिक सेंटर संचालक सुनील कुमार पाण्डेय, पूर्व प्रमुख राजमणि वर्मा, पत्रकार सूर्य प्रकाश तिवारी, प्रधान व बार एसोसिएशन कादीपुर के सचिव मंगला प्रसाद तिवारी, प्रधान दिलीप, राजीव कुमार, मंगला प्रसाद गौड़, नरेंद्र बहादुर सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# राजकीय पॉलिटेक्निक में ज्ञानोत्सव–2026 का भव्य समापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कादीपुर/सुलतानपुर। चार दिनों तक तकनीकी प्रतिभा, सांस्कृतिक उमंग और खेल कौशल से सराबोर रहा राजकीय पॉलिटेक्निक कादीपुर, अखण्डनगर का परिसर ज्ञानोत्सव 2026 के भव्य समापन के साथ उल्लास और प्रेरणा के वातावरण में गूंज उठा। चार दिवसीय आयोजित इस महोत्सव ने विद्यार्थियों की बहुआयामी प्रतिभा को नया मंच प्रदान किया।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. अभिलाष गुप्ता, प्रबंध निदेशक, इनोवेटिव कम्स जॉइंटली उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में वी.के. सिंह (संयुक्त निदेशक, सेंट्रल ज़ोन), रवि गुप्ता (निदेशक, पुष्पा टेक्नोसॉफ्ट प्रा. लि., लखनऊ) तथा अर्चना सुबोध (एएस ब्यूटी सैलून,



आज़मगढ़) सहित नवाचार एंबेसडर एवं समाजसेवी शामिल रहे। कार्यक्रम में ल्लबतासा चाचाङ्क के नाम से प्रसिद्ध अभिनेता मनोज सिंह 'टाइगर' की उपस्थिति विशेष आकर्षण रही। 400 से अधिक फिल्मों में अभिनय कर चुके मनोज सिंह ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि सपनों को उड़ान देने के लिए मंच और मार्गदर्शन दोनों जरूरी हैं। उन्होंने अपनी अकादमी के माध्यम से इच्छुक विद्यार्थियों को निःशुल्क अभिनय प्रशिक्षण देने की घोषणा कर युवाओं को प्रेरित किया। उनके मधुर गायन ने समापन संध्या को यादगार बना दिया। समारोह में एआईसीसीई डीएस के संस्थापक, पूर्वांचल मालवीय के नाम से विख्यात स्वर्गीय प्रो. बजरंग त्रिपाठी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वक्ताओं ने तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान को स्मरण करते हुए दो मिनट का मौन रखा। ज्ञानोत्सव 2026 का प्रमुख आकर्षण ल्लविकसित भारत 2047ङ्क की संकल्पना पर आधारित नवाचार प्रदर्शनी रही। निदेशक डॉ. सुबोध कांत सिंह के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने नवीकरणीय ऊर्जा, स्मार्ट कृषि, डिजिटल ऑटोमेशन और ग्रामीण विकास से जुड़े मॉडल प्रस्तुत किए। अतिथियों ने इन परियोजनाओं को आत्मनिर्भर भारत की दिशा में सार्थक पहल बताया। चार दिवसीय आयोजन के दौरान तकनीकी प्रतियोगिताएं, प्रोजेक्ट प्रदर्शनी, खेल मुकाबले और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला ने वातावरण को उत्सवमय बनाए रखा। समापन संध्या में आदर्श मिश्रा और सुजाता यादव की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का संचालन अरविंद श्रीवास्तव 'चित्रांश' ने किया, जबकि मेकअप एवं कोरियोग्राफी का संयोजन श्रीमती अर्चना द्वारा किया गया। चार दिनों तक चले इस ज्ञान महोत्सव ने एक बार फिर सिद्ध कर दिया कि कादीपुर का यह तकनीकी संस्थान केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि नवाचार, संस्कार और समग्र विकास की प्रयोगशाला है। ज्ञानोत्सव 2026 ने विद्यार्थियों के भीतर आत्मविश्वास, सृजनशीलता और राष्ट्र निर्माण के संकल्प को और अधिक सुदृढ़ किया।



## ब्लॉक प्रमुख मानसी सिंह ने अपने आवास पर विधि-विधान से की पूजा-अर्चना

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर ब्लॉक प्रमुख मानसी अपूर्व सिंह ने अपने आवास पर सापरिवार पावन रुद्राभिषेक एवं विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया है।इस पावन बेला में शिव मंत्रों की गूंज,रुद्रपाठ की दिव्यता और भक्तिभाव से परिपूर्ण वातावरण परिपूर्ण रहा।उन्होंने भगवान शिव की आराधना कर समस्त क्षेत्रवासियों के सुख,समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और मंगलमय भविष्य की कामना की है।

## तेरह आपदा मित्रों को लखनऊ प्रशिक्षण हेतु किया गया रवाना

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद में आपदा प्रबंधन व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुये राज्य आपदा मोचन बल, लखनऊ द्वारा आयोजित बारह दिवसीय आवासीय 'आपदा मित्र' प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु आज तेरह चयनित आपदा मित्रों को कलेक्ट्रेट परिसर से रवाना किया गया। उपजिलाधिकारी पंकज कुमार ने सभी प्रतिभागियों को बस द्वारा लखनऊ के लिये प्रस्थान कराया तथा उन्हें शुभकामनाएं दीं। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आपदा प्रबंधन के विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं पर आधारित है। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को सर्पदंश से बचाव एवं प्राथमिक उपचार, प्राथमिक चिकित्सा, आकाशीय बिजली से सुरक्षा उपाय, डूबने की घटनाओं में बचाव कार्य, सड़क दुर्घटनाओं में राहत एवं बचाव तकनीक सहित विभिन्न प्राकृतिक एवं मानवजनित आपदाओं से निपटने की व्यवहारिक जानकारी प्रदान की जाएगी। उपजिलाधिकारी ने कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त कर लौटने के बाद सभी आपदा मित्र, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अंतर्गत जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में 'आपदा कवच' के रूप में कार्य करेंगे और किसी भी आपात स्थिति में ये प्रशिक्षित स्वयंसेवक तत्काल राहत एवं बचाव कार्य में सक्रिय भूमिका निभाते हुये आमजन को त्वरित सहायता उपलब्ध कराएंगे। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षित आपदा मित्रों की तैनाती से आपदा की स्थिति में प्रारंभिक सुनियोजित प्रतिक्रिया सुनिश्चित होगी जिससे अमूल्य मानव जीवन की रक्षा की जा सकेगी तथा नुकसान को न्यूनतम किया जा सकेगा।

## चौराहे पर जाम में फंसी एंबुलेंस को एसडीएम ने निकलवाया मानवता की पेश की मिसाल

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगरपालिका चौराहे पर सोमवार दोपहर लगभग एक बजे भीषण जाम के कारण एक एंबुलेंस फंस गई। 108 एंबुलेंस में मरीज होने की सूचना मिलते ही मौके से गुजर रहे एसडीएम अजीत प्रताप सिंह ने अपनी गाड़ी रुकवाई और स्वयं नीचे उतरकर यातायात व्यवस्था संभाली। एसडीएम ने स्थानीय लोगों की मदद से सड़क पर खड़े वाहनों को हटवाया और कुछ ही मिनटों में जाम खुलवाकर एंबुलेंस को सुरक्षित आगे निकलवाया। एंबुलेंस के निकलते ही लोगों ने राहत की सांस ली।एसडीएम की इस तत्परता और संवेदनशीलता की चौराहे पर मौजूद लोगों ने सराहना की। उन्होंने वाहन चालकों से अपील की कि जाम की स्थिति में एंबुलेंस व अन्य आपातकालीन सेवाओं को प्राथमिकता दें, ताकि समय पर मरीजों को उपचार मिल सके। यह कदम प्रशासन की जिम्मेदारी और मानवीय सोच का उदाहरण माना जा रहा है।

## सीताराम मंदिर श्री खाटू श्याम बाबा की भव्य निशान यात्रा निकाली गई

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। सोमवार को भक्ति और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। श्री बालाजी महाराज एवं श्री खाटू श्याम संकीर्तन मंडल एवं सेवा समिति के तत्वावधान में श्री खाटू श्याम बाबा की भव्य निशान यात्रा दोपहर 12 बजे श्री सीताराम मंदिर से निकाली गई। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी यात्रा को भव्य व आकर्षक स्वरूप दिया गया। निशान यात्रा में श्री बालाजी दरबार, पवनसुत मंडल, श्री राधा माधव संकीर्तन मंडल, श्री लखदातार परिवार ट्रस्ट व श्री श्याम मित्र मंडल सहित सैकड़ों श्याम प्रेमियों ने सहभागिता की। इस अवसर पर श्री बालाजी दरबार के महंत अखिलेश त्रिगुणायत, अभिषेक गुप्ता, निहाल गुप्ता, नितिन गुप्ता ठाकुर, अनुज विशाल गुप्ता ठाकुर, शिवम भदौरिया, अभिषेक पुष्कर, आकाश गुप्ता, सौरभ गुप्ता, गौरव गुप्ता तथा नगर पालिका परिषद अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## बैनामा कराने से नाराज व्यक्ति ने अधिवक्ता को दी जान से मारने की धमकी

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। बैनामा कराने से नाराज व्यक्ति ने पूरनपुर तहसील परिसर में कार्यरत अधिवक्ता महेशपाल को फोन पर जान से मारने की धमकी दी इस संबंध में उन्होंने सोमवार दोपहर कोतवाली पहुंचकर पुलिस को शिकायती पत्र सौंपा अधिवक्ता ने आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है ग्राम मनहरिया निवासी रामसरन पुत्र श्रीराम और बेटे राजू ने कुरैया खुर्द कलां की भूमि गाटा संख्या 45 का बैनामा मनहरिया निवासी अनीता देवी पत्नी सोनू के पक्ष में करा दिया जिसकी कानूनी प्रक्रिया महेशपाल ने की इसी से नाराज व्यक्ति ने जान से मारने की धमकी दी जिसकी अधिवक्ता ने लिखित मे शिकायती पत्र थाना प्रभारी को सौंपा ।

## शिव मंदिर में भंडारे का हुआ आयोजन मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रही चेयरमैन आस्था अग्रवाल

पीलीभीत। शहर के मोहल्ला इनायत गंज में स्थित शिव के प्राचीनतम मंदिर में एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस भंडारे के आयोजन में पीलीभीत चेयरमैन डॉक्टर आस्था अग्रवाल मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रही हैं।मातृ शक्ति बबली शर्मा, तनु सक्सेना, निधि पाठक, निधि शर्मा, मिली जायसवाल, सुनीता शर्मा, नीलम गुप्ता, नेहा सिंह, शिखा शर्मा, संगीता शर्मा, अर्चना पाठक अर्चना सिंह, नलिनी सिंह, संध्या जायसवाल, दीप्ति कुरेशिया, सविता गंगवार सहित कई स्थानीय लोग उपस्थित रहे हैं।

# अवैध संबंध के चलते प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या का आरोप

**आरोपी की गिरफ्तारी के लिए चार टीमें गठित**

**एसपी चारु निगम ने घटना स्थल का किया निरीक्षण**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। जिले के लंभुआ थाना क्षेत्र मदनपुर पनियार गांव में घर के अन्दर युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही एसपी चारु निगम सहित पुलिस के अधिकारियों ने घटना स्थल का निरीक्षण किया।

बता दे कि मृतक अमित सिंह(35) पुत्र हरिनाम सिंह व दीपक सिंह दोनों ट्रक ड्राइवर थे। दोनो की दोस्ती के बीच दीपक सिंह की अमित सिंह पत्नी शिल्पी सिंह से भी संबंध की बात सामने आ रही है। रविवार को अमित और दीपक दोनों घर आए थे। बीती रात किसी बात को लेकर शिल्पी व उसके पति



अमित के बीच विवाद हुआ और आरोप है कि पत्नी शिल्पी व दीपक सिंह ने धारदार हथियार से गले में मारकर अमित की हत्या कर दी। मृतक के भाई की सूचना पर पहुंची पुलिस ने विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है। घटना की सूचना पर कोतवाल लंभुआ धीरज कुमार, एएसपी अखंड प्रताप सिंह व एसपी चारु निगम ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। साथ फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर नमूने एकत्र किए। एसपी ने बताया कि आरोपी पत्नी को हिरासत में ले लिया गया है। दीपक सिंह की गिरफ्तारी के लिए चार टीमों का गठन किया गया। जिले की पुलिस सहित एसओजी की टीम उसकी सरगर्मी से तलाश कर रही है। मृतक के भाई के आने के बाद शव का पंचनामा करके पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

## केश कुमारी कालेज का शैक्षिक एक्सपोजर विजिट हुआ सम्पन्न

सुल्तानपुर। पीएम श्री केश कुमारी राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज, सुलतानपुर की 40 छात्राओं का शैक्षिक एक्सपोजर विजिट 11 फरवरी 2026 को प्रधानाचार्या पल्लवी सिंह एवं दो मार्गरक्षी शिक्षिकाओं डॉ दीपा द्विवेदी तथा अंजना सिंह के निर्देशन में सफलतापूर्वक रवाना हुआ था। यह शैक्षिक भ्रमण छात्राओं के सर्वांगीण विकास, व्यावहारिक ज्ञानार्जन एवं नवीन अनुभव प्राप्त करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। इस भ्रमण के दौरान छात्राओं ने पतंजलि योगपीठ विश्वविद्यालय हरिद्वार तथा आईआईटी रुड़की, उत्तराखंड का अवलोकन किया तथा विषय विशेषज्ञों से संवाद स्थापित कर अपने ज्ञान को समृद्ध किया। छात्राओं ने अनुशासन, उत्साह एवं जिज्ञासा का उत्कृष्ट परिचय दिया। 16 फरवरी 2026 को सभी छात्राएं, मार्गरक्षी शिक्षिकाएँ एवं प्रधानाचार्या सकुशल विद्यालय वापस लौटीं। विद्यालय परिवार एवं अभिभावकों ने उनका स्वागत किया तथा इस सफल आयोजन के लिए समस्त सहभागियों को बधाई दी। विद्यालय की प्रधानाचार्या ने बताया कि इस प्रकार के शैक्षिक भ्रमण छात्राओं के आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता एवं व्यवहारिक समझ के विकास में अत्यंत सहायक सिद्ध होते हैं।

# भाजपा नेताओं ने पुलिस अधीक्षक का किया अभिनंदन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार के जिला प्रतिनिधि कपिल अग्रवाल के नेतृत्व मे भारतीय जनता पार्टी के एक शिष्टमंडल ने नवागत पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव मिश्रा से भेंट कर उनको पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका जनपद में स्वागत किया तथा माँ भारती का चित्र भेंट कर उनका अभिनंदन किया। भाजपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष जसपाल सिंह, हरभजन सिंह ने सरोपा भेंट कर एसपी को शुभकामनाएं दीं। जिला प्रतिनिधि कपिल अग्रवाल ने पीलीभीत में तिरुपति पार्क में व्यापारी के घर हुई चोरी के प्रकरण में पुलिस अधीक्षक से चर्चा की और शीघ्र खुलासे हेतु कहा मझोला नगर के पूर्व चेयरमैन अजय गोयल ने ओवरलोड ट्रॉली और डंपरों के मामले पर चर्चा की। बरहा मझोला मंडल अध्यक्ष भाजपा अनीता कश्यप ने पुलिस अधीक्षक को स्मृति चिन्ह भेंट किया और सुबह ध्वनि विस्तारक यंत्रों के अनियमित प्रयोग से बोर्ड के परीक्षार्थियों को हो रही समस्या को उठाया। पुलिस अधीक्षक ने सभी समस्याओं पर ठोस कार्यवाही का आश्वासन दिया। इसके उपरांत शिष्ट मंडल ने अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया और पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर नताशा गोयल से भी शिष्टाचार भेंट की और जनसमस्याओं पर चर्चा की।तत्पश्चात शिष्टमंडल ने जिलाधिकारी पीलीभीत से भेंट कर ग्राम भिंडारा, टोंडरपुर, मझोला आदि की कई प्रमुख समस्याओं पर चर्चा की।इस अवसर पर जिला प्रतिनिधि कपिल अग्रवाल,पूर्व चेयरमेन अजय गोयल, बरहा मझोला मंडल अध्यक्ष अनीता कश्यप, न्यूरिया मंडल अध्यक्ष महेंद्र पाल राजपूत, जिला उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जसपाल सिंह, डालचंद्र वर्मा, राजकुमार सिंह, हरभजन सिंह, अमरजीत सिंह, विकास अग्रवाल,अभाविप के नगर सह मंत्री वंश पंडित, देवेंद्र कश्यप,मंडल महामंत्री डॉक्टर ऋषि मुनि त्यागी ,शक्ति केंद्र संयोजक गया शंकर वर्मा, ललित पटेल, कल्याण सिंह,मंडल उपाध्यक्ष आकाश मौर्य, शक्ति केंद्र संयोजक श्री राम समेत कई प्रमुख भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नवजात बालिकाओं की माताओं को बेबी किट देकर किया सम्मानित

अमेठी । जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देश पर सोमवार को मलिक मोहम्मद जायसी जिला चिकित्सालय में कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उददेश्य कन्या भ्रूण हत्या पर रोक लगाने, बालिकाओं के जन्म के प्रति सकारात्मक सामाजिक संदेश देने तथा महिलाओं को सम्मान प्रदान करने की भावना को सशक्त करना रहा। इस अवसर पर चाइल्ड हेल्पलाइन के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर गौरव श्रीवास्तव, रुचि सिंह एवं डॉक्टर लाइक द्वारा अस्पताल में जन्मी नवजात बच्चियों की माताओं को बेबी किट भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान परिजनों को बालिकाओं के पालन पोषण, शिक्षा एवं सुरक्षा के प्रति जागरूक भी किया गया। प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर गौरव श्रीवास्तव ने बताया कि प्रोबेशन विभाग द्वारा कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम के माध्यम से समाज में बालिकाओं के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नवजात बालिकाओं को बेबी किट प्रदान कर न केवल उनका स्वागत किया जाता है बल्कि अभिभावकों को यह संदेश भी दिया जाता है कि बेटियां किसी से कम नहीं हैं और उनका सम्मान समाज की जिम्मेदारी है। उन्होंने आगे बताया कि बालिकाओं के उज्ज्वल भविष्य को सुनिश्चित करने के लिये सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के माध्यम से शिक्षा एवं अन्य चरणों पर आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है, जिससे बालिकाओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाया जा सके। कार्यक्रम के दौरान अस्पताल स्टाफ एवं संबंधित विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे।

## उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने त्योहारों से पहले यातायात को लेकर सौंपा ज्ञापन

पूरनपुर। युवा उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने उपजिलाधिकारी अजीत प्रताप सिंह को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि होली व रमजान पर्व नजदीक होने के कारण ग्रामीण क्षेत्रों व नगर की जनता खरीदारी के लिए बाजारों में उमड़ रही है। ऐसे में यातायात संचालन और अत्यधिक भीड़ के चलते जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही है, जिससे आमजन व व्यापारियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। जलनिगम द्वारा सड़कों की खुदाई कर पाइपलाइन डालने के बाद उन्हें मिट्टी से भरकर छोड़ दिया गया है, जिससे दुकानदारों और राहगीरों को परेशानी हो रही है। सड़कों पर वाहन बेतरतीब खड़े हो रहे हैं, जिससे जाम और बढ़ जाता है।

## सम्पादकीय

# विविधता की खेती का जवाब नहीं

इन दिनों खेतों में रबी की फसलें लहलहा रही हैं। हरे-भरे खेत हैं। मुझे याद आ रही है, सतपुड़ा अंचल की, जहां एक जमाने में चने की खेती बहुतायत में होती थी। चना, बिना सिंचाई या बहुत कम पानी की फसल है, जिसे किसान उगाते थे। आज जब खेती का अभूतपूर्व संकट है, तब ऐसी देसी खेती को याद जरूरी है, जिसमें कम पानी, कम लागत और मिट्‌टी की उर्वरता बनी रहे। इसी प्रकार, सतपुड़ा अंचल में मिश्रित खेती की एक पद्धति है उतेरा, जिसमें कई फसलें एक साथ बोते हैं। आज इस कॉलम में इस पर बात करना चाहूंगा, जिससे खेती को समग्रता में समझा जा सके। नर्मदापुरम जिला ( पूर्व में होशंगाबाद जिला) भौगोलिक रूप से दो भागों में बंटा है। एक है सतपुड़ा की जंगल पट्‌टी। दूसरा है नर्मदा का कछार। नर्मदा कछार मैदानी इलाका है, जहां अच्छी उपजाऊ मिट्‌टी है। जंगल पट्‌टी में प्रायरू सूखी और असिंचित खेती होती है। जबकि नर्मदा के कछार में तवा की नहरें हैं। कछार की जमीन काफी उपजाऊ मानी जाती है। यही काली मिट्‌टी की जमीन में चना अच्छा होता है। बिना सिंचाई के चना की खेती होती है। दीपावली के समय बारिश की नमी में ही चना को बोया जाता है, और होली के पूर्व ही चना कटाई हो जाती है। मुझे याद है, मैं अपने परिवारजनों के साथ खेत में चना का होउरा ( भुना चना) खाने के लिए जाया करता था। कई बार मेहमानों व अतिथियों को भी चना का होउरा खिलाने खेत भी ले जाते थे। यह अतिथियों का आत्मीय स्वागत करने का भी एक तरीका होता था। होउरा को भूनकर रख लिया जाता था, और जब भी जरूरत होती थी, उसे खाते थे। यह एक तरह का ड्राई फूड होता था। हमारे यहां गेहूं और चना दोनों को मिलाकर आटा पिसाने का चलन है। इसे बिर्रा कहते थे। इसकी रोटी बहुत ही पसंद की जाती हैं। यह रोटी बिना सब्जी की भी बहुत अच्छी लगती है। बुजुर्ग लोगों को बिर्रा की रोटी आज भी याद है। चने का सत्तू तो बहुत प्रचलन में था। सत्तू में गुड़ मिलाकर खाते थे। इसे यात्राओं में या गर्मी के दिनों में बड़े चाव से खाया जाता था। यह भी ड्राई फूड का एक प्रकार है। देशी बीजों के जानकार व पदमश्री से सम्मानित बाबूलाल दाहिया बताते हैं कि चने की भाजी बहुत अच्छी स्वादिष्ट होती है। इसकी सब्जी बनाई जाती है, और इसकी कोपलों को ऐसे ही अचार के साथ भी खाया जाता है। जब चने में भरे दाने हो जाते हैं, तो होउरा ( भुना हरा चना) भी भूनकर खाते हैं। इस तरह ज्वार की रोटी और कोदो के चावल के साथ 3 माह तक चने की भाजी खाई जाती थी। चना के दाने भरे होने पर भी इसकी सब्जी बनाई जाती है। चना की दाल और बेसन से तो कई व्यंजन बनाए जाते हैं। सतपुड़ा की जंगल पट्‌टी में परंपरागत खेती की पद्धति प्रचलित है जिसे उतेरा कहा जाता है। यह छत्तीसगढ़ की उतेरा पद्धति से भिन्न है। यह मिश्रित पद्धति की खेती है। इसमें 6-7 प्रकार के अनाजों को मिलाकर बोया जाता है। इस अनूठी पद्धति में ज्वार, धान, तिल्ली, तुअर, समा, कोदो मिलाकर बोते हैं। एक साथ सभी बीजों को मिलाकर खेत में बोया जाता है और बक्खर चलाकर पेंटा लगा देते हैं। फसलें जून में बोई जाती हैं लेकिन अलग-अलग समय में काटी जाती हैं। पहले उड़द, फिर धान, ज्वार और अंत में तुअर कटती है। कुटकी जल्द पक जाती है। इसमें किसी प्रकार की लागत नहीं है। खुद की मेहनत, बैलों का श्रम और बारिश की मदद से हमारी फसल पक जाती है। हर साल हम अगली फसल के लिए बीज बचाकर रखते हैं और उन्हें खेतों में बो देते हैं। हमारे पास बैल हैं जिनसे हम खेतों की जुताई करते हैं। मवेशियों से हमें गोबर खाद मिलती है जिससे हमारे खेतों की मिट्‌टी उपजाऊ बनती है। उतेरा से पूरा भोजन मिल जाता है। दाल, चावल, रोटी और तेल सब कुछ। इसमें दलहन, तिलहन और मोटे अनाज सब शामिल हैं। इन सबसे साल भर की भोजन की जरूरतें पूरी हो जाती है। मवेशियों के लिए चारा और मिट्‌टी को उर्वर बनाने के लिए जैव खाद मिल जाती है।

# बंगाल का भविष्य: धर्म की लहर या प्रगति की राह?

**बंगाल की राजनीति लंबे समय तक वर्ग-संघर्ष, वाम वैचारिकी और सामाजिक न्याय के नारों के इर्द-गिर्द घूमती रही। लगभग तीन दशक तक भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के नेतृत्व में वाम मोर्चा सत्ता में रहा। उससे पहले भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का प्रभुत्व था। किंतु 2011 में सत्ता परिवर्तन के साथ एक नई धुरी बनी-तृणमूल बनाम भाजपा। आज स्थिति यह है कि वाम और कांग्रेस हाशिए पर हैं और मुकाबला दो ध्रूवों के बीच सिमट चुका है। यही द्विध्रूवीयता चुनाव को अधिक तीखा और अधिक पहचान-केन्द्रित बना रही है। भाजपा का अभियान चार प्रमुख सूत्रों पर टिका है-बंगाल में हिंदू खतरे में है, बांग्लादेशी घुसपैठ, महिलाओं की असुरक्षा और भ्रष्टाचार। सीमावर्ती जिलों का उदाहरण देकर यह संदेश गढ़ा जा रहा है कि जनसांख्यिकीय संतुलन बदल रहा है। अवैध घुसपैठ का प्रश्न नया नहीं है, पर उसे इस समय राजनीतिक ऊर्जा के साथ जोड़ा जा रहा है। आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज की घटना, शिक्षक भर्ती घोटाले, हिन्दुओं पर बढ़ते अत्याचार एवं भ्रष्टाचार जैसे प्रसंगों को शासन की विफलता के प्रतीक के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। भाजपा का लक्ष्य स्पष्ट है-70 प्रतिशत हिंदू मतदाताओं में एक साझा असुरक्षा-बोध निर्मित करना, हिन्दुओं को जागृत करना और उसे मतदान व्यवहार में रूपांतरित करना। आज बंगाल में विकास की सबसे बड़ी बाधा घुसपैठियों का बढ़ना है। घुसपैठियों पर विराम लगाना चाहिए न कि इस मुद्दे पर राजनीति हो। ममता बनर्जी की चुनौती दोहरी है। एक ओर उन्हें यह संदेश देना है कि वे अल्पसंख्यकों की संरक्षक हैं, दूसरी ओर हिंदू मतदाताओं को यह विश्वास भी दिलाना है कि उनकी आस्था और अस्मिता सुरक्षित है।**

पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव की औपचारिक घोषणा भले अभी बाकी हो, पर राजनीतिक रणभेरी बज चुकी है। इस बार संकेत साफ हैं-चुनाव विकास बनाम विकास के दावे पर नहीं, बल्कि पहचान, अस्मिता और धर्म की ध्वजा के इर्द-गिर्द घूम सकता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सौ वर्ष पूरे होने के अवसर पर राज्य भर में प्रस्तावित हिंदू सम्मेलनों को भारतीय जनता पार्टी एक वैचारिक उत्सव भर नहीं, बल्कि चुनावी अवसर में बदलने की रणनीति पर आगे बढ़ती दिख रही है। दूसरी ओर ममता बनर्जी ने भी यह समझ लिया है कि यदि चुनाव की जमीन धार्मिक विमर्श पर खिसकती है तो उसे खाली नहीं छोड़ा जा सकता। कोलकाता के न्यू टाउन में 'दुर्गा आंगन' का शिलान्यास और उसे बंगाली अस्मिता से जोड़ने का प्रयास इसी रणनीतिक सजगता का हिस्सा है। बंगाल की राजनीति लंबे समय तक वर्ग-संघर्ष, वाम वैचारिकी और सामाजिक न्याय के नारों के इर्द-गिर्द घूमती रही। लगभग तीन दशक तक भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के नेतृत्व में वाम मोर्चा सत्ता में रहा। उससे पहले भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का प्रभुत्व था। किंतु 2011 में सत्ता परिवर्तन के साथ एक नई धुरी बनी-तृणमूल बनाम भाजपा। आज स्थिति यह है कि वाम और कांग्रेस हाशिए पर हैं और मुकाबला दो ध्रूवों के बीच सिमट चुका है। यही द्विध्रूवीयता चुनाव को अधिक तीखा और अधिक पहचान-केन्द्रित बना रही है। भाजपा का अभियान चार प्रमुख सूत्रों पर टिका है-बंगाल में हिंदू खतरे में है, बांग्लादेशी घुसपैठ, महिलाओं की असुरक्षा और भ्रष्टाचार। सीमावर्ती जिलों का उदाहरण देकर यह संदेश गढ़ा जा रहा है कि जनसांख्यिकीय संतुलन बदल रहा है। अवैध घुसपैठ का प्रश्न नया नहीं है, पर उसे इस समय राजनीतिक ऊर्जा के साथ जोड़ा जा रहा है। आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज की घटना, शिक्षक भर्ती घोटाले, हिन्दुओं पर बढ़ते अत्याचार एवं भ्रष्टाचार जैसे प्रसंगों को शासन की विफलता के प्रतीक के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। भाजपा का लक्ष्य स्पष्ट है-70 प्रतिशत हिंदू मतदाताओं में एक साझा असुरक्षा-बोध निर्मित करना, हिन्दुओं को जागृत करना और उसे मतदान व्यवहार में रूपांतरित करना। आज बंगाल में विकास की सबसे बड़ी बाधा घुसपैठियों का बढ़ना है। घुसपैठियों पर विराम लगाना चाहिए न कि इस मुद्दे पर राजनीति हो। ममता बनर्जी की चुनौती दोहरी है। एक ओर उन्हें यह संदेश देना है कि वे अल्पसंख्यकों की संरक्षक हैं, दूसरी ओर हिंदू मतदाताओं को यह विश्वास भी दिलाना है कि उनकी आस्था और अस्मिता सुरक्षित है। 2021 के चुनाव में जब भाजपा ने 'जय श्रीराम' के नारे को आक्रामक रूप से उछाला, तब ममता ने 'जय मां दुर्गा' और 'चंडी पाठ' के माध्यम से एक सांस्कृतिक प्रत्युत्तर दिया था। इस बार वे दुर्गा आंगन जैसे प्रतीकों के जरिए यह संकेत दे रही हैं कि बंगाली हिंदू पहचान भाजपा की बपौती नहीं है। वे धर्म को राष्ट्रवाद की बजाय क्षेत्रीय अस्मिता के साथ जोड़ती हैं-बंगाल अपनी संस्कृति से हिंदू है, पर उसकी राजनीति बहुलतावादी है-यह उनका अंतर्निहित संदेश है। इसी बीच मुर्शिदाबाद में पूर्व तृणमूल नेता हुमायूं कबीर द्वारा 'बाबरी मस्जिद' के शिलान्यास की पहल ने नई जटिलता जोड़ दी है। इससे मुस्लिम मतदाताओं के भीतर एक अलग धूरवीकरण की संभावना पैदा हुई है। यदि मुस्लिम वोटों का बंटवारा होता है, तो तृणमूल का गणित प्रभावित हो सकती है। 2021 में उसे लगभग 48 प्रतिशत वोट और 223 सीटें मिली थीं-जिसमें मुस्लिम मतों का एकमुश्त समर्थन निर्णायक था। भाजपा 38 प्रतिशत वोट के साथ 65 सीटें जीतकर मुख्य विपक्ष बनी। ऐसे में यदि मुस्लिम मत 5-10 प्रतिशत भी इधर-उधर खिसकते हैं, तो कई सीटों का परिणाम बदल सकता है और भाजपा पूर्ण बहुमत से सत्ता में आ सकती है। यहां प्रश्न केवल गणित का नहीं, राजनीति के चरित्र का भी है। क्या बंगाल का चुनाव धार्मिक पहचान के उभार का प्रयोगशाला बनेगा? या यह प्रयोग अंततः विकास, रोजगार और बुनियादी ढांचे के प्रश्नों पर लौटेगा? विडंबना यह है कि जिस बंगाल को कभी देश की आर्थिक राजधानी कहा जाता था-जहां से उद्योग, शिक्षा और सांस्कृतिक नवजागरण की रोशनी फैलती थी, वह आज अधूरे प्रोजेक्ट्स, धीमी औद्योगिक गति और रोजगार के पलायन से जूझ रहा है। कोलकाता की सड़कों पर अधूरी मेट्रो लाइनें और बंद कारखानों की चुप्पी विकास की उस कहानी को बयान करती हैं, जो राजनीतिक नारों के शोर में दब जाती है। 2011 में टाटा के नैनो प्रोजेक्ट का राज्य से बाहर जाना एक प्रतीकात्मक मोड़ था। भूमि अधिग्रहण के प्रश्न पर जनसमर्थन पाने वाली राजनीति ने उद्योग के प्रति संशय का वातावरण भी बनाया। पंद्रह वर्षों बाद भी बंगाल बड़े निवेश की प्रतीक्षा में है। युवा रोजगार के लिए बाहर जा रहे हैं, और कई राज्यों में उन्हें 'बांग्लादेशी' कहकर अपमानित किए जाने की खबरें आती हैं। यह स्थिति केवल आर्थिक नहीं, आत्मसम्मान का प्रश्न भी है। किंतु चुनावी विमर्श में यह पीड़ा गौण हो जाती है, और केंद्र में आ जाता है-धर्म, पहचान और भय। ममता बनर्जी केंद्र सरकार पर वित्तीय भेदभाव का आरोप लगाती हैं; भाजपा राज्य सरकार पर भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण का। सी.बी.आई. और ई.डी. की कार्रवाइयों को ममता राजनीतिक प्रतिशोध बताती हैं, जबकि भाजपा उन्हें कानून का पालन। इस टकराव ने प्रशासनिक संवाद को भी राजनीतिक संघर्ष में बदल दिया है। परिणाम यह है कि विकास का एजेंडा आरोप-प्रत्यारोप की भेंट चढ़ जाता है। सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि क्या धर्म-आधारित ध्रूवीकरण स्थायी राजनीतिक समाधान दे सकता है? इतिहास बताता है कि धार्मिक उभार अल्पकालिक ऊर्जा तो देता है, पर दीर्घकालिक शासन-क्षमता की कसौटी पर उसे विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के प्रश्नों से जूझना ही पड़ता है। यदि चुनाव केवल कौन किसका प्रतिनिधि है तक सीमित रह गया, तो कौन क्या करेगा का प्रश्न अनुत्तरित रह जाएगा। बंगाल की आत्मा बहुलतावाद में रही है-रामकृष्ण परमहंस से लेकर रवींद्रनाथ तक, यह भूमि विविध आस्थाओं और विचारों का संगम रही है। यहां दुर्गा पूजा और मुहर्रम दोनों सामाजिक उत्सव का रूप लेते रहे हैं। यदि राजनीति इस सामाजिक ताने-बाने को चुनावी अंकगणित में बदल देगी, तो समाज की संवेदनशीलता पर चोट पहुंचेगी। दूसरी ओर, यदि धार्मिक प्रतीकों का उपयोग सांस्कृतिक आत्मगौरव के साथ विकास-प्रतिबद्धता को जोड़ने में किया जाए, तो वह सकारात्मक भी हो सकता है। इस चुनाव में भाजपा की रणनीति हिंदू मतों का अधिकतम ध्रूवीकरण है; ममता की रणनीति हिंदू पहचान को बंगाली अस्मिता के साथ समाहित कर अल्पसंख्यकों के विश्वास को बनाए रखना है। मुस्लिम दलों की सक्रियता तृणमूल के लिए चुनौती है, पर वह भाजपा के लिए अवसर भी है। यह त्रिकोणीय-संभावना चुनाव को जटिल बनाती है। परंतु अंततः लोकतंत्र की परिपक्वता मतदाता तय करता है। यदि बंगाल का मतदाता विकास, रोजगार और सुशासन को प्राथमिकता देता है, तो राजनीतिक दलों को अपना विमर्श बदलना होगा। यदि वह पहचान की राजनीति को स्वीकार करता है, तो वही भविष्य की दिशा बनेगी। प्रश्न केवल यह नहीं कि कौन जीतेगा; प्रश्न यह है कि जीत का एजेंडा क्या होगा? क्या धर्म के आधार पर लड़ा गया चुनाव सार्थक मूल्य स्थापित कर पाएगा? या यह राज्य को और अधिक वैचारिक खाइयों में धकेल देगा? बंगाल की धरती ने अनेक बार भारत को नई वैचारिक दिशा दी है। आज फिर अवसर है-या तो वह धर्म बनाम धर्म की बहस में उलझे, या धर्म को नैतिकता और विकास की प्रेरणा बनाकर नई राजनीति की राह खोले। चुनाव परिणाम चाहे जो हो, असली कसौटी यही होगी कि क्या बंगाल अपनी आर्थिक ऊर्जा, सांस्कृतिक उदारता और सामाजिक समरसता को पुनः प्राप्त कर पाता है। यदि नहीं, तो धर्म की ध्वजा चाहे जितनी ऊंची फहराई जाए, विकास का शून्य अंततः सबको दिखाई देगा। –ललित गर्ग

# बांग्लादेश की नई सरकार को यूनुस के किरदार को समझना होगा

**योगेश कुमार सोनी**

बीते दो वर्ष में बांग्लादेश ने राजनीतिक भूचाल देखा है। पहली बार ऐसा हुआ कि किसी एशियाई प्रधानमंत्री को देश से भागना पड़ा। अब बांग्लादेश की नई गाथा के बाद एक नया कूटनीतिक अध्याय शुरू होगा । आम चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने वाली बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी ने कड़े स्वर में कहा कि सत्ता संभालते ही उसका पहला बड़ा एजेंडा पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना का प्रत्यर्पण होगा। अब सवाल सिर्फ कानूनी नहीं बल्कि भारत-बांग्लादेश संबंधों की दिशा तय करने वाला भी है चूंकि बीते लंबे समय से हसीना को लेकर भारत-बांग्लादेश के अलावा पूरी दुनिया की निगाह है कि आखिर शेख हसीना को लेकर अगला अध्याय क्या होगा । बीएनपी की स्थायी समिति के सदस्य सलाहुद्दीन अहमद ने शुक्रवार को स्पष्ट कहा कि उनकी पार्टी भारत से औपचारिक रूप से शेख हसीना को ट्रायल के लिए बांग्लादेश प्रत्यर्पित करने का आग्रह करेगी। उनका कहना है कि यह मामला दोनों देशों के संबंधित मंत्रालयों के बीच तय कानूनी प्रक्रिया के तहत सुलझाया जाना चाहिए। बीएनपी का तर्क है कि हसीना के कार्यकाल में हुए कथित दमन और भ्रष्टाचार के मामलों की निष्पक्ष सुनवाई जरूरी है। पार्टी ने भारत से सहयोग की उम्मीद जताई है लेकिन यह भी स्पष्ट कर दिया है कि न्यायिक प्रक्रिया से पीछे हटने का सवाल नहीं उठता। बांग्लादेश चुनाव में बीएनपी की बड़ी जीत के बाद पार्टी नेता तारिक रहमान देश की कमान संभालने के लिए तैयार हैं। इसके साथ ही दो दशक बाद बांग्लादेश की सत्ता में बीएनपी की वापसी हो रही है। इसका असर भारत पर भी होगा। बांग्लादेश के 13वें राष्ट्रीय चुनाव में बीएनपी ने 300 में से 212 सीटों पर रिकॉर्ड जीत हासिल कर बहुमत हासिल किया है। जमात-ए-इस्लामी गठबंधन को मात्र 77 सीटें हासिल हुई हैं।अन्य दलों का प्रदर्शन बेहद कमजोर रहा। र्व सत्ताधारी अवामी लीग को इस चुनाव में हिस्सा लेने की अनुमति नहीं दी गई। अगस्त 2024 में छात्र आंदोलन के बाद शेख हसीना की 15 साल पुरानी सरकार गिर गई थी जिसके बाद से देश राजनीतिक अस्थिरता और हिंसा के दौर से गुजरा। अब बांग्लादेश सरकार के लिए सबसे बड़ी चुनौती यह है कि वहां बदहाली व गुंडागर्दी को कैसे नियंत्रित करेगी। दुनिया ने खुली आंखों से देखा कि किस तरह देश के प्रधानमंत्री की भी जान सुरक्षित नही है। गुंडागर्दी का तांडव ऐसा हुआ कि हसीना के निजी अंगवस्त्रों के साथ फोटो सोशल मीडिया पर डाले गए। मोहम्मद यूनुस ब्रांड के रूप में जाने जाते हैं। उनकी वैश्विक पहचान एक सामाजिक उद्यमी और नागरिक समाज के नेता के रूप में रही है। उनकी यह घोषणा कि थी वह चुनाव के बाद सत्ता में नहीं रहेंगे लेकिन आज बांग्लादेश की सरकार को यूनुस की कितनी आवश्यकता है और क्या वह उनके किरदार व अनुभव का इस्तेमाल करके अपने आप को सशक्त करने का प्रयास करेगी। यह अहम सवाल है। सरकार को यूनुस का फायदा यह मिल सकता है कि उनकी साख सभी नेताओं से बहुत मजबूत मानी जाती है। संभावना जताई जा रही है कि चुनाव के बाद यूनुस फिर से सामाजिक विकास, गरीबी उन्मूलन और फिनटेक आधारित वित्तीय समावेशन जैसे क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं। इस तरह उनका भविष्य प्रत्यक्ष राजनीति से दूर, लेकिन राष्ट्रीय पुनर्निर्माण से जुड़ा रह सकता है। टाइम मैगजीन ने बुधवार को वर्ष 2025 के 100 सबसे प्रभावशाली लोगों की लिस्ट जारी की थी, जिसमें मोहम्मद यूनुस को जगह मिली है। पूर्व अमेरिकी विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन ने पहली बार लिखा था कि यूनुस बांग्लादेश को मुश्किलों से बाहर निकाल रहे हैं और मानवाधिकारों को बहाल कर रहे हैं। बहरहाल, अब बांग्लादेश को स्वयं को लेकर अपनी सकारात्मक शक्ति का प्रदर्शन करते हुए अपनी उपस्थिति दर्ज करानी होगी। चूंकि जितना नुकसान बीते कुछ समय में हुआ है उसकी भरपाई करना बेहद मुश्किल है। सरकार का नया स्वरूप ऐसा होना चाहिए कि वह अपनी छवि को सुधारते हुए सभी के साथ चले और देश की जनता में अपना विश्वास बनाए रखे।

## सेहत मंत्र

# रोगी हो या निरोगी हर किसी के लिए दलिया है फायदेमंद, कब्ज से लेकर मोटापा करता है दूर


सेहत के लिहाज से दलिया एक ऐसा ऑप्शन है जिसे सुबह हो या शाम, भूख लगने पर कभी भी खाया जा सकता है। लेकिन कई लोगों को इसका स्वाद पसंद नहीं आता और साथ ही कुछ लोग इसे बीमार लोगों का भोजन मानते हैं। जबकि हकीकत यह है कि न्यूट्रिशन से भरपूर होने की वजह से इसे रोगियों को दिया जाता है। आयुर्वेद के अनुसार भी सुबह के नाश्ते मको पोषक तत्वों से भरपूर होना चाहिए। इस कसौटी पर दलिया खरा उतरता है। नाश्ते के रूप में दूध के साथ इसका सेवन लाभप्रद है। अधिकांश रोगों में खासतौर हृदय से संबंधित रोगियों के कोलेस्ट्रॉल स्तर को कम करने में दलिया लाभप्रद है। इसी तरह दलिया दिल की कार्यप्रणाली को भी सुचारु रूप से संचालित करता है। दलिया को पौष्टिकता से परिपूर्ण करने के लिए इसमें हरी सब्जियां मिलाकर सेवन करना चाहिए। सब्जियों वाले दलिया से पाचन तंत्र बेहतर कार्य करता है साथ ही फाइबर से भरपूर होने के कारण पेट संबंधी समस्याएं दूर होती हैं। दलिया डायबिटीज वालों के लिए भी लाभदायक होता है। दलिया में उच्च मात्रा में प्रोटीन, आयरन और फाइबर संतुलित मात्रा में पाया जाता है। डायबिटीज वालों के लिए दलिया बेहद लाभदायक होता है। दलिया में मौजूद मैग्नीज डायबिटीज को कंट्रोल रखने में सहायक है। गलत लाइफस्टाइल, आहार-विहार, पीसीओडी आदि समस्याओं से राहत पाने में भी दलिया बेहतरी न है। हड्डियों को मजबूत करता है। बच्चों के विकास के लिए हड्डियों का मजबूत होना बहुत ही जरूरी है। दलिया में कैल्शियम और मैग्नीशियम पाया जाता है, जो हड्डियों को मजबूत करन में मदद करता है। अधिकांश महिलाओं खासकर प्रेग्नेंट महिलाओं और नवप्रसूता में हीमोग्लोबिन की कमी पाई जाती है। दूसरे शब्दों में कहें तो वे शरीर में खून की कमी यानि हीमोग्लोबिन से ग्रस्त हो जाती हैं। अगर शरीर में हीमोग्लोबिन की कमी हो गई है तो दलिया खाकर इसे काफी हद तक मेनटेन किया जा सकता है।

## धर्म मंत्र

# मल्लिकार्जुनः ऐसा ज्योतिर्लिंग जहां संयुक्तरूप में विराजमान हैं शिव-पार्वती

12 ज्योतिर्लिंग देश के विभिन्न हिस्सों में स्थापित है, इनमें मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग का विशेष महत्व है जिससे शिवभक्तों की आस्था जुड़ी हुई है, मल्लिका अर्थात माँ पार्वती और अर्जुन यानि भगवान शिव दोनों के संयुक्त रूप को मल्लिकार्जुन कहा गया। हिन्दू मान्यताओं के अनुसार एक बार कार्तिकेय और गणेश जी किसका विवाह पहले होगा इस बात पर झगड़ने लगे, भगवान शिव ने निष्कर्ष के लिए यह कह दिया जो पृथ्वी का चक्कर पहले लगाकर आएगा उसका विवाह पहले होगा। कार्तिकेय पृथ्वी का चक्कर लगाने लगे, गणेश जी ने अपनी बुद्धि का प्रयोग करते हुए माता पार्वती और भगवान शिव के चक्कर लगा लिए, जब कार्तिकेय पृथ्वी की परिक्रमा पूर्ण करके आये और गणेश जी को पहले विवाह करते हुए देखा तो क्रोधित होकर क्रोंच पर्वत पर चले गए। सभी देवताओं ने कार्तिकेय से कैलाश लौटने के लिए आग्रह किया, किन्तु कार्तिकेय नहीं मानें, इस बात से माता पार्वती और भगवान शिव आहत हुए । पुत्र वियोग से दुखी होकर एक दिन माता पार्वती और भगवान शिव कार्तिकेय से मिलने क्रोंच पर्वत पर गए, माता-पिता को देखकर कार्तिकेय दूर चले गए। जिसके उपरांत पुत्र के दर्शन की आशा में भगवान शिव ने ज्योति रूप में प्रकट हुए उसी ज्योति में माँ पार्वती भी समाहित हो गई। तभी से उस ज्योतिर्लिंग को मल्लिकार्जुन के रूप में जाना जाता है। मान्यता है भगवान शिव अमावस्या को और माता पार्वती पूर्णिमा को यहां स्वयं आते हैं।

## पर्यटन



# रोमांस और रोमांच को एक साथ एन्जॉय करने के लिए गोवा नहीं, गोकर्ण आने का बनाएं प्लान

पहले गोकर्ण जहां अपने धार्मिक स्थलों के लिए जाना जाता था वहीं अब इसकी प्रसिद्धि के मायने बदल रहे हैं। अब इस स्थल की पहचान यहां के समुद्र तट बन रहे हैं। यही कारण है कि यहां आने वाले पर्यटकों में श्रद्धालुओं के बजाय यात्रियों, मौज-मस्ती के शौकीन लोगों की संख्या बढ़ रही है। जब भी यहां के बीच का जिक्र होता है तो गोवा का जिक्र अवश्य होता है। गोवा अपने समुद्र तटों के लिए जाना जाता है लेकिन वहां की भीड़ को जो लोग पसंद नहीं करते वे गोकर्ण की ओर आते हैं या आ सकते हैं। यहां के तट अपेक्षाकृत शांत और मनमोहक हैं। किसी चट्‌टान पर बैठकर डूबते सूरज को निहारना इससे बेहतर कहीं नहीं हो सकता। गोकर्ण, कुड्‌ले, ओम, हाफ मून और पैराडाइव आदि पांच मुख्य बीच हैं जहां लोग आना पसंद करते हैं। यहां के बीच संबंधी ज्यादातर गतिविधियां इन्हीं सबके इर्दगिर्द होती हैं। ये समुद्र तट अपने शांत वातावरण, सुनहरी रेत, बीच सैक और सीफूड के लिए प्रसिद्ध हैं। गोकर्ण आने पर सबसे जरूरी और अद्‌भुत अनुभव बीच ट्रेक में ही संभव होता है। बीच ट्रेकिंग सुनने में अजीब भले ही लगे लेकिन यह बहुत रोचक होता है। यह रोचक क्यों है? हममें से बहुत से लोग ऐसे हैं जिन्हें पहाड़ पसंद हैं और फिर ऐसे भी लोग ढेर सारे हैं जिन्हें समुद्र पसंद हैं। सोचिए यदि दोनों ही तरह प्रकार की भौगोलिक स्थितियां एक साथ मिल जाएं तो! जी हां, गोकर्ण के समुद्र तटों के किनारे-किनारे पश्चिमी घाट की पहाड़ियां एक दूसरे के समानांतर चलती हैं। ट्रेकिंग के शौकीन लोग इस अनुभव को हासिल करने से नहीं चूकते। लगभग दस किलोमीटर लंबा यह ट्रेक ऊंचाई से समुद्र को देखने का अद्‌भुत अवसर देता है। यह एक आसान सा ट्रेक है लेकिन इसकी खूबसूरती बेजोड़ है। एक बीच से दूसरे बीच तक इन पहाड़ियों के सहारे जाते हुए प्रकृति के विविध रूप सहज ही दिख जाते हैं।

# लटकते तार, सोया तंत्र : विद्युत विभाग की लापरवाही से बड़ा हादसा

## 11000 लाइन में युवक झुलसा , नगर में आक्रोश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हैदरगढ़ बाराबंकी हैदरगढ़ नगर पंचायत क्षेत्र में विद्युत विभाग की घोर उदासीनता एक बार फिर उजागर हुई है। मोहल्ला पूरे मितई वार्ड, प्रकाश इंटर कॉलेज के निकट नहर पटरी के पास खेतों में 11,000 वोल्ट का हाईटेंशन विद्युत तार मात्र लगभग 6 फीट की ऊँचाई पर लंबे समय से लटक रहा था, जो किसी भी वक्त जानलेवा हादसे को दावत दे रहा था। स्थानीय निवासी हर्षित मौर्य पुत्र गरीबी मौर्य द्वारा इस गंभीर समस्या को लेकर कई बार विद्युत विभाग में लिखित शिकायत की गई, वहीं मौके पर मौखिक रूप से भी अधिकारियों को अवगत कराया गया, किंतु विभाग ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया। नतीजतन, जिसकी आशंका जताई जा रही थी, वही आज घटित हो गया। गृहकार्य के उपरांत खेत में काम कर रहे जीतू मौर्य पुत्र रामशरण मौर्य अचानक नीचे लटक रहे विद्युत तार की चपेट में आ गए। करंट की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से झुलस गए, जिन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों के अनुसार उनकी हालत में सुधार बताया जा रहा है। घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है। लोगों का कहना है कि विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली तब तक नहीं बदलती, जब तक कोई बड़ा हादसा न हो जाए। शिकायतों को अनदेखा करना और दुर्घटना के बाद औपचारिकता निभाना विभाग की आदत बन चुकी है। अध्यक्ष नगर पंचायत आलोक तिवारी ने मांग की है कि जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई हो तथा क्षेत्र में लटक रहे सभी जर्जर तारों को तत्काल दुरुस्त कराया जाए, ताकि भविष्य में किसी और परिवार को इस तरह की त्रासदी का सामना न करना पड़े साथ ही विद्युत विभाग को इतनी संवेदनशीलता अवश्य मिले कि अगली खबर हादसे की नहीं, सुधार की हो।

### विद्युत विभाग की गजब कहानी , शिकायत से एलर्जी, हादसे से दोस्ती

हैदरगढ़ बाराबंकी : विद्युत विभाग की कार्यशैली पर अगर शोध हो जाए, तो निष्कर्ष यही निकलेगा कि यहाँ तार नहीं, सब्र की परीक्षा ली जाती है। 11,000 वोल्ट का तार अगर 6 फीट पर लटक रहा हो, तो विभाग उसे खतरा नहीं बल्कि लाइव डेमो मानता है ञ्देखिए, करंट ऐसे लगता है!ङ्क शिकायतें करना यहाँ बिजली बिल भरने से भी ज़्यादा बेकार माना जाता है। फाइलें इस अंदाज़ में दबाई जाती हैं जैसे तार नहीं, कंबल ओढ़ाकर समस्या सुला दी गई हो। अधिकारी तब तक चैन से रहते हैं, जब तक कोई झुलस न जाए; और जैसे ही हादसा होता है, अचानक सबके पास संवेदना, जांच और आश्वासन की फुल चार्ज बैटरी आ जाती है।

विभाग का अनकहा नियम साफ है पहले हादसा, फिर निरीक्षण , पहले घायल, फिर कार्रवाई, पहले खबर, फिर अफ़सर हरकत में तार आज भी लटक रहा हो, तो हैरानी नहीं । शायद विभाग अगली ञ्एंट्रीङ्क का इंतज़ार कर रहा है। लगता है, एक हादसा पर्याप्त नहीं, कोटा पूरा होना चाहिए। अगर यही रवैया रहा, तो वह दिन दूर नहीं जब खंभों पर चेतावनी लिखी मिलेगी—

सावधान! यहाँ बिजली नहीं, विभाग मारता है।

ईश्वर घायल को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ दे,

और विद्युत विभाग को इतनी अक्ल ज़रूर दे

कि तार जमीन से ऊपर जाएँ, और विभाग नींद से बाहर आए।

## जागरण भजन कीर्तन,भव्य भंडारा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। कस्बा बदोसराय में दुग्धेश्वर महादेव मंदिर परिसर में भव्य रात्रि जागरण का आयोजन किया गया। इस धार्मिक कार्यक्रम में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। शिवांश जागरण ग्रुप के भजन गायक सचिन निगम ने अपनी प्रस्तुतियों से समां बांधा। उन्होंने ''निराले दूल्हे में मतवाले दूल्हे में सज रहे भोले बाबा निराले दूल्हे में'' और ''देखा भोले बाबा की अजब है प्यार चले है लेकर भूतों की बारात'' जैसे भजन सुनाए, जिन पर दर्शक झूम उठे।अयोध्या के साजन आर्ट ग्रुप के कलाकारों ने भगवान शंकर, माता पार्वती और हनुमान सहित विभिन्न देवी-देवताओं की मनमोहक झांकियां प्रस्तुत की गईं। राधा-कृष्ण की झांकी और उनके नृत्य ने विशेष रूप से श्रद्धालुओं का ध्यान आकर्षित किया।इस अवसर पर राहुल मौर्य, ज्योति गुप्ता, मनोरथ मौर्य, आशीष अवस्थी, सैम सोनी, मनीज कश्यप, सुशील कुमार, रितेश मौर्या और श्याम सोनी सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## फिजा ने दी आहार स्वास्थ्य संबंधी जानकारी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। खण्ड शिक्षा अधिकारी फिजा मिर्ज़ा के मार्गदर्शन में पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय सहरी में कक्षा सात और आठ की बालिकाओं के लिए निःशुल्क सेनेटरी पैड वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।विद्यालय परिवार द्वारा बालिकाओं को स्वच्छता, स्वास्थ्य और व्यक्तिगत देखभाल के महत्व की जानकारी दी गई। छात्राओं को बताया गया कि मासिक धर्म एक प्राकृतिक प्रक्रिया है और इस दौरान स्वच्छता बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है।सहायक अध्यापिका प्रिया शुक्ला ने बालिकाओं को मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता बनाए रखने, संतुलित आहार लेने और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर खुलकर चर्चा करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जागरूकता और स्वच्छता से बालिकाएं स्वस्थ और आत्मविश्वासी बन सकती हैं।इस अवसर पर प्रधानाध्यापक सतगुरु शरण, सहायक अध्यापक शफीक अहमद, सचिन जायसवाल, नीलेश कुमार तिवारी, प्रिया शुक्ला, अनुदेशक राजन वर्मा, कमरुज्जमा, आंगनबाड़ी कार्यकत्री किरण शुक्ला और सुंदरा गुप्ता उपस्थित रहे।

## डीएम ने विकासखंड बंकी का किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं की सराहना





कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी । जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी ने सोमवार को मुख्य विकास अधिकारी श्री अन्ना सुदन के साथ विकासखंड बंकी का निरीक्षण कर विभिन्न विभागीय एवं जनकल्याणकारी कार्यों की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान विकासखंड परिसर की साफ-सफाई, कार्यालयीय व्यवस्था, अभिलेखों का रखरखाव तथा योजनाओं के क्रियान्वयन को संतोषजनक बताते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों के कार्यों की सराहना की।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विकासखंड परिसर को और अधिक सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित बनाए रखने के उद्देश्य से बाहरी क्षेत्र में हुए अतिक्रमण को हटाने तथा बाउंड्री की मरम्मत कराने के निर्देश दिए। पंचायत उद्योग भवन के निरीक्षण में उन्होंने जन सेवा केंद्र के संचालन को नियमानुसार सुनिश्चित कराने पर बल दिया। जिलाधिकारी ने प्रेरणा कैंटीन का भी निरीक्षण किया, जहां व्यवस्थाएं सुचारु पाई गईं। कैंटीन में कार्यरत महिला द्वारा आत्मनिर्भरता की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की उन्होंने प्रशंसा की। इसके पश्चात राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित धूप-अगरबत्ती सहित अन्य उत्पादों का अवलोकन कर समूहों की मेहनत, गुणवत्ता एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के अंतर्गत निर्मित मॉडल आवास का फीता काटकर लोकार्पण करते हुए जिलाधिकारी ने योजना को गरीबों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने वाली बताया। साथ ही ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के अवर अभियंता कार्यालय, खंड विकास अधिकारी कार्यालय एवं मनरेगा सीएलएफ लैब का निरीक्षण कर कार्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्ता पूर्ण ढंग से संपादित करने के निर्देश दिए। पुराने कर्मचारी आवासों के जीर्णोद्धार हेतु शासन से नियमित पत्राचार करने के भी निर्देश दिए गए। निरीक्षण के अंत में जिलाधिकारी ने कहा कि विकासखंड बंकी की समग्र व्यवस्थाएं संतोषजनक हैं। परिसर की साफ-सफाई, कार्यालयीय कार्यप्रणाली एवं अभिलेखों का रखरखाव सराहनीय है। उन्होंने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई को शीघ्र पूर्ण कराने तथा स्वयं सहायता समूहों के कार्यों को और अधिक प्रोत्साहित करने पर विशेष जोर दिया।

### व्यवस्था, स्वच्छता और योजनाओं के क्रियान्वयन में आगे विकासखंड बंकी

बाराबंकी, । विकासखंड बंकी में संचालित विकास कार्यों, कार्यालयीय अनुशासन और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन ने प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया। जिलाधिकारी द्वारा किए गए निरीक्षण के दौरान यह स्पष्ट रूप से सामने आया कि ब्लॉक स्तर पर व्यवस्थाएं सुदृढ़ हैं और योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचाने का कार्य जिम्मेदारी के साथ किया जा रहा है। विकासखंड परिसर की स्वच्छता, अभिलेखों का क्रमबद्ध रखरखाव तथा कार्यालयों में कार्यसंस्कृति को संतोषजनक पाया गया। प्रेरणा कैंटीन एवं महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा किए जा रहे कार्यों ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था और महिला सशक्तिकरण की मजबूत तस्वीर प्रस्तुत की। स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों की गुणवत्ता और निरंतरता को ग्रामीण आजीविका सशक्त करने वाला प्रयास बताया गया। प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के अंतर्गत निर्मित मॉडल आवास यह दर्शाता है कि विकासखंड स्तर पर योजनाएं केवल कागजों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि धरातल पर प्रभावी रूप से लागू हो रही हैं। ग्रामीण अभियंत्रण, मनरेगा तथा खंड विकास कार्यालयों की कार्यप्रणाली भी सुव्यवस्थित पाई गई। समग्र रूप से विकासखंड बंकी की प्रशासनिक दक्षता, अनुशासन और विकास कार्यों की निरंतरता को सराहनीय माना गया, जो अन्य विकासखंडों के लिए एक सकारात्मक उदाहरण प्रस्तुत करती है।



### सीएचसी अधीक्षक ने किया भंडारा का शुभारंभ

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बदोसराय में एएनएम ज्योति यादव और अस्पताल स्टाफ द्वारा आयोजित ओम नमः शिवाय जप, रुद्राभिषेक और लड्डू गोपाल अभिषेक आयोजन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन हुआ।महाशिवरात्रि के दिन रविवार से शुरू हुए ओम नमः शिवाय जप सोमवार को पूर्ण हुआ। पंडित विष्णु शुक्ला ने मंत्रोच्चारण के साथ रुद्राभिषेक और लड्डू गोपाल अभिषेक संपन्न करवाया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे सीएचसी अधीक्षक डॉ. संतोष सिंह ने विधिवत पूजा-पाठ कर भंडारे का शुभारंभ किया।इस अवसर पर चंद्रेश वर्मा, सिद्धार्थ, रामप्रताप मिश्रा, डॉ. संतोष शुक्ला, शुभम अवस्थी, त्रिभुवन सिंह, धीरेंद्र वर्मा, सोनम वर्मा, आकाश वर्मा और भारतीय समाज सेवा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष भास्कर यादव सहितन उपस्थित रहे।

## साथी की निर्मम हत्या, आक्रोशित अधिवक्ताओं का भव्य विरोध प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। गत शुक्रवार को दिनदहाड़े असेनी मोड हाईवे पर अधिवक्ता की हत्या के मामले में वकीलों द्वारा भारी विरोध प्रदर्शन किया गया। जिला बार एसोसिएशन अध्यक्ष नरेंद्र वर्मा महामंत्री रामराज यादव व वरिष्ठ उपाध्यक्ष रितेश मिश्रा के नेतृत्व में अधिवक्ताओं का भारी समूह राजमार्ग पर निकला तो कुछ देर रोड जाम की स्थिति बनी। वकील बराबर हत्यारों की गिरफ्तारी को लेकर मांग व प्रदर्शन कर रहे थे। मालूम हो कि शुक्रवार को दोपहर में अधिवक्ता शोएब अहमद किदवई की लखनऊ अयोध्या हाईवे पर असेनी मोड़ के पास अज्ञात हत्यारो ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। जिस पर काफी संख्या में वकील पहुंचे और पुलिस फोर्स ने भी स्थिति को संभालते हुए साक्ष्य एकत्रित किए थे। मौके पर एडीजी प्रवीण कुमार समेत कई आला अधिकारियों ने घटना स्थल का निरीक्षण किया था।उसके बाद अधिवक्ता की बॉडी को पोस्टमार्टम हाउस लाया गया जहां देर रात उनका पोस्टमार्टम डॉक्टरों के पैनल द्वारा किया गया। जिला बार अध्यक्ष ने उसी दिन कप्तान अर्पित विजयवर्गीय से मिलकर एक ज्ञापन देते हुए 48 घंटे में हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग की थी और न होने पर धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी थी ।इसी क्रम में समय पूरा होने के बाद भी हत्या का खुलासा व हत्यारों की गिरफ्तारी न होने पर वकील काफी आक्रोशित थे ।दोपहर में 2:00 बजे वकीलों का हुजूम दीवानी न्यायालय परिसर में एकत्रित हुआ और उसके बाद जुलूस की शक्ल में नारेबाजी करते हुए आगे बढ़े। वकील हाईवे होते हुए एसपी कार्यालय पहुंचे । इसी बीच सैकड़ों अधिवक्ताओं ने कुछ देर रोड भी जाम करने का भी प्रयास किया।एसपी कार्यालय के बाहर जमा काफी वकीलों की भीड़ ने पुलिस विरोधी व सरकार व प्रशासन विरोधी नारेबाजी भी की तथा हत्यारों को फांसी दिलाने की मांग की। इसके बाद वकीलों के एक प्रतिनिधि मंडल ने एसपी से काफी देर वार्ता की । वार्ता के बाद पदाधिकारियों के साथ एसपी ने बाहर आकर वकीलों को से शीघ्र ही गिरफ्तारी का आश्वासन दिया और परिजनों से भी सहयोग मांगा।एसपी ने कहा कि अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए 5 टीमें बनाई गई हैं। साक्ष्य एकत्रित होने के बाद उम्मीद है उन्हें शीघ्र सफलता मिलेगी और परिजनों को न्याय मिलेगा। इसके बाद वकीलों का आक्रोश शांत हुआ और वे वापस कचहरी लौटे। जिला बार अध्यक्ष का कहना है कि एस पी ने गिरफ्तारी का आश्वासन दिया है और कहा है कि अधिवक्ता के हत्यारो को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर अधिवक्ताओं के धरना प्रदर्शन की चेतावनी को देखते हुए काफी संख्या में पुलिस बल मुस्तैद रहा और पटेल तिराहा से लेकर कचहरी के चारों तरफ काफी संख्या में पुलिस बल भी दिखाई दे रहा था।

### नेपाल के ध्यानाचार्य ने की महादेव की पूजा अर्चना



रामनगर बाराबंकी। महादेवा धाम के प्रसिद्ध श्रीलोधेश्वर महादेव जी के मंदिर में सोमवार सायं नेपाल से पधारे ध्यानाचार्य सद्गुरु जय श्री हरि ने विधि विधान से जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की।उनके साथ गुरुखेमराज चंद्रा प्रदुन्दना और गोविंदा पूजा में शामिल रहे।सभी श्रद्धालुओं ने भगवान शिव से विश्व शांति की कामना की।नेपाल के व्यास जिले के निवासी तथा महाऋषि वेदव्यास पीठ से जुड़े सद्गुरु ने बताया कि वे डॉक्टर दिव्यांशु पटेल के आमंत्रण पर लोधेश्वर धाम दर्शन हेतु आए हैं।उन्होंने मंदिर को प्राचीन और सिद्ध शक्तिपीठ बताते हुए यहां दिव्य ऊर्ज़ा और आत्मिक शांति की अनुभूति होने की बात कही।

### गरीब नवाज होटल का शुभारंभ, रियाज ने काटा फीता

जैदपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर के मोहल्ला मोलवी कटरा पानी टंकी चौराहा पर नव स्थापित सोमवार को लगभग 11 बजे कस्बे के पानी टंकी चौराहे पर संचालक मो. जाबिर अंसारी के ख्वाजा गरीब नवाज होटल का उद्घाटन पूर्व सभासद इकराम की मौजूदगी में पूर्व चेयरमैन रियाज़ अहमद द्वारा फीता काटकर किया गया। पूर्व चेयरमैन रियाज़ अहमद का उपस्थित जनता द्वारा स्वागत किया गया, मौके पर पूर्व सभासद एकराम जावेदखान सहवार हुसैन शहाबुद्दीन सिद्दीकी कैफ़ी खान, सहित भारी संख्या में लोग मौजूद थे।

### भव्य शिव बारात, बम बम भोले से गूंजा वातावरण

फतेहपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। स्थानीय श्री शक्तिधाम महादेव तालाब मंदिर से भगवान शिव की भव्य बारात निकली।बारात कस्बे के प्रमुख मार्गों से गुजरी, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए।'हर-हर महादेव' और बम- बम भोले' के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

महाकाल सेवा समिति सदस्यों ने बारात को व्यवस्थित ढंग से संपन्न करने में महत्वपूर्ण भूमिकानिभाई।बारात में भगवानशिव, मातापार्वती, गणेश, नंदी औरभूतप्रेतों की सजीव झांकियां मुख्य आकर्षण का केंद्र रहीं। ढोल-नगाड़ों और डीजे की भक्तिमय धुनों पर युवा, बुजुर्ग और बच्चे उत्साह से झूमते नजर आए।

इस अवसर पर बाबा हेमन्त दास, राजेश जायसवाल, वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव नयन तिवारी, राजेश पाठक, गणेश शंकर मिश्रा और सुधांशू मिश्रा आदि ने भगवान की आरतीकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शांति हेतु प्रार्थना की।विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा ने कहाकि शिव बारात हमारी सांस्कृतिक और धार्मिक परंपराओं की पहचान है,और ऐसे आयोजन समाज में एकता व भाईचारे की भावना को मजबूत करते हैं।देर शाम शिव बारात वापस मंदिर परिसर पहुंची, प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस आयोजन ने कस्बे में आस्था और भक्ति का माहौल बना दिया।

### पंचामृत अभिषेक, निकली पालकी यात्रा

फतेहपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कस्बे में स्थित भगवान महावीर जैन चैत्यालय में सोमवार को नव प्रतिमा स्थापना का वार्षिकोत्सव समारोह श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया।प्रातःकाल महावीरजैन चैत्यालय में भगवान शीतलनाथ और भगवान मुनि सुव्रतनाथ का पंचामृत अभिषेक किया।दूध, चंदन, घी और केसर जैसी सामग्रियों से शांतिधारा भी संपन्न हुई। अभिषेक के दौरान मंदिर परिसर 'भगवान की जय' के उद्घोषों से गूंज उठा, जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया। भगवान को एक भव्य पालकी में विराजित कर गाजे-बाजे के साथ श्रीपार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर तक पालकी यात्रा निकली।इस यात्रा में महिलाएं और पुरुष पारंपरिक भक्ति गीतों पर नृत्य करते हुए भगवान के जयकारे लगा रहे थे। कार्यक्रम दौरान जैन समाज के वरिष्ठजनों ने धार्मिक उपदेश दिए और अहिंसा, सत्य तथा संयम के मार्ग पर चलने का संदेश दिया।इस मौके पर लल्ला जैन,संदीप जैन, गप्पू जैन, उदयजैन, यसवंतजैन, ऋषभजैन,मुन्ना, सहित तमाम नागरिक और श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### भंडारा में सैकड़ो लोगों ने छका प्रसाद

सिद्धौर, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकास खंड सिद्धौर क्षेत्र की ग्राम पंचायत मदारपुर रोशन जमा खां मजरे दुल्हीपुर में बजरंग धाम सेवा समिति के तत्वावधान में भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। ग्रामीणों के सामूहिक सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में पवनसुत हनुमान जी के चरणों में प्रसाद अर्पित किया गया। भंडारा प्रातःकाल से लेकर सायंकाल तक निरंतर चलता रहा। जिसमें न केवल गांव के लोग बल्कि दूरदराज से आए श्रद्धालुओं ने भी श्रद्धापूर्वक प्रसाद ग्रहण किया। दुल्हीपुर के बेचा लाल वर्मा ने बताया कि भंडारे के दौरान पूरा क्षेत्र ञ्जय बजरंग बलीङ्क के जयकारों से गूंज उठा। इस मौके बजरंग धाम सेवा समिति के सदस्यों ने भरपूर सहयोग किया।

### बैठक, सीडीपीओ ने कार्य कत्रियों को कार्यवृत्ति

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। सीडीपीओ अर्चना वर्मा ने सोमवार को औरेला पंचायत भवन में रामपुर सेक्टर की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के साथ बैठक की।बैठक में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के फॉर्म भरवाने के अभियान पर चर्चा की गई और कार्यकत्रियों को फॉर्म भरने की विस्तृत जानकारी दी गई।सीडीपीओ अर्चना वर्मा ने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा फॉर्म भरे जा रहे हैं और इसके लिए आधार कार्ड, मोबाइल नंबर, टीकाकरण कार्ड और ई-श्रम कार्ड जैसे दस्तावेजों की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि जिन लाभार्थियों के पास आवश्यक दस्तावेज नहीं होते हैं, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां उनसे संपर्क कर दस्तावेज तैयार करने में सहायता करती हैं।बैठक में सुपरवाइजर मधु सिंह सहित कई आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां उपस्थित रहे।

### विवाहिता से दुष्कर्म का असफल प्रयास, तहरीर

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। घर में घुसकर गांव के ही एक युवक ने महिला से दुष्कर्म का प्रयास किया। बड्डूपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने बताया कि सोमवार को पति काम करने के लिए बाहर व परिवार के अन्य लोग खेत गए हुए थे।घर पर वह अकेली थी।सुबह करीब 11 बजे गांव का ही एक युवक उसके घर में घुस आया। आरोपी ने महिला को अकेला पाकर बदनीयती से दबोच लिया।महिला द्वारा विरोध पर आरोपी जान से मारने की धमकी दे भाग निकला।दोपहर पति के साथ थाने पहुंची पीड़िता ने आरोपित युवक के खिलाफ तहरीर दी है। बड्डूपुर थानाध्यक्ष मनोज सोनकर ने बताया कि तहरीर मिली है मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### छात्र-छात्राओं का पंजीकरण विशेष शिविर आयोजित

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। चौधरी चरण सिंह पीजी कॉलेज बरदरी में सोमवार को विशेष प्रगाढ़ मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत 18 वर्ष से अधिक आयु के छात्र-छात्राओं के पंजीकरण हेतु एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने सहभागिता करते हुए अपना पंजीकरण कराया।प्राचार्य डॉ. गया प्रसाद दुबे ने छात्र-छात्राओं को अपने मताधिकार के प्रयोग और लोकतान्त्रिक अधिकारों के प्रति जागरूक करते हुए मतदाता बनने का आवाहन किया। शिविर का संचालन कला संकाय विभागाध्यक्ष डॉ. बृजेश सिंह ने किया। इस अवसर पर प्रवक्ता डॉ. धीरज पाठक, श्री बृजेश कुमार कोविंद, श्री गगन गुप्ता सहित महाविद्यालय के स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

### शादी का झांसा, विवाहिता से बनाए संबंध, गिरफ्तार

फतेहपुर बाराबंकी। शादी का झांसा देकर महिला से ठगी करने और अश्लील वीडियो बनाने के आरोप में आरोपी को गिरफ्तार किया है।पुलिस के मुताबिक, यह मामला 12 फरवरी को कस्बे की एक विवाहिता ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। पीड़िता ने आरोप लगायाकि मो.समीर पुत्र मो.अलीम उर्फ अल्ली, निवासी सट्टी बाजार चौराहा, कस्बा फतेहपुर ने उसे शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाए।

### सूचना

यूको बैंक जोनल कार्यालय लखनऊ द्वारा 16 अप्रैल 2021 को नियम 9(6) के अंतर्गत जारी सेल सर्टिफिकेट वास्ते गाटा संख्या 111 मि./464.684 वर्ग मीटर स्थान जगत खेड़ा हैदरगढ़ बाराबंकी, जो हेमंत त्रिपाठी पुत्र रामकृष्ण त्रिपाठी 545, केए/एम 381 बादशाह खेड़ा, मुनेश्वरपुरम, लखनऊ के पक्ष में है, दिनांक 08-1-2026 को हैदरगढ़, बाराबंकी में खो गया। हेमंत त्रिपाठी, मो.8237198539

# कनाडा के खिलाफ पावरप्ले की कमजोरी को दूर करने की कोशिश करेगा न्यूजीलैंड

एजेंसी




चेन्नई। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पिछले मैच में न्यूजीलैंड की कुछ कमजोरियां खुलकर सामने आ गई थी और उसकी टीम अब कनाडा के खिलाफ मंगलवार को यहां होने वाले टी20 विश्व कप के ग्रुप डी के अपने अंतिम मैच में इन्हें दूर करने और सुपर आठ में जगह पक्की करने की कोशिश करेगा। विश्व कप से ठीक पहले भारत में पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेलने के बाद न्यूजीलैंड की टीम उपमहाद्वीप की परिस्थितियों से काफी हद तक अभ्यस्त होकर टूर्नामेंट में उतरी। अफगानिस्तान और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के खिलाफ आसान जीत ने उनके आत्मविश्वास को और मजबूत किया। लेकिन दक्षिण अफ्रीका की मजबूत टीम के खिलाफ उसे सात विकेट से करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा। इस हार ने हर विभाग में, खासकर बल्लेबाजी में उसकी कमजोरियों को उजागर कर दिया। न्यूजीलैंड के लिए पावरप्ले की परेशानियां लगातार चिंता का विषय बनी हुई हैं, क्योंकि शुरुआती विकेट गिरने से लय बिगड़ जाती है और मध्य क्रम के बल्लेबाजों को पारी को संवारने का काम करना पड़ता है। न्यूजीलैंड के शीर्ष क्रम में अहम भूमिका निभाने वाले ऑलराउंडर रचिन रविंद्र की खराब फॉर्म भी टीम के लिए एक बड़ी चिंता का विषय है। वह अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलने में नाकाम रहे हैं। अब जबकि टूर्नामेंट अगले दौर में प्रवेश करने वाला है तो न्यूजीलैंड के टीम प्रबंधन उनके जल्दी लय में लौटने की उम्मीद कर रहा होगा। गेंदबाजी में न्यूजीलैंड की टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई थी। दक्षिण अफ्रीका से हार के बाद न्यूजीलैंड के बल्लेबाज डैरिल मिचेल ने कहा, ''हम 200 रन का लक्ष्य हासिल नहीं कर पाए जो हम चाहते थे। मुझे लगता है कि गेंदबाजी में भी हमारा प्रदर्शन उतना अच्छा नहीं रहा जितना होना चाहिए था।'' तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन अपने पहले बच्चे के जन्म के लिए स्वदेश लौट गए हैं और इसलिए इस मैच में नहीं खेलेंगे। काइल जैमीसन को उनकी जगह पर अंतिम एकादश में शामिल किए जाने की संभावना है, जबकि लेग स्पिनर ईश सोढ़ी एक और रणनीतिक विकल्प बने रहेंगे। न्यूजीलैंड इस मैच में जीत हासिल करके सुपर आठ में अपनी जगह पक्की कर लेगा। दूसरी तरफ कनाडा की भी अपनी परेशानियां हैं। उसकी टीम दक्षिण अफ्रीका और यूएई के खिलाफ अपने दोनों मैच हारने के बाद अंक तालिका में सबसे निचले पायदान पर है। टूर्नामेंट से पहले प्रतिस्पर्धी मैचों का अनुभव न होने का असर उनके प्रदर्शन में साफ तौर पर दिखाई दे रहा है। उपमहाद्वीप की परिस्थितियों के अनुकूल ढलना भी उनके लिए मुश्किल रहा है। यूएई से हार के बाद तेज गेंदबाज दिलोन हेइलिगर ने कहा था, ''हम यहां की तुलना में काफी कम तापमान में रहते हैं और हमारे पास क्रिकेट खेलने के लिए साल में केवल तीन महीने होते हैं।''

# अजमतुल्लाह और जादरान ने अफगानिस्तान को यूएई पर पांच विकेट की जीत दिलाई

एजेंसी



नयी दिल्ली। अजमतुल्लाह उमरजई के ऑलराउंड प्रदर्शन और सलामी बल्लेबाज इब्राहिम जादरान के अर्धशतक से अफगानिस्तान ने आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप डी मैच में सोमवार को यहां यूएई को पांच विकेट से हराकर सुपर आठ में जगह बनाने की अपनी धुंधली उम्मीदों को जीवंत रखा। यूएई के 161 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए अफगानिस्तान ने जादरान (53 रन, 41 गेंद, छह चौके, एक छक्का), दारविश रसूली (23 गेंद में 33 रन) और अजमतुल्लाह (21 गेंद में नाबाद 40 रन, तीन छक्के, दो चौके) की पारियों से 19.2 ओवर में पांच विकेट पर 162 रन बनाकर जीत दर्ज की। पहले दो मैच में शिकस्त झेलने वाले अफगानिस्तान के ग्रुप में अब दो अंक हैं। यूएई के भी दो अंक हैं। दक्षिण अफ्रीका छह अंक के साथ सुपर आठ के लिए क्वालीफाई कर चुका है जबकि न्यूजीलैंड के चार अंक हैं। इन सभी टीम ने तीन-तीन मैच खेले हैं। यूएई की ओर से जुनैद सिद्दिकी ने 23 जबकि मोहम्मद अरफान ने 30 रन देकर दो-दो विकेट चटकाए लेकिन टीम को जीत नहीं दिला पाए। इससे पहले अजमतुल्लाह (15 रन पर चार विकेट) और मुजीब उर रहमान (31 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने यूएई की टीम नौ विकेट पर 160 रन ही बना सकी। शोएब खान ने 48 गेंद में चार छक्कों और छह चौकों से 68 रन की पारी खेलने के अलावा आलीशान शराफू (40) के साथ तीसरे विकेट के लिए 84 रन जोड़कर टीम को चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरे अफगानिस्तान ने मैच की दूसरी ही गेंद पर रहमानुल्लाह गुरबाज (00) का विकेट गंवा दिया जिन्होंने जुनैद की गेंद पर शोएब को कैच थमाया। जादरान ने चौथे ओवर में हैदर अली को निशाना बनाते हुए उनके ओवर में तीन चौकों और एक छक्के से 18 रन जुटाए। गुलबदिन नायब (13) ने भी मोहम्मद जवादुल्लाह पर छक्का और चौका मारा लेकिन अगले ओवर में मोहम्मद अरफान की गेंद को प्वाइंट पर हर्षित कौशिक को कैच दे बैठे। अफगानिस्तान ने पावर प्ले में दो विकेट पर 41 रन बनाए। सेदिकुल्लाह अटल (16) ने अरफान पर चौके के साथ आठवें ओवर में टीम के रनों का अर्धशतक पूरा किया और फिर अगले ओवर में सिमरनजीत सिंह पर छक्का जड़ा लेकिन जवादुल्लाह ने यॉर्कर पर उनके विकेट उखाड़ दिए। जादरान ने सिमरनजीत पर चौके और फिर दो रन के साथ 37 गेंद में अर्धशतक पूरा किया लेकिन इसके बाद अरफान की गेंद पर यूएई के कप्तान मुहम्मद वसीम को कैच दे बैठे। अफगानिस्तान के रनों का सैकड़ा 14वें ओवर में पूरा हुआ। अफगानिस्तान को अंतिम पांच ओवर में जीत के लिए 52 रन की दरकार थी।

# भारत के खिलाफ हार के बाद बाबर को टीम से बाहर करने की मांग उठी

एजेंसी

कराची। पाकिस्तान की टी20 विश्व कप के मैच में चिर प्रतिद्वंद्वी भारत से 61 रन की हार के बाद स्टार बल्लेबाज बाबर आजम आलोचनाओं के घेरे में आ गए हैं तथा देश के कई पूर्व खिलाड़ियों ने कुछ अन्य सीनियर खिलाड़ियों के साथ-साथ उन्हें भी टीम से बाहर करने की मांग की है। पूर्व कप्तान बाबर, शादाब खान और तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी जैसे अनुभव खिलाड़ी रविवार रात कोलंबो में खेले गए एकतरफा मुकाबले में उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे। भारत के युवा सलामी बल्लेबाज ईशान किशन (40 गेंदों में 77 रन) ने पाकिस्तानी गेंदबाजी की जमकर धुलाई की। दूसरी तरफ भारत के तेज गेंदबाजों और स्पिनरों के सामने पाकिस्तान के बल्लेबाज बगलें झांकते हुए नजर आए। पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी ने कहा, ''अगर यह मेरे हाथ में होता तो मैं बाबर, शादाब और शाहीन को दोबारा टी20 टीम में नहीं चुनता। उन्हें पाकिस्तान के लिए अच्छा प्रदर्शन करने के कई मौके मिले हैं, लेकिन कल वे फिर से नाकाम रहे। अफरीदी ने कहा कि अब इस टी20 प्रारूप में युवा खिलाड़ियों को तैयार करने का समय आ गया है। शाहीन ने दो ओवर में 31 रन लुटाए वहीं बाबर को अक्षर पटेल ने पांच रन पर आउट किया। पूर्व कप्तान जावेद मियांदाद हार पर विस्तार से बोलने को तैयार नहीं थे, लेकिन उन्होंने स्वीकार किया कि पाकिस्तान की क्रिकेट टीम दबाव में आने पर चुनौती पेश करने में नाकाम रही है। मियांदाद ने कहा, ''भाई बड़े मैचों में ही खिलाड़ियों को अपना जज्बा दिखाना होता है। हमारे खिलाड़ी ऐसा नहीं कर पाए। बाबर का हमेशा समर्थन करने वाले एक अन्य पूर्व कप्तान मोहम्मद यूसुफ ने भी कहा कि इस करारी हार के बाद बाबर और शाहीन का टी20 करियर समाप्त हो जाना चाहिए।

# नेपाल की कमजोरी का फायदा उठाने की कोशिश करेगा स्कॉटलैंड

एजेंसी




मुंबई। पिछले मैच में इटली पर बड़ी जीत से उत्साहित स्कॉटलैंड की टीम नेपाल के खिलाफ मंगलवार को यहां होने वाले टी20 विश्व कप के ग्रुप सी के मैच में जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी। इंग्लैंड अगर सोमवार को इटली को हरा देता है तो वह ग्रुप सी में वेस्टइंडीज के बाद सुपर आठ में जगह बनाने वाली दूसरी टीम बन जाएगी। इससे स्कॉटलैंड बाहर हो जाएगा। नाटकीय परिस्थितियों में प्रतियोगिता में शामिल होने वाला स्कॉटलैंड हालांकि संघर्षरत नेपाल के खिलाफ जीत दर्ज करने के लिए प्रतिबद्ध होगा। बेहतर नेट रन रेट (0.359) होने के बावजूद स्कॉटलैंड तीसरे स्थान पर है क्योंकि तीन मैचों में उसके केवल दो अंक हैं। इंग्लैंड (-0.143) के तीन मैचों में दो जीत और एक हार के साथ चार अंक हैं। इंग्लैंड और वेस्टइंडीज से करारी हार के बावजूद स्कॉटलैंड ने इटली को 73 रन से हराया। नेपाल की टीम अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाई है और उसके खिलाफ स्कॉटलैंड न केवल अपनी जीत की उम्मीद करेगा बल्कि अपने नेट रन रेट में सुधार करने की भी कोशिश करेगा। लेकिन इससे पहले उसे दुआ करनी होगी कि इटली की टीम इंग्लैंड को उलटफेर का शिकार बना दे। लेकिन अगर यह टी20 विश्व कप में स्कॉटलैंड की आखिरी मैच साबित होता है तो वे जीत के साथ विदाई लेना चाहेंगे। हालांकि इसके लिए उसे बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में निरंतरता बनाए रखनी होगी। इटली (10 विकेट से) और वेस्टइंडीज (नौ विकेट से) के हाथों मिली करारी हार से नेपाल की प्रतिष्ठा और आत्मविश्वास दोनों को भारी झटका लगा है। इंग्लैंड के खिलाफ प्रेरणादायक शुरुआत करने वाली और पर महज चार रन से हारने वाली नेपाल की टीम की अगले चरण में पहुंचने की संभावना पहले ही खत्म हो गई है और उसकी टीम अब बेखौफ क्रिकेट खेल कर जीत के साथ अंत करने के लिए प्रतिबद्ध होगी। नेपाल को खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा क्योंकि न तो उसके बल्लेबाज और न ही गेंदबाज कोई खास कमाल दिखा पाए हैं। सपाट पिच पर वेस्टइंडीज के खिलाफ दीपेंद्र सिंह ऐरी का अर्धशतक ही एकमात्र राहत की बात थी। नेपाल के बाकी बल्लेबाज सुबह की नमी और कैरेबियाई तेज गेंदबाजों की अनुशासित लाइन और लेंथ के आगे पस्त हो गए। इससे स्पष्ट हो गया कि नेपाल को बड़े टूर्नामेंट में खेलने के लिए विभिन्न परिस्थितियों में अधिक अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने की जरूरत है। उसके विशेषज्ञ बल्लेबाजों में शॉट चयन में अनुशासन की कमी थी और उन्हें इसमें सुधार करना होगा।

## सुपर आठ में नहीं पहुंच पाने पर भी देश को गौरवान्वित करेंगे : राशिद

नयी दिल्ली। टी20 विश्व कप के सुपर आठ में प्रवेश अब अफगानिस्तान के हाथ में भले ही नहीं हो लेकिन कप्तान राशिद खान ने कहा कि टूर्नामेंट से जल्दी बाहर होने की दशा में भी उनकी टीम अपने खेल से देश को गौरवान्वित करेगी। अफगानिस्तान ने ग्रुप डी में यूएई को पांच विकेट से हराया जबकि दक्षिण अफ्रीका तीन मैचों में छह अंक के साथ सुपर आठ में पहुंच गया है। न्यूजीलैंड के तीन मैचों में चार अंक है और चेन्नई में कनाडा को हराने पर वह सुपर आठ में पहुंच जायेगा। ऐसे में अफगानिस्तान आखिरी मैच में कनाडा को हराने पर भी बाहर हो जायेगा। राशिद ने मैच के बाद कहा कि हम सर्वश्रेष्ठ की उम्मीद कर रहे हैं। लेकिन अभी भी अगले दौर में पहुंचने की उम्मीद है। हमें कनाडा के खिलाफ सकारात्मक मानसिकता के साथ उतरना होगा। उन्होंने कहा,'' अगले मैच में क्या होगा, कह नहीं सकते।

# आयरलैंड पर जीत दर्ज करके सुपर आठ की उम्मीद जीवंत रखने उतरेगा जिम्बाब्वे

एजेंसी



पल्लीकल (श्रीलंका)। पूर्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया पर शानदार जीत के बाद जोश से भरी जिम्बाब्वे की टीम मंगलवार को यहां होने वाले टी20 विश्व कप में आयरलैंड के खिलाफ अपनी लय बरकरार रखकर पहली बार सुपर आठ में जगह बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ना चाहेगी। आयरलैंड पर जीत से जिम्बाब्वे के छह अंक हो जाएंगे लेकिन तब भी उसकी ग्रुप बी से सुपर आठ में जगह पक्की नहीं होगी। ऑस्ट्रेलिया (दो मैचों में दो अंक) और श्रीलंका (दो मैचों में चार अंक) अब भी छह अंक तक पहुंच सकते हैं। उस स्थिति में नेट रन रेट निर्णायक होगा। जिम्बाब्वे अपना आखिरी ग्रुप मैच 19 फरवरी को कोलंबो में मेजबान श्रीलंका के खिलाफ खेलेगा। अगर जिम्बाब्वे सुपर आठ में पहुंच जाता है तो यह सात प्रयासों में पहली बार होगा जब उसकी टीम इस चरण में जगह बनाएगी। टूर्नामेंट में अब तक जिम्बाब्वे का प्रदर्शन शानदार रहा है। उसके तीन तेज गेंदबाजों रिचर्ड नगारवा, ब्लेसिंग मुजरबानी और ब्रैड इवांस ने कोलंबो में खेले गए अपने पहले मैच में तीन तीन विकेट लेकर ओमान को केवल 103 रन पर आउट कर दिया था। ब्रायन बेनेट (48 नाबाद) की अगुवाई में उसके बल्लेबाजों को आठ विकेट से जीत हासिल करने के लिए केवल 13.3 ओवरों की जरूरत पड़ी। इसके बाद जिम्बाब्वे टूर्नामेंट में दिग्गज टीमों को हराने वाली टीम के रूप में उभरी। उसने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दो विकेट पर 169 रन बनाए और फिर विपक्षी टीम को सिर्फ 146 रन पर आउट कर 23 रन से जीत हासिल की। ओपनर बेनेट ने एक बार फिर बल्लेबाजी में शानदार प्रदर्शन करते हुए नाबाद 64 रन बनाए, जबकि मुजरबानी और इवांस ने क्रमशः चार और तीन विकेट लेकर बेहतरीन गेंदबाजी का प्रदर्शन किया। चोटों से जूझ रही ऑस्ट्रेलिया की टीम इस टूर्नामेंट में कमजोर नजर आ रही है, लेकिन उसके जैसी शीर्ष टीम को हराने से जिम्बाब्वे को आयरलैंड के खिलाफ होने वाले मैच से पहले एक बड़ा मनोवैज्ञानिक लाभ मिलेगा। टीम प्रबंधन बेनेट से उम्मीद करेगा कि वे अपनी शानदार फॉर्म बरकरार रखें। सलामी बल्लेबाज तादिवानाशे मारूमानी, रयान बर्ल और कप्तान सिकंदर रजा जैसे अन्य बल्लेबाजों ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच में अच्छा प्रदर्शन किया था और वे आयरलैंड के खिलाफ मैच में भी उसी लय को बनाए रखना चाहेंगे।

# सड़क, परिवहन में एआई दुर्घटनाएं रोकने, प्रदूषण कम करने में होगा मददगार : अधिकारी

नयी दिल्ली। सड़क एवं परिवहन उद्योग में कृत्रिम मेधा (एआई) के इस्तेमाल की अपार संभावनाएं हैं जिससे दुर्घटनाओं को रोकने एवं वाहन प्रदूषण की समस्या को कम करने में मदद मिल सकती है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के अधिकारी पंकज अग्रवाल ने राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट' में कहा कि वाहन-से-वाहन संचार प्रणाली और स्कूलों के पाठ्यक्रम में 'ड्राइविंग' को शामिल करने जैसे उपाय इस दिशा में सहायक हो सकते हैं। 'भारत में सड़क सुरक्षा बढ़ाने के लिए डेटा-आधारित समाधानः सड़क सुरक्षा हेतु एआई' विषय पर एक चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि एआई, दुर्घटनाओं को रोकने और इससे जान गंवाने के मामलों को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने बताया कि आंकड़े संकेत देते हैं कि यातायात नियमों के उल्लंघन में तेज रफ्तार सबसे बड़ी समस्या है। ऐसे में कृत्रिम मेधा की मदद से सही आंकड़े जुटाना और बिना मानवीय हस्तक्षेप के प्रमाण उपलब्ध कराना उपयोगी हो सकता है क्योंकि आज पुलिसकर्मी द्वारा दर्ज किया गया डेटा ''वास्तविक डेटा नहीं होता, क्योंकि दुर्घटना के लिए कई अन्य उल्लंघन भी जिम्मेदार होते हैं। उन्होंने कहा, '' यदि ऐसी प्रौद्योगिकी हो जिससे चालक टक्कर से पहले ही स्वयं को संभाल सके (वाहन-से-वाहन संचार प्रौद्योगिकी के जरिये) तो कृत्रिम मेधा को लेकर (इसमें) काफी संभावना है। अग्रवाल ने कहा कि चालान के मामलों में भी प्रवर्तन एक बड़ी चुनौती है। उन्होंने कहा कि कृत्रिम मेधा दुर्घटनाओं एवं इससे मौत के सही आंकड़े बनाए रखने में भी मदद कर सकती है। उन्होंने बिहार का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां के आंकड़ों में जान गंवाने के मामले राष्ट्रीय औसत से अधिक दिखाई देते हैं। प्रदूषण के मुद्दे पर उन्होंने कहा, '' इसके लिए भी हम कृत्रिम मेधा आधारित समाधान विकसित कर रहे हैं।

## पाकिस्तान ने मैच पहली पारी में ही गंवा दिया थाः वकार यूनिस

नयी दिल्ली। पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज वकार यूनिस ने भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप में 61 रन की करारी शिकस्त के बारे में कहा कि जब सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 175 रन बनाए तो पाकिस्तान की टीम उसी समय इस मैच से बाहर हो गई थी। वकार ने स्टार स्पोर्ट्स पर कहा, ''पाकिस्तान ने पहली पारी में ही मैच गंवा दिया। एक बार जब भारत ने 175 रन बना लिए तो मैच पाकिस्तान की पकड़ से बाहर हो गया था। गेंद स्पिन हो रही थी और सूर्यकुमार यादव ने गेंदबाजी में पूरी समझदारी से बदलाव किए। उन्होंने कहा, ''मुझे नहीं लगता कि पाकिस्तान ने अपने स्पिन गेंदबाजों का उतना अच्छा इस्तेमाल किया जितना भारत ने किया। लेकिन मैच पहली पारी में ही खत्म हो गया था क्योंकि भारत ने बहुत ज्यादा रन बना लिए थे। हम सभी जानते हैं कि पाकिस्तान की बल्लेबाजी बहुत अच्छी नहीं है। लेकिन अगर भारत ने 175 की जगह 140 या 150 रन बनाए होते तो शायद स्थिति अलग होती।

उत्तर रेलवे

इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई–प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

टेंडर नोटिस सं. 51255849 दिनांकः 13.02.2026

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, आलमबाग, लखनऊ–226005 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मद के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र.सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 51255849 | EOT Crane 30/5 Ton as per Specification Attached. | 4 Nos. | 20.02.2026 |

निविदा शर्ते–1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी।

509/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## नवाचार के लिए नियामकीय सैंडबॉक्स जरूरी : आईएफएससीए

नयी दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण (आईएफएससीए) के मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी जोसेफ जोशी ने कहा कि स्टार्टअप और अन्य कंपनियों को सुरक्षित और नियंत्रित माहौल में काम करने के लिए नियामकीय 'सैंडबॉक्स' जरूरी हैं। नियामकीय 'सैंडबॉक्स' एक ऐसा नियंत्रित या सुरक्षित माहौल होता है जिसे सरकार या नियामक संस्थाएं (जैसे आईएफएससीए) बनाती हैं। इसमें स्टार्टअप या कंपनियां अपने नए उत्पाद, तकनीक या सेवाओं का परीक्षण बिना किसी बड़े कानूनी या वित्तीय जोखिम के कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि इससे कंपनियां तय नियमों के भीतर रहकर नए विचारों और उत्पादों पर काम कर सकती हैं और इससे नवाचार प्रभावित नहीं होता। राष्ट्रीय राजधानी में 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' के एक सत्र में आईएफएससीए के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि वह नियामक के नजरिये से चीजों को देखेंगे।

# घरेलू सर्राफा बाजार में सोने के भाव में मामूली गिरावट, चांदी सात हजार रुपये तक टूटी

एजेंसी



नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज दिन के पहले सत्र के कारोबार में सोने के भाव में सांकेतिक गिरावट नजर आ रही है, जबकि चांदी के भाव में सात हजार रुपये प्रति किलोग्राम तक की गिरावट दर्ज की गई है। सोने के भाव में मामूली गिरावट आने के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज भी 1,57,740 रुपये से लेकर 1,57,890 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,44,590 रुपये से लेकर 1,44,740 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में कमजोरी आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 2,68,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,57,890 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,44,740 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,57,740 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,44,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,57,790 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,44,640 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,57,740 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,44,590 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। वहीं कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,57,740 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,44,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,57,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,44,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,57,890 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,44,740 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,57,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,44,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

कार्यालय ग्राम पंचायत रतवलिया मंझार विकास खंड सिंहपुर जनपद अमेठी

पत्रांक-मेमो/राज्य वित/मनरेगा 2025-26 दिनांक 16/02/2026

अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त योजना मनरेगा / राज्य वित के अन्तर्गत निम्न कार्य हेतु सामग्री की आपूर्ति किये जाने हेतु अनुभवी व पंजीकृत फर्मों से मुहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा दर एवं प्रपत्र कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में मु0 100-00 रू0 अदा करके दिनांक 16/02/26 से दिनांक 22/02/26 तक प्राप्त किये जा सकते हैं। दिनांक 23/02/26 को प्रातः 10 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक निविदाये खोली जायेगी एवं उसी दिन अपराह्न 3:00 बजे ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपस्थित ग्राम प्रधान सदस्य कर्मचारी के समक्ष खोली जायेंगी। जिससे निविदादाता को निविदा सामग्री आपूर्ति का आदेश प्राप्त होगा उसे दस हजार से कम लागत की सामग्री हेतु कार्यालय में जानकारी करना होगा।

| क्र.स. | ग्राम पंचायत का नाम | प्रस्तावित कार्य का नाम | योजना का नाम | अनुमानित लागत | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रतवलिया मंझार | राम किरसन के दरवाजे से परसौना खड़ंजा मोड तक खड़ंजा मरम्मत कार्य | राज्य वित | 150000 | 3 माह |
| 2 | रतवलिया मंझार | शिव प्रसाद के दरवाजे से हौसिला के दरवाजे तक खड़ंजा निर्माण कार्य | मनरेगा | 178100 | 3 माह |

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत रतवलिया मंझार
सिंहपुर अमेठी।

ग्रां. वि. अ.
ग्राम पंचायत रतवलिया मंझार
सिंहपुर अमेठी।

# जनविश्वास के संरक्षक और वित्तीय अनुशासन के प्रहरी होते हैं अधिकारी: मुर्मु

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोमवार को कहा कि अधिकारी जनविश्वास के संरक्षक और वित्तीय अनुशासन के प्रहरी होते हैं। भारतीय लेखा एवं लेखा परीक्षा सेवा , भारतीय व्यापार सेवा और रक्षा वैमानिकी गुणवत्ता आश्वासन सेवा के अधिकारी प्रशिक्षुओं ने यहां राष्ट्रपति भवन में



श्रीमती मुर्मु से भेंट की। अधिकारी प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि प्रतिष्ठित सेवाओं में उनका चयन उन्हें राष्ट्र सेवा का अवसर प्रदान करता है और जब अधिकारी देश के विकास और प्रत्येक नागरिक के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य करते हैं, तब राष्ट्र और अधिक सशक्त, सक्षम तथा वैश्विक मंच पर सम्मानित बनता है। उन्होंने कहा कि कार्य के प्रति उनका उत्साह और समर्पण आने वाले भारत को बदलने की शक्ति रखता है। भारतीय लेखा एवं लेखा परीक्षा सेवा के अधिकारियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि वे जनविश्वास के संरक्षक और वित्तीय अनुशासन के प्रहरी हैं। उन्होंने कहा कि जब कार्यपालिका और लेखा परीक्षा संस्थानों के बीच समन्वय होता है, तब शासन प्रणाली में जवाबदेही की रूपरेखा का प्रभाव और मूल्यवर्धन होता है। लेखा परीक्षा और कार्यपालिका के बीच प्रभावी साझेदारी से सार्वजनिक व्यय की दक्षता बढ़ती है और वांछित परिणामों में सहायता मिलती है। उन्होंने अधिकारियों से संविधान और सेवा की परंपराओं एवं मूल्यों को सदैव बनाए रखने का आग्रह किया।

भारतीय व्यापार सेवा के अधिकारियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि वे निवेश आकर्षित करने, रोजगार सृजित करने तथा भारतीय व्यवसायों को नवाचार, विस्तार और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करने में योगदान देंगे। उन्होंने कहा कि उनका मार्गदर्शक सिद्धांत सदैव भारत का राष्ट्रीय हित होना चाहिए। उन्होंने सलाह दी कि वे याद रखें कि उनकी प्रत्येक नीति, प्रत्येक व्यापार बाधा का समाधान और प्रत्येक समझौता भारत को सशक्त और वैश्विक स्तर पर अधिक सम्मानित व्यापारिक साझेदार बनाने में योगदान देगा।

रक्षा वैमानिकी गुणवत्ता आश्वासन सेवा के अधिकारियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि हमारे रक्षा बलों के लिए तकनीकी रूप से उन्नत और विश्वस्तरीय शस्त्र एवं गोला-बारूद के लिए सर्वोच्च गुणवत्ता मानकों को सुनिश्चित करना उनकी प्रमुख जिम्मेदारी है। उनकी भूमिका विज्ञान, प्रौद्योगिकी, अभियांत्रिकी और राष्ट्रीय रक्षा के सशक्त संगम पर टिकी है। उन्होंने आग्रह किया कि अधिकारी हमारे सशस्त्र बलों को तकनीकी रूप से उन्नत, युद्ध के लिए तत्पर तथा बहु-क्षेत्रीय एकीकृत अभियानों में सक्षम बल के रूप में बदलने के लिए नवाचारी दृष्टिकोण अपनाएं।

# महिला गिग वर्कर्स के सम्मान पर ध्यान देना जरूरी : राहुल

एजेंसी

नयी दिल्ली। कंग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गिग इकोनॉमी में काम कर रही महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सामाजिक सुरक्षा को 'सबसे संवेदनशील श्रम और महिला गरिमा से जुड़ा अहम मुद्दा' बताते हुए कहा है कि यह केवल रोजगार का नहीं, बल्कि महिलाओं की अस्मिता, समानता और सामाजिक न्याय का सबसे बड़ा प्रश्न है। श्री गांधी ने अपने सोशल मीडिया पेज फ़ेसबुक पर सोमवार को एक पोस्ट में आरोप लगाया कि लाखों महिला श्रमिक बिना स्थिर आय, बीमा, मातृत्व सुरक्षा और कानूनी संरक्षण के काम करने को मजबूर हैं और यह आधुनिक अर्थव्यवस्था में गहरी असमानता को उजागर करता है। जनसंसद में गिग वर्कर्स के प्रतिनिधिमंडल से मुलाक़ात के बाद श्री गांधी ने कहा कि देश की डिलीवरी, राइड-शेयरिंग और अन्य प्लेटफ़ॉर्म आधारित सेवाओं में बड़ी संख्या में महिलाएँ काम कर रही हैं, लेकिन उनके पास न सामाजिक सुरक्षा है, न स्वास्थ्य सुविधाएँ और न ही आय की गारंटी है1 उनका कहना था कि जब एक महिला रात में डिलीवरी करती है या पूरे दिन सड़कों पर काम करती है, तो वह सिर्फ कमाई नहीं कर रही होती बल्कि वह अपने परिवार का भविष्य संभाल रही होती है। लेकिन बदले में उसे असुरक्षा और अनिश्चितता मिलती है जो यह महिला सम्मान के खिलाफ है। यह अत्यंत चिंताजनक स्थिति है कि महिला गिग वर्कर्स दोहरे शोषण का सामना कर रही हैं। वे एक ओर आर्थिक अस्थिरता, दूसरी ओर कार्यस्थल पर सुरक्षा और सम्मान का अभाव झेल रही हैं। कई मामलों में उन्हें बिना किसी प्रभावी शिकायत तंत्र या संस्थागत सुरक्षा के असुरक्षित इलाकों में काम करना पड़ता है। मातृत्व लाभ, स्वास्थ्य बीमा और आकस्मिक सुरक्षा जैसी बुनियादी सुविधाएँ भी उपलब्ध नहीं हैं।

# 'मिलन विलेज' विभिन्न नौसेनाओं के बीच सामाजिक एवं सांस्कृतिक आदान-प्रदान का केंद्र

एजेंसी

नयी दिल्ली। नौसेना ने अपने प्रमुख अंतरराष्ट्रीय नौसैनिक अभ्यास मिलन 2026 के अंतर्गत पूर्वी नौसेना कमान में 'मिलन विलेज' का अनावरण किया है। रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को यहां बताया कि उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता पूर्वी नौसेना कमान के प्रमुख वाइस एडमिरल संजय भल्ला ने की। उन्होंने भाग लेने वाली मित्र नौसेनाओं के लिए रविवार को औपचारिक रूप से मिलन विलेज का शुभारंभ किया और वैश्विक समुद्री सहयोग को प्रोत्साहित करने के लिए विकसित की गई सुविधाओं का निरीक्षण किया। मंत्रालय ने कहा है कि काफी विचार-विमर्श तथा सोच-समझ के बाद विकसित किया गया मिलन विलेज एक विशिष्ट अनुभव क्षेत्र है, जिसे 70 से अधिक देशों के प्रतिनिधियों और नौसेना कर्मियों को सौहार्द एवं मित्रता के वातावरण में एक साथ लाने के उद्देश्य से परिकल्पित तथा निर्मित किया गया है। यह सामाजिक एवं सांस्कृतिक आदान-प्रदान का केंद्र है, जो पेशेवर सीमाओं से आगे बढ़कर आपसी जुड़ाव और समझ को सशक्त बनाता है। मिलन विलेज में सांस्कृतिक आदान-प्रदान पर विशेष जोर दिया गया है जो भारत की विविधतापूर्ण विरासत और परंपराओं की समृद्ध एवं जीवंत झलक प्रस्तुत करता है। यह गांव गायकों की सजीव प्रस्तुतियों, पारंपरिक लोक नृत्य कार्यक्रमों और विभिन्न सांस्कृतिक समूहों की मेजबानी करेगा, जो भारत की जीवंत तथा बहुरंगी कलात्मक विरासत को प्रदर्शित करेंगे। मिलन विलेज में नौसेना से संबंधित स्मृति चिन्हों के साथ-साथ हस्तशिल्प एवं हथकरघा उत्पादों की अनेक दुकानें स्थापित की गई हैं, जो देशभर की समृद्ध कारीगरी का सुंदर प्रदर्शन करती हैं। इसके अतिरिक्त आगंतुकों को भारत के विभिन्न क्षेत्रों के स्वादिष्ट एवं पारंपरिक व्यंजनों का आनंद लेने का अवसर भी प्राप्त होगा। वाइस एडमिरल भल्ला ने कहा कि मिलन विलेज सौहार्द और सांस्कृतिक जुड़ाव की उस भावना का प्रतीक है, जो पेशेवर नौसैनिक सहयोग को सुदृढ़ बनाती है। विशाखापत्तनम में आईएफआर, मिलन और आईओएनएस का आयोजन भारत की समुद्री पहुंच के विस्तार तथा मित्र देशों की नौसेनाओं के साथ सहयोगात्मक जुड़ाव में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। मिलन विलेज के उद्घाटन के साथ ही भारतीय नौसेना द्वारा विशाखापत्तनम में आयोजित किए जाने वाले व्यापक कार्यक्रमों और गतिविधियों की श्रृंखला का शुभारंभ हो गया है। विशाखापत्तनम में आयोजित अभ्यास मिलन 2026, अंतर्राष्ट्रीय बेड़ा समीक्षा (आईएफआर) 2026 और आयन्स कॉन्क्लेव ऑफ चीफ्स के साथ मिलकर भारत के ऐतिहासिक समुद्री क्षेत्र में अन्य देशों के साथ तालमेल का एक प्रमुख स्तंभ बनेगा।

## भारत-अमेरिका से समझौते से कपास किसानों को होगा बड़ा नुकसान : कांग्रेस

नयी दिल्ली। कंग्रेस ने भारत-अमेरिका के बीच हाल में हुए व्यापार समझौते पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए आरोप लगाया है कि मोदी सरकार ने देश के किसानों के हितों को नजरअंदाज कर यह समझौता किया है और इससे खासकर कपास किसानों को बड़ा नुकसान होने की संभावना है। कंग्रेस महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला ने सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में इस समझौते से देश के कपड़ा उद्योग पर गंभीर प्रभाव पड़ने की आशंका जताई है। उनका कहना था कि यह समझौता वस्त्र क्षेत्र के लिए 'खरबों रुपये' तक का आर्थिक नुकसान हो सकता है और इससे किसानों से लेकर निर्यातकों तक पूरी श्रृंखला प्रभावित हो सकती है। श्री सुरजेवाला के अनुसार, यदि अमेरिकी कपास और संबंधित कृषि उत्पादों का आयात शुल्क मुक्त या कम शुल्क पर बढ़ता है तो इसका भारतीय बाजार में कच्चे माल की कीमतों पर दबाव पड़ेगा।

# स्वयंसेवकों की गुरूदक्षिणा दान नहीं, उनकी भक्ति है : संघ

एजेंसी

बेंगलुरु। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने एक बार फिर स्पष्ट किया है कि वह एक सार्वजनिक सांस्कृतिक संगठन है। संघ कार्य में होने वाला खर्च उसके स्वयंसेवकों द्वारा वर्ष भर में एक बार स्वेच्छा से अर्पित की गई गुरूदक्षिणा के माध्यम से चलता है। संघ न तो किसी दल विशेष का समर्थन करता है और न ही सार्वजनिक तौर पर चंदा संग्रह करता है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (कर्नाटक) के अधिकृत पत्रकार समूह और समविचारी संगठनों के व्हाट्स अप समूहों में इस आशय का एक वीडियो तेजी से वायरल हुआ है, इसमें संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत संघ के शताब्दी वर्ष में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए संघ के कार्य संचालन की जानकारी साझा कर रहे हैं। इसमें संघ प्रमुख ने स्पष्ट किया है कि ''स्वयंसेवकों द्वारा दी गई गुरुदक्षिणा दान नहीं बल्कि उनकी भक्ति है। संघ प्रमुख के वायरल हो रहे इस वीडियो को कर्नाटक के सूचना और यातायात मंत्री प्रियांग खरगे के विवादित बयान से जोड़कर देखा जा रहा है। प्रियांक खरगे की ओर कल (रविवार) को ही गांधी मैदान में आयोजित एक समारहो में संघ के आय के स्रोतों के बारे में सवाल उठाए थे।खरगे ने कहा था कि, ''संघ कहता है कि वह चंदा नहीं लेता। लेकिन 2,500 से अधिक संगठनों के नेटवर्क वाले इस संगठन के लिए पैसा आता कहां से है?'' खरगे ने आरोप लगा कि संघ के लिए पैसा विदेशों से आ रहा है, जिनमें अमेरिका और इंग्लैंड भी शामिल हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से अनेक बार सार्वजनिक मंचों से स्पष्ट किया जा चुका है कि वह केवल और केवल स्वयंसेवकों द्वारा स्वेच्छा से की गई गुरूदक्षिणा से अपने नियमित कार्य संचालित करता है, विशेष आयोजनों और अभियान के लिए भी संघ के स्वयंसेवक और समाज के लोग सहयोग देते हैं। समाज से प्राप्त होने वाली सहयोग राशि के एक एक पैसे का स्वयंसेवक हिसाब रखते हैं और उसके केवल उसी कार्य में लगाते हैं। यही हमारे स्वयंसेवकों की प्रामाणिकता है, जिस पर समाज के लोगों का अटूट विश्वास है। इसके बावजूद कुछ लोग राजनीति से प्रेरित होकर अनर्गल प्रलाप करते हैं और आरोप लगाते रहते हैं। संघ की ओर से इन सब पर सफाई या स्पष्टीकरण नहीं दिया जाता। संघ प्रमुख के वक्तव्य उसी कड़ी में देखा जा रहा है, जिसमें उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा है कि, ''गुरु दक्षिणा स्वयंसेवकों द्वारा दिया जाने वाला स्वैच्छिक योगदान है। संघ का कार्य पारदर्शी है।

# पेज एक का शेष

## आंगनबाड़ी और...

के बाद प्रदेश में कोई साम्प्रदायिक दंगा नहीं मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकुम्भ में 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के आगमन हुआ। प्रयागराज में माघ मेले में इस बार 21 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी में स्नान कर आस्था की डुबकी लगाई। श्रद्धालुओं की यह अभूतपूर्व भागीदारी केवल आस्था का प्रतीक नहीं, बल्कि व्यवस्था और सुरक्षा के प्रति उनके विश्वास का भी प्रमाण है। भारत की आत्मा उत्तर प्रदेश में निवास करती है। यहां अयोध्या की मर्यादा, काशी की शाश्वत चेतना, मथुरा-वृंदावन की भक्ति और प्रयागराज की समरसता त्रिवेणी, कुम्भ और महाकुम्भ जैसे आयोजनों में स्पष्ट दिखाई देती है। अब हम कह सकते हैं कि उत्तर प्रदेश में न कर्फ्यू है, न दंगा है, बल्कि ''यूपी में सब चंगा है।'' आक्रांताओं का महिमामंडन बर्दाश्त नहीं करेगा नया यूपी मुख्यमंत्री ने कहा कि देश व प्रदेश विरासत पर गौरव की अनुभूति करता है। जिन्होंने भारत की आत्मा पर प्रहार किया और आस्था को रौंदा, उन आक्रांताओं का महिमामंडन कोई राजनीतिक स्वार्थ के लिए करे, नए भारत का नया उत्तर प्रदेश यह स्वीकार नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रगीत भारत की आन, बान व शान का प्रतीक है। इन प्रतीकों व राष्ट्रनायकों का सम्मान भारतीयों का दायित्व बनता है। आक्रांताओं का महिमा मंडन और राष्ट्र प्रतीकों का अपमान करने वाले संविधान की अवहेलना कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कंग्रेस व सपा एक तरफ संविधान के नाम पर जनता की आंखों में धूल झोक रही है तो दूसरी तरफ राष्ट्रगीत वंदे मातरम का विरोध कराया जा रहा है। हिंदुस्तान में रहकर राष्ट्रगीत न गाना नहीं चलेगा। एसआईआर को लेकर सपा को घेरा मुख्यमंत्री ने संवैधानिक संस्थाओं के प्रति विपक्षी दलों के भाव की निंदा की। बोले कि समाजवादी पार्टी के नेता बयानों से जातीय संघर्षों को बढ़ावा देते हैं। समाज को आपस में लड़ाने, आस्था का अपमान, गुंडागर्दी व अराजकता को बढ़ाने के साथ संवैधानिक मूल्य पर भी प्रहार करने में नहीं चूक रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदेश में एसआईआर की कार्यवाही चल रही है। इसमें सरकारों की कोई भूमिका नहीं होती है। आयोग की गाइडलाइन पर तंत्र उसका अनुपालन करता है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा एसआईआर की कार्यवाही का जिक्र करते हुए सदन में मुख्यमंत्री ने बताया कि 2.88 करोड़ से अधिक लोग अनुपस्थित / मृत या शिफ्टिंग हैं। समाजवादी पार्टी इन्हें जबर्दस्ती वोट बनाकर फर्जी पोलिंग करती थी। सपा चिल्ला रही है कि फॉर्म-7 के नाम पर फर्जी काम हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता एसआईआर की प्रक्रिया से जुड़े बीएलओ और अन्य लोगों के साथ दुर्व्यवहार व मारपीट कर रहे हैं, यह शोभा नहीं देता। यह संवैधानिक संस्थाओं की अवहेलना, मजाक, अपमान है। अगर हम संविधान की शपथ लेते हैं तो संवैधानिक संस्थाओं को सम्मान दें। संवैधानिक संस्थाओं की परिभाषा अपने अनुरूप तय करें, यह अस्वीकार्य है। कंग्रेस से सबक ले सपा, कहीं विधानभवन मुक्त न होना पड़े मुख्यमंत्री ने सपा के सदस्यों से कहा कि कंग्रेस से सबक ले लीजिए। कंग्रेस विधान परिषद विहीन हो गई है। यदि सपा को भी विधानसभा व परिषद विहीन होना है तो अनर्गल प्रलाप और महापुरुषों का अपमान करे। अन्यथा ऐसा आचरण न करें, जो समाज में विद्वेष की स्थिति पैदा करता है। सीएम ने विपक्षी दलों के सदस्यों से अनुरोध किया कि यूपी की नई पहचान को संकट में मत डालिए। प्रदेश के विकास की यात्रा के साथ बढ़ने के लिए जिम्मेदार विपक्ष के रूप में अपनी भूमिका का निर्वहन करेंगे तो प्रदेश की जनता आपको सम्मानित करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट के बारे में समाजवादी पार्टी अच्छा नहीं बोल पाई, क्योंकि अच्छा करने के लिए उनके पास समय नहीं है। उन्होंने न अच्छा किया और न ही अच्छा बोलेंगे। हमारी सरकार ने डबल इंजन सरकार का लाभ लेते हुए पूरी मजबूती के साथ प्रदेश में प्रधानमंत्री के विजन को बढ़ाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बहुत सारे सेक्टर हैं, जिसमें यह लोग गुमराह कर रहे हैं।

## एयरो इंजनों के...

महत्वपूर्ण तकनीकी क्षेत्र में हुए प्रयासों के बारे में श्री सिंह ने प्रयोगशाला से आग्रह किया कि वह एक राष्ट्रव्यापी मजबूत इकोसिस्टम का निर्माण करते हुए अगली पीढ़ी के इंजनों पर ध्यान केंद्रित करे और साथ ही एयरो इंजनों में आत्मनिर्भरता हासिल करे। उन्होंने कहा ,'' हम उन्नत मध्यम लड़ाकू विमान (एएमसीए) के डिजाइन और विकास की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। हमने अतीत में एयरो इंजनों के क्षेत्र में विशेषज्ञता हासिल करने के कई प्रयास किए हैं। अब उन प्रयासों को पूरा करने का समय आ गया है। हम खुद को केवल पांचवीं पीढ़ी के इंजनों तक सीमित नहीं रख सकते । हमें जल्द से जल्द छठी पीढ़ी की उन्नत तकनीकों का विकास शुरू करना होगा। इन पर शोध समय की मांग है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मशीन लर्निंग और नई सामग्रियों का उपयोग बढ़ रहा है। हमें इस क्षेत्र में अग्रणी बने रहना होगा। रक्षा मंत्री ने एयरो इंजन के विकास को एक अत्यंत जटिल कार्य बताते हुए कहा कि विकसित देशों को भी अगली पीढ़ी के इंजन विकसित करने में अक्सर 25 से 30 साल लग जाते हैं, और उन्होंने भारतीय वैज्ञानिकों से देश की रणनीतिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए समयसीमा को कम करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि हमें यह मानकर चलना होगा कि 20 साल बीत चुके हैं और अब हमारे पास केवल 5-7 साल बचे हैं। उन्होंने इसे राष्ट्रीय आकांक्षाओं के अनुरूप कार्रवाई का आह्वान बताया। ऑपरेशन सिंदूर की बात करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि इस ऑपरेशन के दौरान रक्षा बलों ने रक्षा क्षेत्र में देश की बढ़ती आत्मनिर्भरता का प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि संचार प्रणाली हो, निगरानी उपकरण हों या आक्रमण हथियार, सब कुछ स्वदेशी था। इससे हमारे सैनिकों का मनोबल बढ़ा और नागरिकों में गर्व की भावना पैदा हुई। बदलती चुनौतियों को देखते हुए, स्वदेशी पद्धतियों पर अधिक ध्यान देना और अपनी सेनाओं को विश्व स्तरीय प्रणालियां और उपकरण उपलब्ध कराना अनिवार्य है। रक्षा मंत्री ने एयरो इंजन विकास के लिए ब्रिटेन के साथ संयुक्त अध्ययन की सराहना करते हुए कहा कि राष्ट्रीय एयरो इंजन मिशन के तहत फ्रांस के साथ भी एयरो इंजन के लिए यह प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि फ्रांस और ब्रिटेन दोनों ही एयरो इंजन प्रौद्योगिकी में काफी उन्नत हैं। ये सहयोग न केवल हमें नई प्रौद्योगिकियों को सीखने का अवसर प्रदान करेंगे, बल्कि पिछले दशकों में हमारे सामने आने वाली चुनौतियों को समझने में भी मदद करेंगे। इस अवसर पर रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव और डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. समीर वी. कामत तथा जीटीआरई के वरिष्ठ वैज्ञानिक और अधिकारी उपस्थित थे।

## यूपी में 90 लाख...

दूसरे व्यक्ति को भेजने की सुविधा भी दी जा रही है। जिन 13161 अधिकारियों की ड्यूटी नोटिस पर सुनवाई के लिए लगाई गई है, उनमें 403 निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ईआरओ) और 12758 सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एईआरओ) नियुक्त किए गए हैं। सुनवाई में तेजी के लिए 3768 नए एईआरओ तैनात किए गए हैं। प्रदेश में 6 जनवरी को 12.55 करोड़ मतदाताओं की ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी की गई थी। मतदाता सूची पर दावे व आपत्तियां 6 मार्च तक किए जा सकते हैं। 27 मार्च तक मतदाता सूची पर सुनवाई होगी। 10 अप्रैल को अंतिम मतदाता सूची जारी होगी।

## पिछले वर्ष पूरी तरह...

स्टुअर्डशिप, जो भारत के समुद्री भविष्य को तैयार और आकार देती है पर आधारित है। गार्डियनशिप के विचार को समझाते हुए उन्होंने जनरल सर जॉन हॅकेट के कथन का हवाला दिया ''सैन्य जीवन का मूल आधार असीमित जिम्मेदारी के तहत बल का सुव्यवस्थित प्रयोग है,'' और यह ''असीमित जिम्मेदारी'' उन लोगों को परिभाषित करती है जो वर्दी चुनते हैं, और नौसेना कर्मियों के लिए यह ''समुद्र में निहित'' होती है। उन्होंने कहा कि नौसेना भारत की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा, राष्ट्रीय हितों की रक्षा और समुद्र से या समुद्र पर होने वाले खतरों को ''कहीं भी, कभी भी, किसी भी रूप में'' रोकने के लिए प्रतिबद्ध है। एडमिरल त्रिपाठी ने बताया कि नौसेना समावेशी समुद्री दृष्टिकोण को भी आगे बढ़ा रही है, जिसमें पिछले सप्ताह कंबाइंड टास्क फोर्स 154 का नेतृत्व शामिल है। उन्होंने कहा, ''यह भारत के लिए ऐतिहासिक पहला अवसर है, जहां हम बहु-राष्ट्रीय समुद्री सुरक्षा प्रशिक्षण और क्षेत्रीय सहयोग ढांचे का नेतृत्व करेंगे, और वैश्विक सुरक्षा साझेदार के रूप में हमारी बढ़ती भूमिका को सुदृढ़ करेंगे। नौसेना प्रमुख ने कहा कि भारतीय नौसेना निर्णायक समुद्री बदलाव के दौर में तेजी से आगे बढ रही है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में विशाखापट्टनम में 70 से अधिक देशों के प्रतिनिधि, जहाज और विमान ''वैश्विक समुद्री सहभागिता के ऐतिहासिक अवसर '' के लिए एकत्र होंगे। इनमें नौसेना के तीसरे अंतर्राष्ट्रीय बेड़ा निरीक्षण , 13 वें बहु-राष्ट्रीय मिलन अभ्यास श्रृंखला, और 9वीं इंडियन ओशन नेवल सिंपोजियम की अध्यक्षीय बैठक शामिल हैं। इन सहभागिताओं को ''समुद्र पर सेवा का दृश्यमान रूप'' बताते हुए, उन्होंने कहा कि यह भारत की उपस्थिति, मुद्रा और साझेदारी को दर्शाती हैं, और इसे ''गार्डियनशिप'' का रूप कहा जा सकता है। उन्होंने कहा, ''यदि गार्डियनशिप वर्तमान को सुरक्षित करती है, तो स्टुअर्डशिप भविष्य को तैयार करती है,'' और नौसेना भारत को मजबूत और सक्षम समुद्री राष्ट्र बनाने में ''शांत लेकिन महत्वपूर्ण भूमिका'' निभा रही है। उन्होंने कहा कि देश का भविष्य और समृद्धि अब ''समुद्र से, समुद्र पर और समुद्र द्वारा'' संचालित होगी।

## 'हाई कोर्ट को...

है, जो परेशान करने वाला है। आप (गुवाहाटी) हाई कोर्ट को डेमोरलाइज कर रहे हैं। हमारे हाई कोर्ट्स की वैलिडिटी को कम मत आंकिए।''

शीर्ष अदालत ने कहा कि इन सभी मुद्दों पर संबंधित उच्च न्यायालय प्रभावी रूप से फैसला कर सकता है। इसके साथ ही पीठ ने कहा कि वह इस मामले को सुनवाई करने का कोई ठोस कारण नहीं देखती और याचिकाकर्ताओं को उच्च न्यायालय जाने का निर्देश दिया। साथ ही उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से मामले की जल्द सुनवाई करने का अनुरोध किया गया क्योंकि वकीलों ने मामले में अरजेंसी बताई है। बार एंड बेंच के मुताबिक, पीठ ने ये भी स्पष्ट किया कि हालांकि उसके पास सीधे सुनवाई करने का अधिकार है, लेकिन वह ऐसे ''शॉर्टकट'' के पक्ष में नहीं है, जहां याचिकाएं पहले सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की जाएं और उच्च न्यायालय को नजरअंदाज किया जाए। अदालत ने कहा कि किसी एक अधिकार क्षेत्र का उपयोग करने की जल्दबाजी में दूसरे के अधिकार क्षेत्र को कमजोर नहीं किया जा सकता और सुप्रीम कोर्ट सभी मामलों का मंच नहीं बन सकता।

## न्यायालयों को बम...

पूरे न्यायालय परिसर को तत्काल खाली कराया गया और मौजूद अधिवक्ताओं, कर्मचारियों व फरियादियों को सुरक्षित स्थान से बाहर निकाला गया। बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वायड की टीमों ने हर जगह गहन जांच की, लेकिन कोई संदिग्ध वस्तु अभी मिली नहीं है। इसके अलावा मेरठ, अलीगढ़ अमरोहा सहित अन्य कई जिलों में भी धमकी के बाद न्यायालय परिसरों में में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया है। धमकी वाले ईमेल की भी जांच के लिए सुरक्षा एजेंसियां और एटीएस, यूपी एसटीएफ सक्रिय है।

## एआई समिट के...

एआई में हमारी तरक्की एम्बिशन और ज़िम्मेदारी दोनों को दिखाती है। इससे पहले उन्होंने एक और पोस्ट में कहा, यह हमारे लिए अत्यंत गर्व की बात है कि एआई इम्पैक्ट समिट के लिए दुनियाभर से लोग भारत आ रहे हैं। इससे हमारे देश के युवाओं के सामर्थ्य का भी पता चलता है। यह अवसर इस बात का भी प्रमाण है कि हमारा देश विज्ञान और टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में तेजी से प्रगति कर रहा है और वैश्विक विकास में अहम योगदान दे रहा है। केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने कहा कि भारत एआई का 'महाकुंभ' आयोजित कर रहा है, जहां पांच दिवसीय एआई इम्पैक्ट समिट में दुनिया भर के नेता, स्टार्टअप, नवोन्मेषक और शोधकर्ता एकत्र हुए हैं। मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन ने सोमवार को कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को अपनाना अपने आप नहीं होगा, इसके लिए स्पष्ट रणनीति और बड़े पैमाने पर रोजगार के साथ तकनीक को जोड़ने की प्रतिबद्धता जरूरी है। एआई इम्पैक्ट समिट 2026 को वर्चुअल संबोधन में उन्होंने कहा कि देशों को निर्णायक कदम उठाते हुए मजबूत शिक्षा व्यवस्था, उच्च गुणवत्ता वाले कौशल विकास, श्रम-प्रधान सेवा क्षेत्रों का विस्तार और नियामकीय बाधाओं को दूर करने पर ध्यान देना होगा। नागेश्वरन ने जोर देकर कहा कि इक्र को अपनाने की प्रक्रिया एक सहयोगात्मक प्रयास होनी चाहिए, जिसमें निजी क्षेत्र, अकादमिक जगत और नीति-निर्माताओं की संयुक्त भागीदारी जरूरी है। उन्होंने इसे टीम इंडिया का सामूहिक प्रयास बताया। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि एआई अपनाने का अवसर अभी खुला है, लेकिन यह हमेशा के लिए नहीं रहेगा, इसलिए तेजी और तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता है। सरकार मेडिकल छात्रों की पढ़ाई को बेहतर बनाने के लिए ई-बुक्स और एआई आधारित शैक्षणिक संसाधनों की पहुंच बढ़ाने की योजना पर काम कर रही है। इस पहल के पहले चरण में छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों के करीब 57 सरकारी मेडिकल कॉलेजों को शामिल किया जाएगा। एआई इम्पैक्ट समिट में स्वास्थ्य मंत्रालय के डिप्टी डायरेक्टर जनरल (मेडिकल एजुकेशन) बी. श्रीनिवास ने कहा कि दूरदराज के मेडिकल कॉलेजों के छात्रों को ई-बुक्स, डिजिटल क्लिनिकल मैटेरियल और तकनीकी अध्ययन सामग्री तक पहुंच में काफी दिक्कत होती है। ऐसे में सरकार एआई की मदद से इन छात्रों तक गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक सामग्री पहुंचाने की रणनीति बना रही है। उन्होंने बताया कि नेशनल मेडिकल लाइब्रेरी के जरिए ई-बुक्स और डिजिटल क्लिनिकल कंटेंट उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और फिलहाल इसे देश के लगभग 57 सरकारी मेडिकल कॉलेजों में लागू किया जा रहा है। इन्फो एज के सह संस्थापक संजीव बिखचंदानी राजीव गांधी की सरकार के समय कहा गया कि बैंकों में कम्प्यूटरों का इस्तेमाल होगा। तब कहा गया कि इससे रोजगार जाएंगे, लेकिन किसी की नौकरी नहीं गई। प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल में हमेशा यह डर रहता है कि इससे रोजगार खत्म होंगे, लेकिन ऐसा होता नहीं है। लोगों के पास अब सुनने का समय नहीं है। वे 50 मिनट का पॉडकास्ट नहीं सुन पाते। इसका सार जानने के लिए भी लोग इक्रटूल का इस्तेमाल करते हैं। उससे तीन-चार पन्नों का सार निकल जाता है। इस तरह प्रौद्योगिकी चीजों को बदल रही है।

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव एस. कृष्णन ने सोमवार को बताया कि जारी इंडिया इम्पैक्ट एआई समिट 2026 के लिए देश और दुनिया भर से 2.5 लाख से अधिक प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया है, जो उम्मीदों से कहीं अधिक है। समिट के पहले दिन उन्होंने कहा कि कार्यक्रम को लेकर उत्साह अभूतपूर्व और जबरदस्त रहा है। उनके अनुसार आयोजकों ने इतनी बड़ी संख्या की उम्मीद नहीं की थी, इसलिए पंजीकरण पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया गया।कृष्णन ने बताया कि 19 तारीख को छोड़कर अन्य सभी दिनों में पंजीकृत प्रतिभागी विभिन्न सत्रों में शामिल हो सकते हैं, जिसके लिए व्यापक व्यवस्थाएं की गई हैं। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स व आईटी राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने कहा कि भारत एआई का 'महाकुंभ' आयोजित कर रहा है, जहां पांच दिवसीय एआई इम्पैक्ट समिट में दुनिया भर के नेता, स्टार्टअप, नवोन्मेषक और शोधकर्ता एकत्र हुए हैं। उन्होंने कहा कि इस समिट के नतीजों पर न सिर्फ भारत बल्कि पूरी दुनिया की नजर है और यह आयोजन भारत की वैश्विक तकनीकी भूमिका के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। प्रसाद के अनुसार, इस अंतरराष्ट्रीय समिट में राज्य प्रमुखों, टेक लीडर्स, उद्योग जगत के प्रतिनिधियों के साथ बड़ी संख्या में स्टार्टअप, इनोवेटर्स और रिसर्चर्स भी भाग ले रहे हैं। उन्होंने प्रयागराज के कुंभ से तुलना करते हुए कहा कि यह एआई के क्षेत्र का 'महाकुंभ' है, जिसकी मेजबानी भारत कर रहा है।

# नीतीश ने योजना के तहत 25 लाख महिलाओं के खातों में दस-दस हजार रुपये हस्तांतरित किए

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को 'मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना' के तहत 25 लाख लाभुक महिलाओं के खाते में 2,500 करोड़ रुपये की राशि हस्तांतरित की।



मुख्यमंत्री श्री कुमार ने आज 1, अणे मार्ग स्थित 'संकल्प सभागार' से 'मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना' की 25 लाख लाभुक महिलाओं के खाते में 10 हजार रुपये प्रति लाभुक की दर से 2,500 करोड़ रुपये की राशि रिमोट का बटन दबाकर हस्तांतरित की। इसके पूर्व एक करोड़ 50 लाख लाभुक महिलाओं के खाते में 15 हजार 600 करोड़ रुपये की राशि हस्तांरित की जा चुकी है। अब कुल मिलाकर एक करोड़ 81 लाख महिलाओं के खाते में 18 हजार 100 करोड़ रूपये की राशि हस्तांरित कर दी गई है। मुख्यमंत्री श्री कुमार ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि बहुत खुशी की बात है कि आज 'महिला रोजगार योजना के तहत अपनी पसंद का रोजगार करने के लिए 25 लाख महिलाओं को दस-दस हजार रुपये की सहायता राशि भेजी जा रही है। उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर एक करोड़ 81 लाख महिलाओं को इसका फायदा मिल जायेगा। इस योजना में दी गयी सहायता से काफी संख्या में महिलाओं ने अपनी पसंद का रोजगार शुरू किया है। उन्होंने बताया कि जो महिलाएं अपना रोजगार अच्छे से करेंगी, उन्हें आगे दो लाख रुपये तक की सहायता दी जायेगी। उन्होंने कहा कि अब इसके बाद जो परिवार बचे हैं, उनको भी जल्द ही सहायता राशि दे दी जायेगी। इससे राज्य के सभी परिवारों की महिलाओं को काफी फायदा होगा। मुख्यमंत्री श्री कुमार ने कहा कि सरकार ने शुरू से ही महिला सशक्तीकरण पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि पहले बिहार में स्वयं सहायता समूह की संख्या बहुत कम थी। वर्ष 2006 में विश्व बैंक से कर्ज लेकर राज्य में स्वयं सहायता समूह का गठन किया जिसे 'जीविका नाम दिया। उन्होंने कहा कि उन्हें विश्वास है कि सभी महिलाओं को इस 10 हजार रुपये की राशि से अपना काम शुरू करने में काफी मदद मिलेगी। इससे उनका परिवार खुशहाल होगा तथा बिहार का और तेजी से विकास होगा। सरकार सभी लोगों के विकास के लिये लगातार काम कर रही है। केन्द्र सरकार का भी राज्य के विकास में पूरा सहयोग मिल रहा है। गौरतलब है कि अगले पांच वर्षों (2025-2030) में विकास की गति को और तेज करने के लिए 'सात निश्चय-3' का गठन किया गया है। इसके अंतर्गत अगले 5 वर्षों में पहले निश्चय 'दोगुना रोजगार-दोगुनी आय' के तहत राज्य की प्रति व्यक्ति औसत आय को दोगुना करने का लक्ष्य रखा गया है तथा इसके लिए मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत हर परिवार की एक महिला को 10 हजार रूपये तक की सहायता दी जा रही है।

# नेहरू प्लेस में 6 मंजिला मल्टी लेवल पार्किंग का उद्घाटन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**


नई दिल्ली। दिल्ली के नेहरू प्लेस में पार्किंग समस्या के समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। सोमवार को यहां मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना की उपस्थिति में 6 मंजिला मल्टी लेवल पार्किंग का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी, निगम पार्षद योगिता सिंह, राजपाल, जिलाध्यक्ष माया बिष्ट सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि नेहरू प्लेस का नवनिर्मित छह मंजिला पार्किंग यहां आने वाले लोगों के लिए अत्याधुनिक पार्किंग सुविधा प्रदान करेगा। उन्होंने रिकॉर्ड समय में इसे बनाकर तैयार करने के लिए दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली में पार्किंग की समस्या के समाधान के लिए सभी एजेंसियां मिलकर काम कर रही हैं। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की पार्किंग पर अनेकों नए प्रोजेक्ट बनाने की दिशा में काम आगे बढ़ रहा है। डीडीए अपना काम कर रही है और दिल्ली सरकार भी हर जगह पार्किंग सुव्यवस्थित हो, ट्रैफिक कंजेशन कम हो और सड़कों पर ट्रांसपोर्टेशन सुचारु रूप से चल सके, इस दिशा में कार्य कर रही है। रेखा गुप्ता ने कहा कि यह मल्टी लेवल पार्किंग पूरी तरह भूकंपरोधी है, हर जगह सीसीटीवी से लैस है, ईवी चार्जिंग की सुविधा है और दिव्यांगजनों के लिए भी पूरी तरह अनुकूल है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की लीगेसी समस्याओं का समाधान अब तेजी से हो रहा है। दिल्ली को जो आधुनिक सुविधाएं चाहिए, उन्हें मिशन मोड में विकसित किया जा रहा है। अब यहां आने वाले हजारों लोगों को पार्किंग के लिए भटकना नहीं पड़ेगा और इस पूरे इलाके में ट्रैफिक जाम से भी राहत मिलेगी।

# पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को अस्पताल से छुट्टी मिली

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



चंडीगढ़। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को सोमवार को मोहाली के फोर्टिस अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। उन्हें थकान महसूस होने पर एक दिन पहले अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल से छुट्टी मिलने से पहले मान ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''आम आदमी पार्टी द्वारा आज मोगा के पास किल्ली चाहलां गांव में एक विशाल रैली आयोजित की जा रही है। दोस्तों, आपसे वहीं मिलते हैं। आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार नशा-विरोधी अभियान 'युद्ध नशियां विरुद्ध' के तहत मोगा में राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित कर रही है। इस कार्यक्रम में आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल, राज्य के मंत्री और पार्टी के अन्य नेता शामिल होंगे। रविवार को थकान महसूस होने पर मान को मोहाली के फोर्टिस अस्पताल में जांच के लिए भर्ती कराया गया था। अस्पताल के अधिकारियों ने कहा था कि मान की हालत स्थिर है। रविवार को तबीयत खराब होने के बाद मान को संगरूर से मोहाली लाया गया था। महाशिवरात्रि के अवसर पर केजरीवाल के साथ मान प्रार्थना करने संगरूर के धूरी में श्री रणकेश्वर महादेव शिव मंदिर गए थे।

# बिहार विधानसभा के बजट सत्र में इथेनॉल, पत्रकार पेंशन और नशे का मुद्दा उठा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पटना। बिहार विधानसभा के बजट सत्र में सोमवार को इथेनॉल खरीद, पत्रकार पेंशन और सुखा नशा जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। जनता दल यूनाइटेड (जदयू)के विधायक श्याम रजक ने इथेनॉल प्लांट से इथेनॉल खरीद का मुद्दा उठाते हुए कहा कि प्लांट के बंद होने का खतरा उत्पन्न हो गया है। उन्होंने कहा कि जब अन्य राज्यों में अधिक इथेनॉल खरीदा जा रहा है, तब बिहार का कोटा आधा कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार स्वयं बक्सर इथेनॉल प्लांट गए थे, इसके बावजूद समस्या बरकरार है। प्लांट बंद होने की स्थिति में मजदूरों के बेरोजगार होने की आशंका जताई गई। इस पर उद्योग मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने जवाब देते हुए कहा कि अनुबंध के तहत 1060 किलोलीटर प्रतिदिन इथेनॉल उत्पादन की बाध्यता थी, लेकिन उत्पादन 1602 किलोलीटर प्रतिदिन से अधिक होने लगा। सरकार 1060 किलोलीटर लेने के लिए बाध्य है, फिर भी इस संबंध में केंद्र सरकार को पत्र लिखा गया है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के विधायक अजय कुमार ने पत्रकार पेंशन नियमावली 2015 का मुद्दा उठाया। जवाब में मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि न्यूनतम सेवा अवधि के आधार पर ही पेंशन दी जाती है और कई राज्यों की तुलना में बिहार में अधिक पेंशन दी जा रही है। अजय कुमार ने कहा कि वर्तमान में केवल 75 पत्रकारों को पेंशन मिल रही है, जबकि पात्र पत्रकारों की संख्या अधिक है। इस पर मंत्री ने कहा कि अधिकांश पत्रकारों के पास 20 वर्ष का अनुभव नहीं है। सरकार इस विषय पर नई समिति बनाकर विचार करेगी। सहरसा से विधायक इंद्रजीत प्रसाद गुप्ता ने भी राज्य में बढ़ते सुखा नशे के मामलों पर प्रश्न उठाया और कहा कि 14 से 25 वर्ष आयु वर्ग के युवा इसकी चपेट में आ रहे हैं। इस पर उपमुख्यमंत्री सह गृह मंत्री सम्राट चौधरी ने जवाब दिया कि सरकार सुखा नशे के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के निर्देश पर नारकोटिक्स विभाग का गठन किया गया है। बिहार की सीमाओं पर एक उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) स्तर के अधिकारी की नियुक्ति की जा रही है। उन्होंने कहा कि सुखा नशे के खिलाफ हर हाल में कार्रवाई जारी रहेगी।



# फिल्लौर में जानवर से युवक का कुकर्म की खबरों पर आयोग ने मांगी रिपोर्ट

फगवाड़ा। पंजाब राज्य अनुसूचित जाति आयोग ने फिल्लौर से सामने आयी एक बेहद परेशान करने वाली घटना का स्वतः संज्ञान लिया है, जहां कथित तौर पर एक बौद्धिक रूप से अक्षम दलित युवक के साथ एक जानवर का इस्तेमाल करके यौन शोषण किया गया। सोशल मीडिया पर एक वीडियो के वायरल होने और मीडिया के कुछ हिस्सों में प्रकाशित खबरों के बाद यह मामला आयोग के संज्ञान में आया।

आयोग के अध्यक्ष जसवीर सिंह गढ़ी ने सोमवार को बताया कि आयोग ने इस मामले में जालंधर ग्रामीण पुलिस के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह विर्क को 19 फरवरी तक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। आयोग ने यह भी निर्देश दिया है कि स्थिति रिपोर्ट दो प्रतियों में प्रस्तुत की जाये, एक मूल प्रति और एक फोटोकॉपी और उपाधीक्षक भरत मसीह स्वयं आयोग के कार्यालय में उपस्थित होकर अपने निष्कर्ष प्रस्तुत करें।

# लूट के दो मामलों में भगोड़ा गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने दो अलग-अलग लूट मामलों में भगोड़े को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान बुराड़ी निवासी मंगलू उर्फ मंगू (35) के रूप में हुई है। आरोपित को दोनों मामलों में अदालत द्वारा भगोड़ा घोषित किया गया था। क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त हर्ष इंदौरा ने सोमवार को बताया कि वर्ष 2015 और 2024 में संबंधित अदालतों ने मंगलू को भगोड़ा करार दिया था। पुलिस के मुताबिक, 4 जुलाई 2011 को आरोपित ने अपने दो साथियों के साथ बुराड़ी इलाके में एक मकान में जबरन घुसकर परिवार को डराया-धमकाया और नकदी व जेवरात लूट लिए थे। इसके बाद 3 दिसंबर 2011 को उसने एक अन्य वारदात में चाकू की नोक पर मोबाइल फोन लूट लिया था। दोनों घटनाओं के बाद से वह लगातार फरार चल रहा था।

# एशियाई विकास बैंक के साथ बिहार की अहम रणनीतिक बैठक

**■ बुनियादी ढांचा, कौशल और विनिर्माण विकास पर फोकस**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



पटना। बिहार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में सोमवार को एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के साथ एक महत्वपूर्ण रणनीतिक बैठक आयोजित की गई। इस उच्चस्तरीय बैठक में राज्य सरकार के वित्त, शिक्षा, जल संसाधन, कृषि, नगर विकास एवं आवास, नागरिक विमानन, पथ निर्माण, उद्योग, पर्यटन तथा युवा रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने कहा कि बिहार आर्थिक और बुनियादी ढांचे के विकास के क्षेत्र में बड़ी छलांग लगाने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि एडीबी के साथ साझेदारी राज्य के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने एडीबी टीम को आश्वस्त किया कि प्रस्तावित परियोजनाओं पर शीघ्र विचार कर राज्य सरकार ठोस कार्ययोजना तैयार करेगी। बैठक के दौरान भारत के लिए एडीबी की कंट्री डायरेक्टर मियो ओका ने विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया। इस प्रस्तुतीकरण में बिहार सरकार के साथ संभावित सहयोग के कई प्रमुख क्षेत्रों पर चर्चा की गई। इनमें बौद्ध सर्किट का व्यापक विकास, जल संसाधन और कृषि क्षेत्र में परिवर्तन, कौशल विकास परियोजनाएं, चयनित शहरों में शहरी बुनियादी ढांचे का सुदृढ़ीकरण तथा ऊर्जा क्षेत्र से संबंधित योजनाएं शामिल हैं। इसके साथ ही स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा क्षेत्र में सुधार से जुड़ी परियोजनाओं पर भी विचार किया गया। बैठक में भविष्य की प्राथमिकताओं पर विशेष ध्यान दिया गया। इसमें महिलाओं पर केंद्रित एमएसएमई विकास, विनिर्माण क्षेत्र की प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाना, लॉजिस्टिक्स प्रणाली को मजबूत करना तथा सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन में सुधार जैसे मुद्दे प्रमुख रहे। साथ ही, पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल को बढ़ावा देने और स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए 'स्कूल रेडीनेस गैप' को कम करने पर भी चर्चा हुई। इसके अतिरिक्त गया और मुजफ्फरपुर में एकीकृत औद्योगिक क्लस्टर विकसित करने की योजना पर भी विचार किया गया।

# भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने पताही एयरपोर्ट रनवे के लिए 43 करोड़ का टेंडर किया जारी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

मुजफ्फरपुर। उत्तर बिहार की आर्थिक राजधानी मुजफ्फरपुर के पताही एयरपोर्ट के विकास की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) ने रनवे के उन्नयन और सुदृढ़ीकरण के लिए लगभग 43 करोड़ रुपये का टेंडर जारी किया है। लंबे समय से नियमित हवाई सेवा की प्रतीक्षा कर रहे जिलेवासियों के लिए यह महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है। जारी टेंडर के तहत रनवे को मजबूत बनाने, आधुनिक तकनीकी मानकों के अनुरूप अपग्रेड करने और आवश्यक मरम्मत कार्य किए जाएंगे। विशेषज्ञों के अनुसार, इस परियोजना के पूरा होते ही एयरपोर्ट को परिचालन के लिए तैयार करने की दिशा में सबसे बड़ी बाधा दूर हो जाएगी। लंबे समय से उपेक्षित पड़ी पताही हवाई पट्टी को अब आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा, जिससे विमानों की सुरक्षित लैंडिंग और टेक-ऑफ सुनिश्चित हो सके। टेंडर जारी होने की सूचना मिलते ही स्थानीय व्यापारियों, सामाजिक संगठनों और आम लोगों में उत्साह देखा जा रहा है। मुजफ्फरपुर को 'लीची की राजधानी' के रूप में भी जाना जाता है। एयरपोर्ट के चालू होने से लीची के निर्यात को नई गति मिलने के साथ-साथ कपड़ा और अन्य स्थानीय उद्योगों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार तक सीधी पहुंच मिल सकेगी। एयरपोर्ट के शुरू होने से सीतामढ़ी और शिवहर जैसे आसपास के जिलों के यात्रियों को भी बड़ी राहत मिलेगी। उन्हें अब हवाई यात्रा के लिए पटना या दरभंगा जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

# यूजीसी गाइडलाइन और निष्कासन आदेश के खिलाफ जेएनयूएसयू ने किया प्रदर्शन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




नई दिल्ली। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्रसंघ (जेएनयूएसयू) ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के परामर्श को लागू करने और छात्रों के निष्कासन आदेशों को रद्द करने जैसे मुद्दों पर विश्वविद्यालय परिसर में रविवार रात छात्रों ने चेतावनी रैली निकाल के विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहें छात्रों ने अपने हाथों में बड़ा पोस्टर पकड़ रखा था, जिसमें चेतावनी रैली लिखा था। इसके साथ ही छात्रों ने नारेबाजी भी की। उल्लेखनीय है कि, विश्वविद्यालय प्रशासन ने हाल के वर्षों की सबसे सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए जेएनयूएसयू अध्यक्ष अदिति मिश्रा, उपाध्यक्ष गोपिका के. बाबू, महासचिव सुनील यादव और संयुक्त सचिव दानिश अली को दो सेमेस्टर के लिए निष्कासित कर दिया था। पूर्व अध्यक्ष नीतीश कुमार पर भी कार्रवाई की गई है। प्रशासन का आरोप है कि 21 नवंबर, 2025 को डॉ. बीआर अम्बेडकर केंद्रीय पुस्तकालय में लगाए गए फ़ेस रिकॉग्निशन आधारित एक्सेस गेट्स को नुकसान पहुंचाया गया था। इन गेट्स की स्थापना लगभग 20 लाख की लागत से की गई थी। विश्वविद्यालय प्रशासन ने नीतीश कुमार पर 20,000 का जुर्माना भी लगाया है और सभी संबंधित छात्रों को तत्काल प्रभाव से पूरे परिसर से बाहर घोषित कर दिया है। छात्रसंघ ने इस कार्रवाई की निंदा करते हुए कहा कि यह कदम यूजीसी प्रमोशन ऑफ इक्विटी रेगुलेशन, 2026 के निलंबन के खिलाफ प्रस्तावित विरोध से पहले छात्रों की आवाज दबाने की कोशिश है।

# नैनीताल और उत्तरकाशी के जिला न्यायालयों को बम से उड़ाने की धमकी, जांच में नहीं मिला विस्फोटक

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड के उत्तरकाशी व नैनीताल जिलों के न्यायालय परिसरों को बम से उड़ाने की धमकीभरा ईमेल मिलने के बाद पुलिस-प्रशासन अलर्ट हो गया है। सोमवार को संबंधित जिलों में न्यायालय परिसरों और अन्य संवेदनशील स्थलों पर सघन तलाशी अभियान चलाया गया। कहीं भी विस्फोटक सामग्री नहीं मिली है। इसके साथ ही सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। राज्य मुख्यालय देहरादून से सभी जिलों के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों को सतर्क रहने और सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा के निर्देश जारी किए गए हैं। सार्वजनिक स्थलों, बस अड्डों, रेलवे स्टेशनों और न्यायालय परिसरों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि धमकी की सत्यता की जांच की जा रही है। साइबर सेल ईमेल और संदेशों की तकनीकी पड़ताल में जुटी है ताकि प्रेषक की पहचान की जा सके। फिलहाल किसी भी स्थान पर विस्फोटक सामग्री मिलने की पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध वस्तु या गतिविधि की सूचना तत्काल नजदीकी थाने को दें और अफवाहों पर ध्यान न दें। नैनीताल में शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) सुशील कुमार शर्मा ने बताया कि सुबह ईमेल मिलने के बाद तत्काल पुलिस को सूचित किया गया। इस ईमेल में न्यायाधीश कक्ष में विस्फोटक लगाए जाने का दावा किया गया था। जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल डॉ. मंजुनाथ टीसी को इसकी जानकारी दी। इसके बाद पुलिस, बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वॉड ने जिला एवं सत्र न्यायालय नैनीताल, हल्द्वानी जजी न्यायालय और रामनगर न्यायालय परिसर में सघन तलाशी ली, लेकिन कई घंटे की जांच के बाद किसी भी प्रकार की संदिग्ध वस्तु या विस्फोटक सामग्री बरामद नहीं हुई। इस संबंध में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. मंजुनाथ टीसी ने बताया कि धमकी प्रथमदृष्टया सामान्य प्रकृति की प्रतीत हो रही है। पुलिस ईमेल के स्रोत की तकनीकी जांच कर रही है। उत्तरकाशी जिला न्यायालय को बम से उड़ाने की धमकी भरा ईमेल सोमवार सुबह मिलने के बाद कोर्ट परिसर में हड़कंप मच गया। जिला जज ने इसकी जानकारी तुरंत पुलिस अधीक्षक उत्तरकाशी कमलेश उपाध्याय को दी। इस पर पुलिस ने अधिवक्ताओं, कर्मचारियों और आमजन को सुरक्षित बाहर निकाला और एहतियातन पूरा परिसर खाली कराया। इसके पुलिस बल ने सघन तलाशी अभियान शुरू किया गया। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक कमलेश उपाध्याय ने बताया कि एहतियातन न्यायालय परिसर को खाली कराकर तलाशी ली गई। कोतवाली प्रभारी भावना कैंथोला ने बताया कि प्रारंभिक तलाशी में अब तक कोई संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई है। न्यायालय परिसर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।



चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063